हिंदी दैनिक

# नागपुर मेट्रो समाचार

BCN GROUP

RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 | P.NO : NPCITY/516/2021-2023 | नागपुर, शुक्रवार, 13 दिसंबर 2024 | अंक 61 | वर्ष 6 | पृष्ठ 8+4 | कीमत 3/-



शिवशंकर आयुर्वेदिक

क्या आप स्वास्थ्य से परेशान हो ?

सर्दी खासी सिनेमाईटिस ❋ ॲलर्जिक राईनिटिस ❋ क्रॉनिक ब्रॉन्काईटिस ❋ इस्नोफिलीया ❋ ब्रॉनकियल बॉनकाईटस ❋ कॉस्युलमानेल (कार्डियल) पर Dr. B.A.M.S., M.D. अनुभवी चिकित्सक द्वारा चिकित्सा उपचार किया जाता है।

तथा दमा, अस्थमा, एलर्जी / सभी प्रकार के वात रोग/ लखवा/ स्त्रिरोग/ पुरूष के शुक्राणू दोष/ निसंतान/ किडनी स्टोन/ डायबिटीज से परेशान/ वेट लॉस/ वेट गेन/पिंपल्स/ फ्रेअरनेस/ स्किन प्रॉब्लेम/ पाईल्स/ एवं अन्य बिमारीयों पर भी उपचार किया जाता है।

नागपूर का भव्य शोरूम महाजन मार्केट के पास, टेम्पल बाजार, सिताबर्डी, नागपूर.

फोन : 9112079000 / 8605245080

आयुर्वेदिक दवाईया तथा जडीबुटीयों का विशाल भंडार

# फिलहाल दायर नहीं होगा धार्मिक स्थल से जुड़ा नया मुकदमा

### सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला

### लंबित मामलों में सर्वेक्षण पर भी लगाई पाबंदी

### केंद्र से 4 हफ्ते में जवाब तलब

**नई दिल्ली।**

सुप्रीम कोर्ट ने एक ऐतिहासिक फैसला लेते हुए देशभर में धार्मिक स्थलों से संबंधित कानूनी कार्यवाही पर रोक लगा दी है। इस निर्णय के तहत धार्मिक संरचनाओं के विवादित मामलों में किसी भी तरह की नई याचिका दायर नहीं की जा सकेगी। न ही मौजूदा मामलों में किसी तरह की कार्यवाही या निर्णय होगा। यह कदम सुप्रीम कोर्ट द्वारा पूजा स्थल अधिनियम 1991 की संवैधानिकता को चुनौती देने वाली याचिकाओं की सुनवाई के दौरान उठाया गया।

यह अधिनियम धार्मिक स्थलों के 15 अगस्त 1947 की स्थिति को बरकरार रखने का प्रावधान करता है। इस कानून का उद्देश्य धार्मिक स्थलों के चरित्र में किसी भी बदलाव को रोकना और ऐसे मामलों में नए मुकदमे दायर करने पर प्रतिबंध लगाना है। इस अधिनियम को चुनौती देने वाले प्रमुख याचिकाकर्ता अश्विनी उपाध्याय ने इसे न्याय तक पहुंच में बाधा बताते हुए इसकी आलोचना की। उन्होंने वक्फ अधिनियम का उदाहरण देते हुए कहा कि उसमें वक्फ न्यायाधिकरणों और बोर्डों जैसी वैकल्पिक व्यवस्था है। लेकिन पूजा स्थल अधिनियम में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है। उपाध्याय ने यह भी कहा कि धार्मिक स्थलों के मूल धार्मिक चरित्र को साबित करने के लिए जांच और सर्वेक्षण आवश्यक हैं। उनका कहना है कि सिर्फ दिखावट के आधार पर इन स्थलों की ऐतिहासिक और धार्मिक पहचान का



निर्धारण नहीं किया जा सकता।

उन्होंने देश के 18 धार्मिक स्थलों पर सर्वेक्षण की अनुमति देने की मांग की। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ ने आदेश देते हुए स्पष्ट किया कि कोई नया मुकदमा दर्ज नहीं किया जा सकता। मौजूदा मामलों में किसी भी तरह की कार्यवाही नहीं होगी। किसी भी मामले में अंतरिम या निर्णायक निर्णय नहीं दिया जाएगा। यह फैसला न्यायमूर्ति पीवी संजय कुमार और केवी विश्वनाथन की मौजूदगी वाली पीठ ने दिया। केंद्र सरकार को इन याचिकाओं पर जवाब दाखिल करने के लिए चार सप्ताह का समय दिया गया है। सरकार को यह बताना होगा कि पूजा स्थल अधिनियम के प्रावधान जो 1947 की स्थिति के आधार पर धार्मिक स्थलों के चरित्र में बदलाव से संबंधित कानूनी कार्रवाई को रोकते हैं। संविधान के अनुरूप हैं या नहीं। सुप्रीम कोर्ट के इस निर्देश ने पूजा स्थल अधिनियम की संवैधानिकता और धार्मिक स्थलों की कानूनी स्थिति पर व्यापक चर्चा छेड़ दी है। यह निर्णय भारतीय समाज में धार्मिक पहचान, ऐतिहासिक प्रामाणिकता और कानूनी अधिकारों के बीच संतुलन स्थापित करने की चुनौती को उजागर करता है। अब सभी की नजर केंद्र सरकार के जवाब और सुप्रीम कोर्ट की अगली सुनवाई पर है। यह फैसला भारत की सांस्कृतिक विरासत और धार्मिक स्थलों की सुरक्षा के संदर्भ में दूरगामी प्रभाव डाल सकता है।

### किस-किस ने दायर की याचिका?

ये याचिकाएं काशी राजघराने की पुत्री महाराजा कुमारी कृष्ण प्रिया, भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी, पूर्व सांसद चिंतामणि मालवीय, रिटायर सेना अधिकारी अनिल काबोत्रा, अधिवक्ता चंद्रशेखर, वाराणसी निवासी रुद्र विक्रम सिंह, धार्मिक नेता स्वामी जीतेंद्रानंद सरस्वती, मथुरा निवासी देवकीनंदन ठाकुर जी और धार्मिक गुरु और अधिवक्ता अश्विनी उपाध्याय सहित अन्य ने दायर की हैं।

### बहस के व्यापक पहलू

अश्विनी उपाध्याय ने अपने तर्क में धार्मिक स्थलों की ऐतिहासिक प्रामाणिकता और राष्ट्रीय संप्रभुता का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि यह धार्मिक पहचान को बदलने का नहीं, बल्कि ऐतिहासिक सत्य को बहाल करने का मामला है। इस आदेश ने धार्मिक स्थलों से जुड़े विवादों और उनकी ऐतिहासिकता पर संवेदनशील बहस को जन्म दिया है।

## डी गुकेश बने सबसे युवा वर्ल्ड चेस चैंपियन

< लिरेन को हराकर रचा इतिहास



**नई दिल्ली।** भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने वर्ल्ड शतरंज चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम कर लिया है। गुकेश गुरुवार 12 दिसंबर को 14वीं और अंतिम बाजी में चीन के डिंग लिरेन को हराकर सबसे युवा शतरंज विश्व चैंपियन बने। उनकी उम्र महज 18 साल है। भारतीय ग्रैंडमास्टर सिंगापुर में हुए रोमांचक 14वीं और आखिरी बाजी में गत चैंपियन को हराकर विश्व विजेता बने। गुकेश ने 14 बाजी के इस मुकाबले की आखिरी क्लासिकल बाजी जीतकर लिरेन के 6.5 के मुकाबले जरूरी 7.5 अंक के साथ खिताब जीता। यह बाजी हालांकि अधिकांश समय ड्रॉ की ओर जाती दिख रही थी। गुरुवार को गुकेश की खिताबी जीत से पहले रूस के दिग्गज गैरी कास्पारोव सबसे कम उम्र के विश्व शतरंज चैंपियन थे जिन्होंने 1985 में अनातोली कार्पोव को हराकर 22 साल की उम्र में खिताब जीता था। गुकेश इस साल की शुरुआत में कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतने के बाद विश्व खिताब के लिए चुनौती पेश करने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने थे। वह दिग्गज विश्वनाथन आनंद के बाद वैश्विक खिताब जीतने वाले दूसरे भारतीय हैं। पांच बार के विश्व चैंपियन आनंद ने अपना आखिरी खिताब 2013 में जीता था।

## खबरें! एक नजर में!!

### पीएम मोदी का आज प्रयागराज दौरा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज उत्तर प्रदेश के प्रयागराज का दौरा करेंगे। जहां वह 6,670 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। साथ ही पीएम मोदी इस दौरान संगम तट पर पूजा-अर्चना और दर्शन करेंगे। इसके अलावा वह महाकुंभ प्रदर्शनी स्थल का दौरा करेंगे. प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने गुरुवार को एक बयान में यह जानकारी दी है।

### यूपीएससी परीक्षा का नोटिफिकेशन जारी

**नई दिल्ली।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने एनडीए और एनए परीक्षा के लिए नोटिफिकेशन जारी कर दिया गया है। जारी अधिसूचना के मुताबिक, कंबाइंड डिफेंस सर्विस एग्जामिनेशन 2024 (I) और नेशनल डिफेंस एकेडमी, नेवल एकेडमी (I) भर्ती परीक्षा के लिए आवेदन फॉर्म 31 जनवरी, 2024 तक स्वीकार किए जाएंगे। इच्छुक और योग्य उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर एप्लीकेशन फॉर्म भरे जाएंगे।

### मुश्किल में महाराष्ट्र के पूर्व डीजीपी पांडे

**मुंबई।** महाराष्ट्र के पूर्व डीजीपी और पूर्व पुलिस कमिश्नर संजय पांडे की मुश्किलें बढ़ने वाली हैं। दरअसल, जबरन वसूली के मामले में ठाणे पुलिस ने उनके बयान दर्ज किए हैं। संजय पांडे बुधवार शाम को पुलिस के सामने पेश हुए थे।बता दें कि पूर्व डीजीपी के अलावा 6 अन्य लोगों पर जबरन वसूली का आरोप है। पांडे करीब तीन घंटे तक क्राइम ब्रांच के दफ्तर में रहे। पूछताछ के बाद उन्हें जाने दिया गया।

### नीट पीजी 2025 परीक्षा की डेट घोषित

**नई दिल्ली।** नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन, मेडिकल साइंसेज (एनबीईएमएस) में नीट पीजी 2025 परीक्षा की संभावित डेट घोषित कर दी है। एग्जाम का आयोजन देश भर में 15 जून 2025 को किया जएगा। वहीं बोर्ड ने नीट पीजी के लिए इंटर्नशिप पूरी करने की डेट भी जारी कर दी है। इंटर्नशिप पूरी होने की तारीख 31 जुलाई 2025 निर्धारित की गई है। नीट पीजी परीक्षा में में लगभग दो लाख एमबीबीएस पास स्टूडेंट्स हर साल शामिल होते हैं.

### आईआईटी दिल्ली देश में नंबर वन

**नई दिल्ली।** वैश्विक उच्च शिक्षा विश्लेषक कंपनी क्वाक्वेरेली साइमंड्स की ओर से जारी क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी सस्टेनेबिलिटी रैंकिंग में आईआईटी दिल्ली ने भारत में पहला स्थान हासिल किया है, कनाडा की टोरंटो यूनिवर्सिटी शीर्ष विश्वविद्यालय के रूप में उभरी है। भारत के कुल 78 विश्वविद्यालय रैंकिंग में शामिल हुए हैं, जिसमें देश के शीर्ष 10 संस्थानों में से 9 ने इस वर्ष अपनी रैंकिंग में सुधार किया है और 21 नए संस्थान रैंकिंग में शामिल हुए हैं।

### दिल्ली में जिम ट्रेनर पर ताबड़तोब फायरिंग

**नई दिल्ली।** दिल्ली के त्रिलोकपुरी मे बदमाशों ने दोस्तों के साथ आग सेंक रहे एक युवक पर गोलीबारी कर दी। इस घटना में पीड़ित को पांच गोलियां लगी हैं और उसे गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया। युवक का इलाज जारी है, लेकिन उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। वहीं, बदमाश गोलीबारी करने के बाद फरार हो गए थे। पुलिस ने रोहित और राहुल नाम के दो शूटर को गिरफ्तार किया है।

# मोदी-शाह से मिले फडणवीस

### महाराष्ट्र कैबिनेट का फॉर्मूला तय

**नई दिल्ली।**

महाराष्ट्र में 5 दिसंबर को सरकार गठन के 9 दिन बाद शनिवार को मंत्रिमंडल का विस्तार होगा। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि कैबिनेट विस्तार का फॉर्मूला तय हो गया है। डिप्टी सीएम अजित पवार ने बताया कि 14 दिसंबर को कैबिनेट का विस्तार होगा। विभागों के बंटवारे पर अभी फैसला नहीं हुआ है। फडणवीस ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद में मुलाकात की। फडणवीस ने बुधवार देर रात और पवार ने गुरुवार सुबह गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे दिल्ली नहीं पहुंचे। फडणवीस ने बताया कि शाह के साथ मीटिंग के दौरान मंत्रिमंडल पर चर्चा की गई।



सूत्रों के मुताबिक, शाह-फडणवीस की मुलाकात के दौरान करीब-करीब महाराष्ट्र सरकार में मंत्री पद के बंटवारे का फॉर्मूला तय हो गया है। भाजपा को 20, शिवसेना को 12 और एनसीपी को 10 मंत्री पद दिए जा सकते हैं। राज्य में सीएम समेत कुल 43 मंत्री हो सकते हैं। मंगलवार रात सीएम फडणवीस, डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे और अजीत पवार ने करीब डेढ़ घंटे तक बैठक की। इस बैठक में मंत्रिमंडल के गठन, विभागों के बंटवारे, विभिन्न जिलों के प्रभारी मंत्रियों, निगमों के अध्यक्षों की नियुक्ति पर चर्चा हुई। पूर्व कैबिनेट मंत्री दिलीप वलसे पाटिल ने इस बैठक के बाद कहा था कि कैबिनेट में किसे शामिल किया जाएगा और किसे नहीं यह फैसला सीएम फडणवीस करेंगे।

### गृह मंत्रालय को लेकर मंत्रिमंडल विस्तार अटका

सूत्रों के मुताबिक, शिंदे सरकार में डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस के पास ही गृह मंत्रालय था। वो इस मंत्रालय को छोड़ना नहीं चाहते हैं। उधर शिंदे गुट का तर्क है कि अगर डिप्टी सीएम का पद हमें मिल रहा है तो गृह मंत्रालय भी उन्हें ही मिलना चाहिए। भाजपा गृह, राजस्व, उच्च शिक्षा, कानून, ऊर्जा, ग्रामीण विकास अपने पास रखना चाहती है। उन्होंने शिवसेना को हेल्थ, शहरी विकास, सार्वजनिक कार्य, उद्योग ऑफर किया है। एनसीपी अजित गुट को वित्त, योजना, सहयोग, कृषि जैसे विभाग देने की पेशकश की है।

# परभणी हिंसा में 50 उपद्रवी गिरफ्तार

### स्मारक में तोड़-फोड़ का आरोपी मानसिक विक्षिप्त

**मुंबई।**

महाराष्ट्र के परभणी में हिंसा के बाद अब तक 8 मामले दर्ज किए गए हैं और 50 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। नांदेड़ के आईजी शाहजी उमाप ने बताया कि हिंसा के दौरान एक सब इंस्पेक्टर समेत 9 पुलिसकर्मियों को चोटें आई हैं। सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है। तोड़-फोड़ में शामिल सभी लोगों पर कार्रवाई की जाएगी।

शहर में दो दिन के तनाव के बाद शांति है। शहर में बुधवार से ही बीएनएस की धारा 187 (आईपीसी की धारा 144 की तरह) लागू है। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए राज्य रिजर्व पुलिस फोर्स की एक कंपनी बुलाई गई है।आईजी ने कहा कि आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और उसका इलाज चल रहा है। जांच के दौरान पता चला है कि उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। मैं घटना को ज्यादा तूल दिए बिना शांति बनाए रखने की अपील करता हूं।



### हिंसा हो रही, गृह मंत्री का पता नहीं: चतुर्वेदी

शिवसेना (यूबीटी) नेता प्रियंका चतुर्वेदी ने बुधवार को कहा कि चुनाव नतीजों के बाद महायुति को सीएम तय करने में 10-11 दिन लग गए। कैबिनेट मंत्रियों के बारे में अब-तक कोई जानकारी नहीं है। परभणी में हिंसा हो रही है और हमें पता ही नहीं है राज्य का गृह मंत्री कौन है। सीएम और डिप्टी सीएम दिल्ली में हैं, क्या राज्य सरकार दिल्ली से चलेगी। वहीं, डिप्टी सीएम अजित पवार ने गुरुवार को कहा कि परभणी में बुधवार रात से स्थिति नियंत्रण में है। वहां कानून व्यवस्था ठीक है।

मंगलवार को सोपन दत्ताराव पवार (45) नाम के व्यक्ति ने परभणी रेलवे स्टेशन के सामने आंबेडकर स्मारक में संविधान की रेप्लिका तोड़ने की कोशिश की थी। इसके बाद लोगों ने उसे बुरी तरह पीटा। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था। हालांकि, इसके बाद भी विरोध खत्म नहीं हुआ। घटना के खिलाफ बुधवार को बुलाए गए बंद के दौरान हिंसा भड़क गई। प्रदर्शनकारियों ने कलेक्टर ऑफिस में भी तोड़-फोड़ की।

## हाथरस के पीड़ित परिवार से फिर मिले राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस पार्टी के नेता राहुल गांधी आज एक बार फिर हाथरस पहुंचे। बता दें कि यहां हाथरस के पीड़ित परिवार से राहुल गांधी ने फिर से मुलाकात की। इसे लेकर राहुल गांधी ने एक्स पर बयान दिया। उन्होंने एक्स पर लिखा,"आज हाथरस जाकर 4 साल पहले हुई शर्मनाक और दुर्भाग्यपूर्ण घटना के पीड़ित परिवार से मिला। मुलाक़ात के दौरान उन्होंने जो बातें बताई उसने मुझे झकझोर कर रख दिया। पूरा परिवार आज भी डर के साए में जी रहा है। उनके साथ क्रिमिनल्स के जैसा व्यवहार किया जा रहा है। वे स्वतंत्र रूप से कहीं आ-जा नहीं सकते हैं - उन्हें हर समय बंदूक और कैमरों की निगरानी में रखा जाता है। राहुल गांधी ने एक्स पर आगे लिखा, भाजपा सरकार ने उनसे जो वादे किए थे, वे आज तक पूरे नहीं हुए हैं। न तो सरकारी नौकरी दी गई है और न ही उन्हें किसी दूसरी जगह घर देकर शिफ्ट करने का वादा पूरा किया गया है। पीड़ित परिवार को न्याय देने के बजाय, सरकार उन पर तरह-तरह से अत्याचार कर रही है। दूसरी तरफ़ आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं। इस परिवार की हताशा और निराशा भाजपा द्वारा दलितों के ऊपर किए जा रहे अत्याचार की सच्चाई को दिखाते हैं। लेकिन हम इस परिवार को यूं ही इनके हाल पर रहने को मजबूर नहीं होने देंगे। इन्हें न्याय दिलाने के लिए हम पूरी ताकत के साथ लड़ेंगे।

# 'एक देश एक चुनाव' बिल को मिली मंजूरी

### जल्द हो सकता है संसद में पेश

**नई दिल्ली।**

एक देश एक चुनाव' बिल को कैबिनेट की मंजूरी मिल गई है। सूत्रों के मुताबिक इसी सत्र में यह बिल पेश हो सकता है। बिल को विस्तृत चर्चा के लिए संयुक्त संसदीय समिति को भेजा जा सकता है। कैबिनेट एक देश एक चुनाव पर बनी रामनाथ कोविंद समिति की रिपोर्ट को स्वीकार कर चुकी है। सरकार चाहती है कि इस बिल पर आम राय बने। सभी हितधारकों से विस्तृत चर्चा हो।

जेपीसी सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से चर्चा करेगी. इसके साथ ही सभी राज्य विधानसभाओं के स्पीकरों को भी बुलाया जा सकता है।देश भर के प्रबुद्ध लोगों के साथ ही आम लोगों की राय भी ली जाएगी। एक देश एक चुनाव के फायदों, उसे



करने के तरीकों पर विस्तार से बात होगी। सरकार को उम्मीद है कि इस बिल पर आम राय बनेगी।

मोदी सरकार इस बिल को लेकर लगातार सक्रिय रही है। सरकार ने सितंबर 2023 में इस महत्वाकांक्षी योजना पर आगे बढ़ने के लिए पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अगुवाई में एक समिति का गठन किया था। कोविंद समिति ने अप्रैल-मई में हुए लोकसभा चुनाव की घोषणा से ठीक पहले मार्च में सरकार को अपनी सिफारिश सौंपी थी। केंद्र सरकार ने कुछ समय पहले समिति की सिफारिशों को स्वीकार कर लिया था। रिपोर्ट में 2 चरणों में चुनाव कराने की सिफारिश की गई थी। समिति ने पहले चरण के तहत लोकसभा और विधानसभा चुनाव कराने की सिफारिश की है। जबकि दूसरे चरण में स्थानीय निकाय के लिए चुनाव कराए जाने की सिफारिश की गई है।

191 दिनों तक विशेषज्ञों और स्टेकहोल्डर्स से विचार के बाद 18 हजार 626 पन्नों की रिपोर्ट दी गई। इसमें सभी राज्यों की विधानसभाओं का कार्यकाल बढ़ाकर 2029 तक करने का सुझाव दिया गया है, ताकि लोकसभा के साथ राज्यों के विधानसभा चुनाव कराए जा सकें. रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि नो कॉन्फिडेंस मोशन या हंग असेंबली की स्थिति में 5 साल में से बचे समय के लिए नए चुनाव कराए जा सकते हैं। पहले चरण में विधानसभा और लोकसभा चुनाव एक साथ कराए जाएं।

### एक देश एक चुनाव का मकसद

❍ एक देश एक चुनाव (वन नेशन, वन इलेक्शन) एक ऐसा प्रस्ताव है, जिसके तहत भारत में लोकसभा और राज्य में होने वाले विधानसभा चुनावों को एक साथ कराने की बात की गई है। यह बीजेपी के मेनिफेस्टो के कुछ जरूरी लक्ष्यों में भी शामिल है। चुनावों को एक साथ कराने का प्रस्ताव रखने का यह कारण है कि इससे चुनावों में होने वाले खर्च में कमी हो सकती है।

# इसरो को मिली बड़ी कामयाबी

### सी20 क्रायोजेनिक इंजन का सफलतापूर्वक परीक्षण



**बंगलूरू।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने गुरुवार को कहा कि उसका सीई20 क्रायोजेनिक इंजन सामान्य वातावरण परिस्थितियों में एक महत्वपूर्ण परीक्षण में सफल रहा है। इस तरह उसे एक बड़ी कामयाबी मिली है। इसरो के मुताबिक यह सफलता भविष्य के मिशन के लिए एक अहम कदम है। इसरो ने अपने बयान में कहा है कि 29 नवंबर को तमिलनाडु के महेंद्रगिरि स्थित 'इसरो प्रोपल्शन कॉम्प्लेक्स' में 100 नोजल क्षेत्र अनुपात वाले अपने सीई20 क्रायोजेनिक इंजन का समुद्र तल पर सफलतापूर्वक परीक्षण किया। इसरो के अनुसार 'लिक्विड प्रोपल्शन सिस्टम्स सेंटर' द्वारा विकसित स्वदेशी सीई20 क्रायोजेनिक इंजन 'लॉन्च व्हीकल मार्क-3' (एलवीएम-3) के ऊपरी चरण को ताकत प्रदान कर रहा है और इसे 19 टन के 'थ्रस्ट' स्तर पर संचालित करने के लिए योग्य बनाया गया है। इसने कहा कि इस इंजन ने अब तक छह एलवीएम3 मिशन के ऊपरी चरण को सफलतापूर्वक संचालित किया है। इसरो ने कहा, 'हाल में इंजन को गगनयान मिशन के लिए 20 टन के 'थ्रस्ट' स्तर के साथ सक्षम बनाया गया था, तथा भविष्य के सी32 चरण के लिए 22 टन के उन्नत 'थ्रस्ट' स्तर के लिए भी सक्षम बनाया गया था, ताकि एलवीएम3 प्रक्षेपण यान की पेलोड क्षमता को बढ़ाया जा सके। गगनयान इसरो का पहला मानवयुक्त मिशन है. अंतरिक्ष एजेंसी के अनुसार, इस परीक्षण के दौरान इंजन पुनः आरंभ करने की क्षमता के लिए आवश्यक 'इग्नाइटर' का प्रदर्शन भी किया गया। इसरो ने कहा, ''समुद्र तल पर सीई20 इंजन का परीक्षण करना काफी चुनौतीपूर्ण है, मुख्य रूप से उच्च क्षेत्र अनुपात नोजल के कारण, जिसका निकास दबाव लगभग 50 एमबार है. मिलिबार वायुमंडलीय दबाव को मापने की एक इकाई है और इसका उपयोग आमतौर पर मौसम विज्ञान में किया जाता है।

### छत्तीसगढ़ में सात उग्रवादी ढेर

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के दक्षिण अबूझमाड़ क्षेत्र में सुरक्षाबलों ने कम से कम सात नक्सलियों को मार गिराया है। यहां नक्सलियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ जारी है। नक्सल विरोधी सर्च अभियान के तहत मंगलवार 10 दिसंबर को नारायणपुर, दंतेवाड़ा, जगदलपुर, कोंडागांव जिले की डीआरजी के साथ एसटीएफ तथा सीआरपीएफ की संयुक्त पार्टी दक्षिण अबूझमाड़ क्षेत्र में रवाना हुई थी। गुरुवार 12 दिसंबर को तड़के तीन बजे संयुक्त सुरक्षा बलों की टीम और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ शुरू हुई।सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच रुक रुक कर मुठभेड़ जारी है। सर्च ऑपरेशन के दौरान अब तक 7 वर्दीधारी नक्सलियों के शव बरामद हुए हैं।

मुठभेड़ खत्म होने के बाद और नक्सलियों के शव मिल सकते हैं। अधिकारियों ने बताया कि आज तड़के तीन बजे जब सुरक्षाबल के जवान क्षेत्र में थे, तब नक्सलियों ने उनपर गोलीबारी शुरू कर दी। इसके बाद सुरक्षाबलों ने भी जवाबी कार्रवाई की। सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच रुक रुक कर मुठभेड़ जारी है।

CMYK

# आटे की कीमतों पर लगेगी लगाम

## सरकार ने लिया बड़ा फैसला



### 1,000 टन तक गेहूं का स्टॉक रखने की अनुमति

मंत्रालय ने कहा कि सभी गेहूं भंडारण संस्थाओं को गेहूं स्टॉक सीमा पोर्टल पर पंजीकरण करना और हर स्टॉक की स्थिति को अपडेट करना आवश्यक है. यदि संस्थाओं के पास स्टॉक निर्धारित सीमा से अधिक है, तो उन्हें अधिसूचना जारी होने के 15 दिन के भीतर अपनी मात्रा को निर्धारित स्टॉक सीमा तक लाना होगा. कोई भी संस्था जो पोर्टल पर पंजीकृत नहीं पाई जाती है या स्टॉक सीमा का उल्लंघन करती है, उसपर आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 के तहत उपयुक्त दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी. खाद्य मंत्रालय कीमतों को नियंत्रित करने और देश में आसान उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए गेहूं की स्टॉक स्थिति पर कड़ी नजर रख रहा है.

**नई दिल्ली.**

आम जनता की रोटी आने वाले दिनों में सस्ती हो सकती है. दरअसल, सरकार ने आटे की स्टॉक जमाखोरी रोकने और कीमतों में तेजी पर लगाम लगाने के लिए बड़ा फैसला लिया है. सरकार ने थोक विक्रेताओं, छोटे-बड़े खुदरा विक्रेताओं के लिए गेहूं का स्टॉक रखने के मानदंडों को और सख्त कर दिया है.

खाद्य मंत्रालय ने बयान में कहा, गेहूं की कीमतों को कम करने के निरंतर प्रयासों के तहत केंद्र सरकार ने 31 मार्च, 2025 तक लागू गेहूं की स्टॉक सीमा को बदलने का फैसला किया है. संशोधित मानदंडों के अनुसार, थोक विक्रेताओं को अब 2,000 टन के बजाय 1,000 टन तक गेहूं का स्टॉक रखने की अनुमति होगी. खुदरा विक्रेता प्रत्येक बिक्री केंद्र पर 10 टन के बजाय पांच टन का स्टॉक रख सकते हैं. जबकि बड़ी चेन के खुदरा विक्रेता प्रत्येक बिक्री केंद्र पर 10 टन के बजाय पांच टन गेहूं ही रख सकते हैं. प्रसंस्करणकर्ताओं को अप्रैल, 2025 तक शेष महीनों से गुणा करके अपनी मासिक स्थापित क्षमता के 60 प्रतिशत के बजाय 50 प्रतिशत को बनाए रखने की अनुमति दी जाएगी. गेहूं पर स्टॉक सीमा पहली बार 24 जून को लगाई गई थी और बाद में समग्र खाद्य सुरक्षा का प्रबंधन करने और जमाखोरी व सट्टेबाजी को रोकने के लिए नौ सितंबर को मानदंडों को कड़ा किया गया था.


# देश के 140 करोड़ लोगों को 'अजेय भारत' का विश्वास: शाह



**नई दिल्ली.**

साहस, शौर्य और बलिदान के बल पर बीएसएफ ने देश के 'फर्स्ट लाइन ऑफ़ डिफेंस' को मजबूत बनाया राजस्थान के जोधपुर में सीमा सुरक्षा बल के 60वें स्थापना दिवस समारोह परेड में बतौर मुख्य अतिथि अपनी उपस्थिति दर्ज करते हुए केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने यह स्पष्ट किया कि, 'देश के 140 करोड़ लोगों के मन में जो 'अजेय भारत' का विश्वास है, उसका पूरा श्रेय सीमा पर खड़े जवानों को जाता है।' प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के कुशल मार्गदर्शन में बीते कुछ वर्षों में आंतरिक सुरक्षा से लेकर सीमा सुरक्षा तक की दिशा में एक बड़ा परिवर्तन देखने को मिला है, और इस बात को पूरी दुनिया ने देखा है। 60 सालों से साहस, शौर्य और बलिदान के दम पर सीमा सुरक्षा बल ने न केवल देश की फर्स्ट लाइन ऑफ डिफेंस को ताकतवर बनाने का काम किया है, एक समय में 25 बटालियन से शुरू हुआ यह बल आज 193 बटालियन तक पहुँच गया है, जिसमें 2 लाख 70 हजार जवान की संख्या है जो विश्व का सबसे बड़ा सीमारक्षक बल है। सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने साल 2024 में भी जाली मुद्रा, नारकोटिक्स, घुसपैठ और वामपंथी उग्रवाद के खिलाफ लड़ने का अपना रिकॉर्ड अनेक अभियानों के माध्यम से बरकरार रखा है। देश की प्रथम रक्षा पंक्ति के रूप में 1,992 सीमा प्रहरियों ने अपने प्राणों की आहुति दी है और अब तक उनमें से 1,330 जवानों को पदक दिए गए हैं। इनमें 1 महावीर चक्र, 6 कीर्ति चक्र, 13 वीर चक्र, 13 शौर्य चक्र, 56 सेना मेडल और 1,241 पुलिस पदक शामिल हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरदर्शिता और अंत्योदय की राजनीति करने वाले गृह मंत्री अमित शाह के कार्यकाल में सीमावर्ती क्षेत्रों में मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण, सीमावर्ती गाँवों में कल्याणकारी योजनाओं का शत-प्रतिशत क्रियान्वयन और सीमा पर स्थित देश के प्रथम गाँवों में रेल, रोड़, वाटर-वे और तकनीक की दृष्टि से अच्छी कनेक्टिविटी स्थापित करने का काम जोर-शोर से किया जा रहा है। मोदी सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि 4,800 करोड़ रूपए के बड़े बजट के साथ शुरू किया गया वायब्रेंट विलेज प्रोग्राम है, जिसके तहत पलायन की समस्या से ग्रस्त सीमावर्ती गाँवों में कनेक्टिविटी, स्वास्थ्य सुविधाएँ, रोजगार और बुनियादी सुविधाएँ प्रदान की जा रही हैं। आयुष्मान सीएपीएफ के माध्यम से 41,21,443 जवानों और उनके परिजनों को आयुष्मान कार्ड दिए गए हैं। अब तक कुल 1,600 करोड़ रूपए के 14.83 लाख दावों का भुगतान किया जा चुका है। इसके साथ ही, 29,890 अस्पतालों में जवानों और उनके परिजनों के स्वास्थ्य की चिंता कैशलेस तरीके से की गई है। मोदी सरकार के नेतृत्व और अमित शाह के मार्गदर्शन में अमृतकाल में देश के सुरक्षाबलों के जवानों के कल्याण के लिए ढेर सारे कदम उठाए जा रहे हैं, जो किसी भी मौसम और किसी भी परिस्थिति में अपना सर्वस्व बलिदान देकर देश की रक्षा करने में जुटे रहते हैं।

# कोटक सिक्योरिटीज ने मार्केट आउटलुक किय जारी




**मुंबई.**

कोटक सिक्योरिटीज लिमिटेड ने आज 2025 के लिए अपनी मार्केट आउटलुक रिपोर्ट जारी की। इस रिपोर्ट में मैक्रो-इकोनॉमिक दृष्टिकोण के साथ-साथ इक्विटी, कमोडिटी और करेंसी आउटलुक को भी शामिल किया गया है, जिन पर निवेशक आने वाले साल में ध्यान दे सकते हैं। कोटक सिक्योरिटीज के एमडी और सीईओ, श्रीपाल शाह ने कहा, "भारत दुनिया की सबसे तेज़ी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक के रूप में अपनी स्थिति बनाए हुए है, जो इसे वैश्विक निवेशकों के लिए एक आकर्षक निवेश स्थान बनाता है। हम भारत की दीर्घकालिक विकास क्षमता पर पूरा भरोसा करते हैं, लेकिन इसके साथ ही हम निवेशकों को सतर्क आशावाद के साथ बाजार में दृष्टिकोण अपनाने की सलाह देते हैं। हमें उम्मीद है कि 2025 में इक्विटी बाजार को और गति मिलेगी और कमोडिटी अपने ऐतिहासिक उच्चतम स्तर को पार करेंगी। साथ ही, युवा निवेशकों का शेयर बाजार में शुरुआती निवेश के जरिए संपत्ति बनाने का बढ़ता रुझान बाजार की ग्रोथ में योगदान देगा। सोना, चांदी चमकेंगे, जबकि क्रूड में दबाव रह सकता है 2024 कमोडिटीज के लिए असाधारण रहा है, जहां सोना 2,801.8 प्रति औंस के ऐतिहासिक उच्चतम स्तर पर पहुंचा और चांदी ने 59 फीसदी से अधिक की वृद्धि दर्ज की। कमोडिटी में ये तेजी केंद्रीय बैंकों की मजबूत मांग, भू-राजनीतिक तनाव और हरित तकनीकों में बढ़ते औद्योगिक अनुप्रयोगों से प्रेरित थी। दूसरी ओर, कच्चे तेल की कीमतों में उतार चढ़ाव देखने को मिला जिसका कारण चीन में कम होती मांग, फिर अचानक अमेरिका में विनिर्माण में तेजी प्रमुख कारण रहे। 2025 में, सोना और चांदी अपनी मजबूती बनाए रखने की संभावना है, लेकिन भू-राजनीतिक घटनाक्रम और आर्थिक नीतियां इस कमोडिटी की तेजी पर लगाम भी लगा सकती हैं। कच्चा तेल अगले साल भी वैश्विक चुनौतियों के कारण उतार-चढ़ाव का सामना करेगा, लेकिन मध्य पूर्व और रूस-यूक्रेन संघर्ष के तनाव कभी-कभी क्रूड की कीमतों को समर्थन भी दे सकता है। 2024 में, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय करेंसी रुपए ने स्थिरता दिखाई है. जिसमें समय- समय पर आरबीआई के सक्रिय हस्तक्षेपों ने मदद की, जबकि वैश्विक स्तर पर अमेरिकी डॉलर मजबूत हुआ है। 2025 में करेंसी में अस्थिरता की संभावना है, क्योंकि वैश्विक बाजारों में अमेरिकी प्रशासन की व्यापार नीतियों और राजकोषीय सुधारों से इसमें व्यवधान हो सकता है, जिससे डॉलर के मजबूत होने की आशंका है।

# फरवरी में सस्ता हो सकता है लोन

## आरबीआई के गर्वनर ने दिया हिंट



**नई दिल्ली.** आरबीआई के नए गवर्नर संजय मल्होत्रा ने ब्याज दर में कटौती की संभावनाओं पर चर्चा की है. उन्होंने संकेत दिए कि फरवरी 2025 में एमपीसी की बैठक के दौरान ब्याज दरों में कटौती की संभावना पर विचार किया जा सकता है. यह बयान ऐसे समय में आया है जब भारतीय अर्थव्यवस्था स्थिरता की ओर बढ़ रही है. साथ ही महंगाई दर नियंत्रित होती दिख रही है.

संजय मल्होत्रा के मुताबिक हाल के महीनों में खुदरा महंगाई दर में गिरावट दर्ज की गई है. अक्टूबर 2024 में आधारित महंगाई दर 4.6 फीसदी रही. उन्होंने कहा कि यदि यह स्थिरता बनी रहती है, तो केंद्रीय बैंक दरों में कटौती पर विचार कर सकता है. मल्होत्रा ने फरवरी 2025 में पेश होने वाले केंद्रीय बजट की ओर भी इशारा किया.

उन्होंने कहा कि बजट में आने वाले प्रोत्साहन उपाय भी मौद्रिक नीति के फैसले को प्रभावित कर सकते हैं. हम इस समय एक बहुत ही गतिशील दुनिया में हैं जो वैश्विक तनाव, जलवायु परिवर्तन के जोखिम और राजनीतिक अनिश्चितताओं से जूझ रही है. आरबीआई चुनौतियों का सामना करने के लिए सतर्क और सजग रहेगा. मल्होत्रा ने विशेष रूप से अपने पूर्ववर्ती शक्तिकान्त दास का जिक्र करते हुए कहा कि आरबीआई एक प्रतिष्ठित संस्थान है. अगली मौद्रिक नीति समीक्षा फरवरी के पहले सप्ताह में होगी.

इसमें प्रमुख ब्याज दर और अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर अपना पहला निर्णय लेने से पहले मल्होत्रा को लगभग दो महीने का समय मिलेगा. वित्त मंत्रालय में राजस्व सचिव रहे मल्होत्रा ने कहा कि अतीत में हासिल की गई सफलताओं के बावजूद वित्तीय समावेश उनके लिए एक महत्वपूर्ण क्षेत्र होगा.

# टाटा कैपिटल महाराष्ट्र में एमएसएमई पर करेगा बड़ा निवेश



**मुंबई.** टाटा संस की प्रमुख वित्तीय सेवा शाखा, टाटा कैपिटल लिमिटेड ने महाराष्ट्र में एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम) ऋण की मांग में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की है। महाराष्ट्र, अपने विविधीकृत व्यावसायिक परिदृश्य के साथ, कंपनी के लिए प्रमुख विकास बाज़ार बना हुआ है, जो टाटा कैपिटल के एमएसएमई पोर्टफोलियो में उल्लेखनीय योगदान देता है। टाटा कैपिटल ने महाराष्ट्र में अपनी शाखाओं की संख्या बढ़ाकर 50 कर ली है, जिससे ठाणे, नासिक और चंद्रपुर जैसे टियर-2 और टियर-3 शहरों में इसकी पहुंच और बढ़ गई है।

नेटवर्क के इस विस्तार से कंपनी को विनिर्माण, आईटी सेवाओं, फार्मास्यूटिकल्स, रसायन, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद सामान, स्वास्थ्य सेवा, वाहन क्षेत्र में एमएसएमई की विविधीकृत वित्तीय आवश्यकताओं को अधिक प्रभावी ढंग से पूरा करने में मदद मिलती है। महाराष्ट्र का एमएसएमई क्षेत्र कंपनी के समग्र एमएसएमई ऋण पोर्टफोलियो में 40% का योगदान देता है। यह व्यवसाय राज्य में छोटे उद्यमों को उनकी अल्पकालिक और दीर्घकालिक वित्तीय ज़रूरतों को पूरा कर सशक्त बनाने पर ध्यान केंद्रित करती है, साथ ही उनकी वृद्धि की आकांक्षाओं को पूरा करने में मदद करती है। वित्त वर्ष '25 की पहली छमाही तक, टाटा कैपिटल की कुल ऋण पुस्तिका ₹76,000 लाख करोड़ से अधिक थी। कंपनी के अल्पकालिक ऋण समाधानों में कार्यशील पूंजी ऋण शामिल हैं जो व्यवसायों को उनके परिचालन व्ययों के प्रबंधन, व्यापार या विनिर्माण उद्देश्यों के लिए कच्चे माल की खरीद और बिक्री के बाद प्राप्तियों के प्रबंधन में सहायता करते हैं।

इसके अतिरिक्त, टाटा कैपिटल के दीर्घकालिक वित्तपोषण विकल्पों में व्यवसाय विस्तार के लिए परिसंपत्ति-आधारित उपकरण ऋण और परियोजना अवधि ऋण शामिल हैं। टाटा कैपिटल के सीओओ- एसएमई फाइनेंस, नरेंद्र कामत, "महाराष्ट्र अपनी उद्यमशीलता के जज़्बे और निवेश के अवसरों के कारण हमेशा से हमारी व्यावसायिक रणनीति के लिहाज़ से सबसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में से एक रहा है। महाराष्ट्र में एमएसएमई क्षेत्र फल-फूल रहा है और हमारे वित्तीय समाधानों की मांग में बढ़ोतरी दिख रही है। हमारे विभिन्न किस्म के डिजिटल टूल ने एमएसएमई को हमारी वित्तीय सेवाओं का तेज़ गति से लाभ उठाने में मदद की है।

# एस24 अल्ट्रा और गैलेक्सी एस24 स्मार्टफोन लॉन्च




**गुरुग्राम.** भारत के प्रमुख कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने अपने फ्लैगशिप स्मार्टफोन गैलेक्सी एस 24 अल्ट्रा और गैलेक्सी एस 24 के एंटरप्राइज एडिशन को लॉन्च किया है। इन डिवाइसों में व्यवसायों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए उन्नगत फीचर्स दिए गए हैं। इनमें लाइव ट्रांसलेशन, इंटरप्रेटर, नोट असिस्ट और गूगल के साथ सर्च जैसे गैलेक्सी एआई फीचर्स शामिल हैं। साथ ही, डिवाइस डिफेंस-ग्रेड सुरक्षा, लंबे समय तक टिकने वाले प्रोडक्ट लाइफ साइकिल और बेहतर सपोर्ट प्रदान करते हैं। यह लॉन्च हाल ही में सफल हुए सैमसंग एक्स कवर 7 स्मार्टफोन के बाद किया गया है। आज के समय में, बड़ी और अलग-अलग टीमों को प्रबंधित करने वाले व्यवसायों के लिए एंटरप्राइज एडिशन डिवाइस एक वरदान साबित हो रहे हैं। ये डिवाइस संगठनों में मोबाइल तकनीक को आसानी से कॉन्फ़िगर, अपडेट, तैनात और अपडेट करने में मदद करते हैं। यह व्यवसायों को सुरक्षित और विश्वसनीय तकनीक से जुड़े रहने की गारंटी देता है, ताकि उनकी टीमें बिना किसी बाधा के लगातार काम करती रहें। सैमसंग इंडिया के एंटरप्राइज बिजनेस के वाइस प्रेसिडेंट आकाश सक्सेना ने कहा, "गैलेक्सी एस 24 अल्ट्रा और गैलेक्सी एस 24 का एंटरप्राइज एडिशन भारत के तेजी से बदलते कारोबारी माहौल के लिए डिज़ाइन किया गया है। ये डिवाइस डेटा की सुरक्षा, दीर्घकालिक सपोर्ट और तेज तैनाती सुनिश्चित करते हैं। इसके साथ ही, ये उद्यमों को बेहतर नियंत्रण, विश्वास और टेक्नोलॉजी का सुरक्षित उपयोग करने में सक्षम बनाते हैं। हमारा उद्देश्य व्यवसायों को बिना किसी परेशानी के सुरक्षित और टिकाऊ तरीके से नई टेक्नोलॉजी का लाभ उठाने में मदद करना है, ताकि वे आगे बढ़ सकें और सफलता हासिल कर सकें। गैलेक्सी एस 24 अल्ट्रा का एंटरप्राइज एडिशन 12 जीबी रैम और 256 जीबी स्टोरेज के साथ आता है, जबकि गैलेक्सी एस 24 का एंटरप्राइज एडिशन 8 जीबी रैम और 256 जीबी स्टोरेज का विकल्प प्रदान करता है। ये डिवाइस शानदार प्रदर्शन के लिए निरंतर पैच मैनेजमेंट, स्थिर डिवाइस उपलब्धता और नियमित ओएस अपडेट के साथ आते हैं।

# महिंद्रा ने बॉमा कॉनेक्स्पो दिल्ली में लॉन्च की




**नई दिल्ली.**

महिंद्रा समूह के अंग, महिंद्रा कंस्ट्रक्शन इक्विपमेंट डिवीज़न (एमसीई) ने आज बॉमा कॉनेक्सपो 2024 में अपने नवीनतम उपकरण पेश किये, जो नवोन्मेष और विश्वसनीयता के प्रति व्यवसाय की प्रतिबद्धता दर्शाते हैं। निर्माण (कंस्ट्रक्शन) उपकरणों की नई सीईवी5 रेंज अपने संबंधित श्रेणियों में मानकों को पुनर्परिभाषित करने के लिए तैयार है, जिसमें नवीनतम उद्योग मानदंडों का अनुपालन के साथ बेहतर फीचर पेश किये गए हैं। इंडिया एक्सपो सेंटर में महिंद्रा पैवेलियन में रोडमास्टर और अर्थमास्टर जैसे महिंद्रा बीएसवी निर्माण उपकरणों की पूरी रेंज के साथ-साथ निर्माण खंड के लिए व्यापक ट्रक रेंज – ब्लेज़ो एक्स 48 सीएलएस 10x4 टिपर, ब्लेज़ो एक्स एम-ड्यूरा 35 8x4 टिपर, 7.5 सह कैपेसिटी ड्रम के साथ ब्लेज़ो एक्स 28 ट्रांजिट मिक्सर, 6केएल क्षमता के साथ फ्यूरियो 10 फ्यूल बॉउज़र और बोलेरो कैंपर और मैक्स पिक-अप प्रदर्शित किए गए। महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड के ट्रक एवं बस और निर्माण उपकरण के व्यवसाय प्रमुख (बिजनेस हेड), डॉ. वेंकट श्रीनिवास ने कहा, "कंपनी का अत्याधुनिक उत्पादों और प्रौद्योगिकियों को पेश करने का निरंतर प्रयास, स्थानीय तौर पर विनिर्माण पर ज़ोर आदि हमारी मेक इन इंडिया पहल में उल्लेखनीय योगदान करने की कोशिश की मिसाल है। बॉमा कॉनेक्सपो में निर्माण उपकरणों की नई सीईवी5 रेंज की प्रस्तुति, भारत सरकार द्वारा निर्धारित वहनीयता लक्ष्यों के प्रति महिंद्रा की प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है। नई सीईवी5 रेंज हमारे इंजीनियरों की तत्परता का प्रमाण है, जिन्होंने प्रदर्शन पर ध्यान केंद्रित करते हुए इन उत्पादों का विकास किया है। यह रेंज विशेष रूप से बड़े, अधिक आरामदायक केबिन से सुसज्जित है ताकि ऑपरेटर की उत्पादकता बढ़ सके।" एडवांस्ड टेलीमैटिक्स से संचालित है, जो स्वामित्व की कम लागत की सुरक्षा पर नियंत्रण प्रदान करता है। निर्माण उपकरणों की नई सी वी5 रेंज में मौजूदा अर्थ मास्टर- बैकहो लोडर और रोडमास्टर - मोटर ग्रेडर का बेहतर संस्करण शामिल है और इसमें सीईवी 5 उत्सर्जन मानकों के साथ 74 एचपी और 102 एचपी इंजन की उच्च शक्ति है। यह 74 एचपी इंजन, एक नया बड़ा और अधिक आरामदायक केबिन और आईमैक्स टेलीमैटिक्स तकनीक वाला एक बहुमुखी बैकहो लोडर है, जो बेहतर प्रदर्शन और दक्षता सुनिश्चित करता है। ब्लेज़ो एक्स 48 सीएलएस 10x4 टिपर 29 सीयूएम और 18 सीयूएम बीएस6 ओबीडी2 - ब्लू मेटल, कोयला, एम-सैंड, अर्थवर्क और 18 सीयूएम में हमारे ग्राहकों के लिए बिल्कुल नया बिज़नेस सॉल्यूशन, जो विशेष रूप से लौह अयस्क (आयरन ओर) के परिवहन के लिए डिज़ाइन किया गया है, इसलिए लंबी दूरी के टिपर एप्लीकेशन की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करता है। डबल सर्विस गारंटी महिंद्रा आईमैक्स एडवांस्ड टेलीमेटिक्स के साथ, यह आधुनिक ट्रांसपोर्टर के लिए एक व्यापक समाधान है।

# दो बैंक अकाउंट्स हैं तो देना पड़ेगा जुर्माना

**नई दिल्ली.**



भारत में ऐसे कई लोग हैं, जिनके पास एक से अधिक बैंक अकाउंट्स हैं. ऐसे में ये खबर आना कि अगर आपके पास एक से ज्यादा बैंक अकाउंट्स हैं तो आपको जुर्माना देना पड़ेगा, लोगों को परेशान कर सकता है. खासतौर से उन लोगों को जो प्राइवेट कंपनियों में नौकरी करते हैं. दरअसल, प्राइवेट कंपनियों में नौकरी करने वाले ज्यादातर लोगों के पास एक से ज्यादा बैंक अकाउंट्स होते हैं. ऐसा इसलिए, क्योंकि जैसे ही आप कंपनी स्विच कर के दूसरी कंपनी में जाते हैं, वहां कि कंपनी आपका अपने टाइअप वाले बैंक में सैलरी अकाउंट खोल देती है. इस तरह करते-करते कुछ लोगों के पास दो क्या 4 या 5 बैंकों में अकाउंट खुल जाते हैं. चलिए, अब जानते हैं कि आखिर इस दावे का सच क्या है. हाल ही में सोशल मीडिया पर एक पोस्ट वायरल हो रही है, जिसमें दावा किया गया है कि अगर आपके पास एक से ज्यादा बैंक अकाउंट हैं तो आप पर जुर्माना लग सकता है. इस दावे में आरबीआई के पूर्व गवर्नर शक्तिकांत दास का जिक्र करते हुए कहा गया है कि आरबीआई ने नई गाइडलाइन जारी की है, जिसके तहत अगर किसी व्यक्ति के पास दो बैंक अकाउंट्स हैं तो उस पर कड़ा जुर्माना लगेगा. चलिए, अब दावे की सच्चाई जानते हैं. इस दावे पर पीआईबी का फैक्ट चेक है. प्रेस इंफॉर्मेशन ब्यूरो ने इस दावे को फेक बताया. पीआईबी ने लिखा कि कुछ आर्टिकल ये भ्रम फैला रहे हैं कि अगर आपके पास दो बैंक अकाउंट्स है तो आप पर जुर्माना लगेगा. जबकि, आरबीआई ने ऐसी कोई गाइडलाइन जारी नहीं की है. यानी यह दावा पूरी तरह से फेक है. पीआईबी ने कहा कि आपको ऐसी खबरों और अफवाहों से बचना चाहिए.


महाराष्ट्र राज्य लॉटरी

महाराष्ट्र गजलक्ष्मी गुरु विकली लॉटरी — निकाल 4:45 वाजता

सोडत वार गुरुवार • सोडत क्रमांक 50 • तिकीट कि. रु. 20/- • सोडत दिनांक 12/12/2024

| मालिका | GL-00 | GL-01 | GL-02 | GL-03 | GL-04 |
|---|---|---|---|---|---|
| पहिले बक्षिस रु. 10,000/- | 6211 | 6600 | 6766 | 7289 | 8742 |

सर्व मालिकांसाठी • FOLLOWING NO.'S ARE COMMON TO ALL SERIES

| बक्षिस | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दुसरे बक्षिस रु. 5000/- | 4229 | 7523 | | | | | | | | |
| तिसरे बक्षिस रु. 2000/- | 1116 | 2648 | 4184 | 5166 | 5571 | | | | | |
| चौथे बक्षिस रु. 1000/- | 0833 | 1651 | 2077 | 4625 | 5796 | 6512 | 6948 | 7189 | 8189 | 9873 |
| पाचवे बक्षिस रु. 500/- | 0845 | 1062 | 1292 | 1794 | 3638 | 4132 | 5118 | 6421 | 7376 | 7766 |

सहावे बक्षिस रु. 300/- (सर्व मालिकांसाठी)

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 0642 | 1888 | 2833 | 3932 | 4544 | 5425 | 6319 | 7193 | 7906 | 8930 |
| | 0680 | 1923 | 2842 | 3962 | 4552 | 5490 | 6340 | 7214 | 8008 | 9095 |
| 0012 | 0684 | 1951 | 2890 | 3993 | 4553 | 5534 | 6396 | 7257 | 8056 | 9096 |
| 0047 | 0691 | 1994 | 3105 | 4033 | 4574 | 5568 | 6428 | 7259 | 8057 | 9099 |
| 0051 | 0753 | 2034 | 3122 | 4046 | 4651 | 5581 | 6435 | 7262 | 8085 | 9191 |
| 0055 | 0779 | 2129 | 3130 | 4084 | 4658 | 5615 | 6467 | 7276 | 8089 | 9204 |
| 0056 | 0804 | 2204 | 3261 | 4091 | 4749 | 5701 | 6612 | 7283 | 8383 | 9263 |
| 0071 | 0927 | 2219 | 3318 | 4110 | 4764 | 5725 | 6619 | 7414 | 8396 | 9282 |
| 0073 | 0950 | 2222 | 3327 | 4140 | 4816 | 5897 | 6636 | 7415 | 8398 | 9375 |
| 0095 | 1014 | 2245 | 3353 | 4173 | 4859 | 5951 | 6761 | 7424 | 8474 | 9397 |
| 0300 | 1121 | 2279 | 3364 | 4281 | 4904 | 6006 | 6764 | 7533 | 8517 | 9437 |
| 0322 | 1140 | 2285 | 3371 | 4328 | 4984 | 6055 | 6796 | 7534 | 8548 | 9490 |
| 0385 | 1148 | 2352 | 3382 | 4345 | 5185 | 6133 | 6797 | 7603 | 8585 | 9521 |
| 0401 | 1160 | 2447 | 3394 | 4412 | 5249 | 6138 | 6960 | 7615 | 8625 | 9599 |
| 0464 | 1351 | 2461 | 3463 | 4434 | 5253 | 6161 | 6981 | 7650 | 8882 | 9694 |
| 0501 | 1437 | 2756 | 3467 | 4477 | 5324 | 6163 | 7099 | 7717 | 8892 | 9761 |
| 0536 | 1719 | 2782 | 3485 | 4479 | 5335 | 6169 | 7100 | 7726 | 8913 | 9920 |
| 0600 | 1801 | 2796 | 3610 | 4490 | 5341 | 6263 | 7144 | 7766 | 8924 | 9942 |
| 0621 | 1804 | 2822 | 3883 | 4505 | 5386 | 6269 | 7187 | 7841 | 8927 | 9965 |

महाराष्ट्र गजराज मासिक सोडत — सोडत दिनांक 25/12/2024 — पहिले बक्षिस ₹14 लाख — ₹2.5 लाख — तिकीट किंमत ₹20/-

महाराष्ट्र गजलक्ष्मी गुरु विकली लॉटरी — सोडत दिनांक 12/12/2024

ऑनलाईन रिजल्ट मिळवा : /princeagency /princeagencypl /princeagencymah

आकर्षक पुष्कराज विकली लॉटरी — सोडत वार गुरुवारी — तिकीट किंमत रु. 50/- — सोडत क्र. 50 सोडत दिनांक 12/12/2024

पहिले सामाईक बक्षिस रु. 7 लाख — AP-03 : 1162 — श्री सिद्धि समर्थ एजेंसी, दादर - मुंबई

उत्तेजनार्थ बक्षिस रु. 5000/- — पहिला बक्षीसाची विजेता मालिका सोडून इतर सर्व मालिकांसाठी 1162 — श्री सिद्धि समर्थ एजेंसी, दादर - मुंबई

सर्व मालिकांसाठी • FOLLOWING NO.'S ARE COMMON TO ALL SERIES • सर्व मालिकांसाठी

| बक्षिस | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| दुसरे बक्षिस रु. 2000/- | 1111 | 1281 | 2619 | 3953 | 4631 | 5077 |
| तिसरे बक्षिस रु. 1000/- | 1774 | 1896 | 2039 | 4162 | 4612 | 4902 |
| चौथे बक्षिस रु. 500/- | 1008 | 3211 | 4438 | 4951 | 5074 | 6107 |
| पाचवे बक्षिस रु. 200/- | 3322 | 3585 | 4323 | 5236 | 6157 | 6517 |

सहावे बक्षिस रु. 100/- (सर्व मालिकांसाठी)

| | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1851 | 2274 | 2768 | 3137 | 3573 | 4076 | 4483 | 4878 | 5275 | 5709 | 6176 | 6630 |
| | | 1873 | 2276 | 2773 | 3155 | 3578 | 4080 | 4484 | 4894 | 5277 | 5754 | 6180 | 6635 |
| 1003 | 1223 | 1880 | 2277 | 2797 | 3190 | 3583 | 4084 | 4491 | 4900 | 5315 | 5755 | 6182 | 6648 |
| 1007 | 1257 | 1881 | 2280 | 2814 | 3207 | 3609 | 4092 | 4492 | 4914 | 5357 | 5757 | 6218 | 6659 |
| 1011 | 1293 | 1910 | 2286 | 2821 | 3208 | 3628 | 4095 | 4494 | 4923 | 5399 | 5774 | 6227 | 6663 |
| 1013 | 1301 | 1911 | 2288 | 2826 | 3253 | 3637 | 4104 | 4503 | 4929 | 5405 | 5778 | 6244 | 6669 |
| 1041 | 1318 | 1912 | 2302 | 2840 | 3263 | 3673 | 4129 | 4510 | 4930 | 5445 | 5786 | 6256 | 6677 |
| 1050 | 1331 | 1913 | 2322 | 2874 | 3264 | 3701 | 4130 | 4548 | 4938 | 5459 | 5787 | 6257 | 6679 |
| 1051 | 1344 | 1926 | 2354 | 2878 | 3303 | 3714 | 4160 | 4575 | 4945 | 5462 | 5792 | 6261 | 6683 |
| 1057 | 1351 | 1971 | 2383 | 2888 | 3306 | 3718 | 4200 | 4587 | 4947 | 5467 | 5799 | 6268 | 6684 |
| 1061 | 1355 | 1975 | 2386 | 2891 | 3307 | 3754 | 4241 | 4594 | 4954 | 5479 | 5838 | 6317 | 6705 |
| 1074 | 1373 | 2007 | 2392 | 2892 | 3316 | 3755 | 4244 | 4604 | 4989 | 5502 | 5845 | 6330 | 6708 |
| 1076 | 1386 | 2020 | 2421 | 2900 | 3323 | 3765 | 4247 | 4668 | 4991 | 5503 | 5852 | 6331 | 6719 |
| 1091 | 1401 | 2027 | 2426 | 2902 | 3331 | 3768 | 4248 | 4672 | 4994 | 5505 | 5853 | 6345 | 6756 |
| 1095 | 1415 | 2033 | 2439 | 2906 | 3337 | 3783 | 4258 | 4679 | 5001 | 5507 | 5854 | 6356 | 6761 |
| 1099 | 1481 | 2074 | 2441 | 2913 | 3339 | 3785 | 4263 | 4691 | 5007 | 5512 | 5857 | 6366 | 6765 |
| 1100 | 1488 | 2077 | 2451 | 2940 | 3347 | 3788 | 4277 | 4714 | 5025 | 5518 | 5869 | 6378 | 6776 |
| 1102 | 1499 | 2099 | 2474 | 2950 | 3358 | 3799 | 4306 | 4730 | 5049 | 5531 | 5895 | 6388 | 6785 |
| 1108 | 1521 | 2118 | 2519 | 2970 | 3361 | 3803 | 4314 | 4739 | 5053 | 5532 | 5905 | 6398 | 6796 |
| 1114 | 1534 | 2138 | 2524 | 2978 | 3379 | 3811 | 4320 | 4740 | 5054 | 5534 | 5906 | 6407 | 6805 |
| 1116 | 1549 | 2142 | 2551 | 2982 | 3396 | 3833 | 4326 | 4741 | 5059 | 5558 | 5910 | 6416 | 6810 |
| 1118 | 1667 | 2172 | 2600 | 2987 | 3398 | 3839 | 4349 | 4742 | 5071 | 5563 | 5935 | 6430 | 6861 |
| 1123 | 1708 | 2175 | 2618 | 2992 | 3400 | 3864 | 4354 | 4743 | 5098 | 5567 | 5959 | 6436 | 6864 |
| 1124 | 1709 | 2180 | 2626 | 3006 | 3403 | 3870 | 4358 | 4755 | 5105 | 5569 | 5961 | 6464 | 6867 |
| 1126 | 1735 | 2181 | 2629 | 3031 | 3443 | 3933 | 4401 | 4778 | 5148 | 5570 | 5962 | 6466 | 6877 |
| 1135 | 1770 | 2192 | 2637 | 3033 | 3449 | 3937 | 4404 | 4779 | 5158 | 5582 | 6001 | 6469 | 6886 |
| 1140 | 1772 | 2210 | 2642 | 3035 | 3450 | 3938 | 4406 | 4794 | 5161 | 5584 | 6006 | 6472 | 6905 |
| 1150 | 1774 | 2212 | 2650 | 3036 | 3473 | 3943 | 4421 | 4832 | 5167 | 5595 | 6025 | 6496 | 6906 |
| 1151 | 1776 | 2217 | 2656 | 3046 | 3497 | 3979 | 4427 | 4835 | 5173 | 5613 | 6061 | 6506 | 6912 |
| 1165 | 1790 | 2221 | 2690 | 3049 | 3511 | 3988 | 4431 | 4838 | 5185 | 5635 | 6068 | 6524 | 6954 |
| 1184 | 1800 | 2222 | 2703 | 3050 | 3529 | 4028 | 4432 | 4840 | 5207 | 5650 | 6075 | 6526 | 6960 |
| 1189 | 1813 | 2224 | 2710 | 3064 | 3532 | 4029 | 4441 | 4842 | 5218 | 5657 | 6078 | 6534 | 6961 |
| 1198 | 1818 | 2228 | 2725 | 3074 | 3538 | 4031 | 4446 | 4845 | 5238 | 5666 | 6101 | 6576 | 6964 |
| 1199 | 1836 | 2232 | 2738 | 3123 | 3546 | 4040 | 4458 | 4863 | 5255 | 5676 | 6141 | 6598 | 6983 |
| 1214 | 1844 | 2240 | 2745 | 3133 | 3560 | 4047 | 4464 | 4868 | 5264 | 5705 | 6145 | 6622 | 6995 |
| 1217 | 1846 | 2254 | 2762 | 3134 | 3562 | 4059 | 4481 | 4874 | 5269 | 5707 | 6155 | 6624 | 6996 |

MAHARASHTRA NATAL NEW YEAR BUMPER DRAW — सोडत दिनांक 03-01-2025 — 50 लाख — 10 लाख

आकर्षक पुष्कराज — सोडत दिनांक 12/12/2024

ऑनलाईन रिजल्ट मिळवा : /princeagency /princeagencypl /princeagencymah

१- श्रद्धा सबुरी लॉटरी, साई मंदिर
२- जय भोले लॉटरी, झेरी लॉन
३- न्यू बॉम्बे लॉटरी, लक्ष्मी भवन चौक धरमपेठ
४-साई लॉटरी, पंचशील चौक
५- अनिल बंसोड़ लॉटरी, झासीरानी चौक बर्डी
६- नरेंद्र लॉटरी, शिवम् मॉल के पास सीताबर्डी
७- प्रवीण लॉटरी महाराष्ट्र बैंक मुंजे चौक सीताबर्डी
८-मयूरी लॉटरी, आकाशवाणी चौक
९-माँ आंबे लॉटरी, आगाराम देवी
१०- नितिन लॉटरी, रामबाग कॉलोनी, मेडिकल चौक
११-दिलीप लॉटरी, नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१२ श्री गणेश लॉटरी नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१३-शुभम लॉटरी नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१४ श्री गजानन लॉटरी झेंडा चौक, महाल
१५-आशीष लॉटरी शाहिद चौक, इतवारी
१६- ख्वाजा लॉटरी कमाल टॉकीज़, कमाल चौक
१७- वैभव लॉटरी इंदौरा चौक लष्करी बाग
१८-चिकटे लॉटरी सक्करदरा चौक
१९- ओमसाई लॉटरी,महाकाळकर बिल्डिंग, छोटा ताजबाग
२०- गुरुदेव लॉटरी , गांधीचौक चंद्रपुर
२१-गजानन लॉटरी, अकोला
22- प्रेम लॉटरी सेंटर, कमाल चौक
23- नारायण लॉटरी, शहीद चौक, इतवारी
24- महावीर लॉटरी, बाजार चौक, कलमेश्वर

विदर्भ स्टॉकिस्ट प्रविण कडू : 9822472123

## सुविचार

यह सोचकर कभी कमजोर मत पड़ना कि आप अकेले हो बल्कि यह सोचकर डटे रहना की आप अकेले ही काफी हो।

## संपादकीय

# सच सामने आए

इलाहाबाद हाईकोर्ट के एक जज के वायरल हुए विडियो पर जो तीखी प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है, उसे अस्वाभाविक नहीं कहा जा सकता। उस विडियो में जज साहब जिस तरह की बातें कहते दिख रहे हैं, वे देश के किसी उच्च न्यायालय के न्यायाधीश पद पर बैठे किसी शख्स के मुंह से निकलना वाकई दुर्भाग्यपूर्ण है। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले को संज्ञान में लेते हुए हाईकोर्ट से पूरी जानकारी मांगी है, इसलिए उम्मीद की जानी चाहिए कि प्रामाणिक तथ्यों की रोशनी में जल्द ही पूरा सच सामने आ जाएगा, लेकिन फिलहाल मीडिया और सोशल मीडिया के जरिए जो तथ्य सामने आ रहे हैं, वे सचमुच परेशान करने वाले हैं। हैरत की बात है कि संविधान के संरक्षक की भूमिका निभाने वाली न्यायपालिका का वरिष्ठ सदस्य सार्वजनिक कार्यक्रम में कहता दिखता है कि देश (संविधान और कानून के हिसाब से नहीं बल्कि) बहुसंख्यकों की मर्जी के मुताबिक चलेगा और इस विडियो के वायरल होने के बाद भी उसका कोई खंडन या स्पष्टीकरण नहीं आता।

संबंधित न्यायाधीश की चुप्पी के बीच जिस तरह से एक तबका उनके इस कथित भाषण के पक्ष में सामने आया है, वह बताता है कि इस तरह की संविधान विरोधी सोच के फैलने का कितना गंभीर खतरा है। जहां आयोजक संगठन की ओर से यह कहा गया कि भाषण को संदर्भ से काटकर पेश किया जा रहा है, वहीं विश्व हिंदू परिषद के प्रमुख यहां तक बोल गए कि अगर जज ने ऐसा कुछ कहा भी है तो उन्हें इसमें कुछ भी आपत्तिजनक नहीं लगता।

ध्यान रहे, यह जुडिशरी के वरिष्ठ सदस्यों द्वारा जाने अनजाने संवैधानिक मर्यादा के उल्लंघन से जुड़ा कोई पहला विवाद नहीं है। कुछ ही दिनों पहले कर्नाटक हाईकोर्ट के एक जज द्वारा एक मुस्लिम बहुल इलाके का जिक्र 'पाकिस्तान' के रूप में किए जाने का मामला सामने आया था, जिसमें सुप्रीम कोर्ट ने कार्रवाई भी शुरू की थी। हालांकि बाद में उस जज के माफी मांगने पर कार्यवाही रोक दी गई। मौजूदा विवाद से जुड़े जज की बात करें तो वह इससे पहले भी ऐसी टिप्पणियां कर चुके हैं। मसलन, जुलाई 2021 में एक मामले में फैसला सुनाते हुए उन्होंने कहा था कि 'धर्मांतरण से देश कमजोर होता है'। ऐसे में इस मामले को सिर्फ किसी एक जज के एक बयान के संदर्भ में नहीं देखा जाना चाहिए। जरूरी है कि इस मामले का पूरा सच जानकर इसमें उपयुक्त कार्रवाई तो की ही जाए, पर इसके साथ ही न्यायपालिका में गिरावट लाने वाली इस व्यापक प्रवृत्ति पर रोक लगाने की दिशा में भी गंभीर प्रयास तत्काल शुरू किए जाएं।



**जोया सिराज शेख**

# संवेदना और सहयोग

## > विधवाओं के जीवन को बदलने का मार्ग

### समर्थन प्रणाली का अभाव

- भावनात्मक समर्थन की कमी: अक्सर विधवा को अपनी भावनाओं को किसी से साझा करने का कोई अवसर नहीं मिलता, जिससे वह अकेलापन महसूस करती है। इस स्थिति में परिवार और दोस्तों का समर्थन बहुत महत्वपूर्ण हो सकता है। दैनिक जिम्मेदारियों का बोझ: विधवा को घरेलू कामों, बच्चों की देखभाल, और आर्थिक स्थिति के प्रबंधन का अकेले बोझ उठाना पड़ता है, जो शारीरिक और मानसिक रूप से थकाने वाला हो सकता है। विधवा महिलाओं को कैसे सहायता दी जा सकती है: भावनात्मक समर्थन: दोस्तों, परिवार और समुदाय द्वारा सहयोग और सहानुभूति दिखाना बहुत महत्वपूर्ण होता है। आर्थिक सहायता: विधवाओं को वित्तीय सहायता या नौकरी के अवसर प्रदान करना उनकी जीवनशैली में सुधार कर सकता है। समुदाय और सामाजिक नेटवर्क: विधवा को एक मजबूत सामाजिक नेटवर्क और समुदाय का हिस्सा बनाना, ताकि वह अकेलापन महसूस न करे। प्रोफेशनल मदद: मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों से मार्गदर्शन प्राप्त करना विधवा की मदद कर सकता है, ताकि वह अपने मानसिक संघर्षों को बेहतर तरीके से संभाल सके।

कारा फाउंडेशन ये बात अच्छी तरह जानता है की विधवा महिला का जीवन बहुत कठिन हो सकता है, लेकिन सही समर्थन, सहानुभूति, और समय के साथ, वह अपने जीवन को फिर से संजीवित कर सकती है। विधवाओं के लिए समाज और परिवार की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है, ताकि वे इस कठिन यात्रा में अकेला महसूस न करें और आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ सकें। विधवा महिला का जीवन अक्सर अत्यधिक कठिनाई और दु:ख से भरा होता है। पति के निधन के बाद उसे न केवल मानसिक और भावनात्मक संघर्षों का सामना करना पड़ता है, बल्कि सामाजिक, आर्थिक और शारीरिक चुनौतियों का भी सामना करना पड़ता है। विधवा का जीवन विभिन्न संस्कृतियों, समाजों और व्यक्तिगत परिस्थितियों के आधार पर भिन्न हो सकता है, लेकिन कुछ सामान्य संघर्ष हैं जो अधिकांश विधवाओं के जीवन में होते हैं।




**1. भावनात्मक दु:ख और शोक**

अत्यधिक शोक: पति के निधन का शोक बहुत गहरा और पीड़ादायक होता है। विधवा महिला को गहरी मानसिक पीड़ा, अकेलापन, अपराधबोध और खोने का अहसास होता है। यह दु:ख एक लंबी प्रक्रिया है, और कई बार यह जीवन भर साथ रहता है।जब कोई महिला एक लंबे समय तक पत्नी के रूप में अपने जीवन को जीती है, तो विधवापन के बाद उसे अपनी पहचान और उद्देश्य को फिर से खोजने में कठिनाई होती है। वह अपने पुराने जीवन और रिश्ते के बिना खुद को खोया हुआ महसूस कर सकती है। भविष्य को लेकर डर और चिंता भी अक्सर विधवा महिलाओं के मन में होती है, क्योंकि वह अकेले जीवन के अन्य पहलुओं का सामना कर रही होती हैं।

**2. आर्थिक समस्याएँ**

आय का नुकसान: कई बार पति ही परिवार का मुख्य कमाने वाला सदस्य होता है, ऐसे में विधवा को बिना आय के जीवन जीना पड़ता है, जिससे आर्थिक कठिनाइयाँ बढ़ सकती हैं। उसे नौकरी की तलाश करनी पड़ सकती है या अपनी जीवनशैली में बदलाव लाना पड़ता है। विरासत से जुड़ी समस्याएं: कुछ संस्कृतियों में विधवाओं को विरासत में मिलने वाले संपत्ति के अधिकारों को लेकर कानूनी और सामाजिक समस्याओं का सामना करना पड़ता है। परिवार के अन्य सदस्य कभी-कभी संपत्ति के वितरण में गड़बड़ी कर सकते हैं, जिससे विधवा को आर्थिक रूप से कमजोर किया जाता है। कर्ज और कानूनी झंझट: पति के निधन के बाद कई बार पत्नी को उन कर्जों और कानूनी मामलों का सामना करना पड़ता है जो पति पर थे, जिससे और अधिक मानसिक तनाव होता है।

**3. सामाजिक अलगाव और कलंक**

अकेलापन: विधवा महिलाओं को अक्सर अकेलापन महसूस होता है, खासकर जब वे अपने पति से गहरे जुड़ी हुई होती हैं। परिवार और मित्र अक्सर इस स्थिति से अनजान होते हैं और इसे ठीक से समझ नहीं पाते, जिससे अकेलापन बढ़ जाता है। कुछ समाजों में विधवाओं को कलंकित किया जाता है, खासकर यदि वे युवा हों या लंबे समय तक विधवा रहें। उन्हें मर्मस्पर्शी तरीके से मातम करने का दबाव डाला जाता है और कभी-कभी समाज में उन्हें अप्रत्यक्ष रूप से तिरस्कार भी झेलना पड़ता है। सामाजिक नेटवर्क का नुकसान: शादी के बाद बनी सामाजिक नेटवर्क, जैसे रिश्तेदारों और मित्रों के बीच की साझेदारी भी टूट सकती है, जिससे विधवा को सामाजिक रूप से और भी अलग-थलग महसूस होता है।

**4. बच्चों की देखभाल**

यदि विधवा के बच्चे हैं, तो उसे अकेले ही बच्चों का पालन-पोषण करना पड़ता है। यह न केवल शारीरिक रूप से बल्कि मानसिक रूप से भी बहुत थकाऊ हो सकता है। साथ ही, बच्चों को भी शोक और मानसिक तनाव से गुजरना पड़ता है, जिससे वह भी अतिरिक्त देखभाल की आवश्यकता महसूस करते हैं। भावनात्मक समर्थन: विधवा को बच्चों के साथ अपने दुख को साझा करने के अलावा, उन्हें भी सहारा देना होता है। यह एक कठिन संतुलन है, क्योंकि वह अपनी भावनाओं को संभालते हुए बच्चों को सहारा देने की कोशिश करती है।

**5. मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं**

अवसाद और चिंता: विधवापन के बाद महिलाओं में अवसाद, चिंता और कभी-कभी पीटीएसडी जैसी मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं पैदा हो सकती हैं। अगर पति की मृत्यु अचानक या हिंसक तरीके से हुई हो, तो यह स्थिति और भी जटिल हो सकती है। समर्थन की कमी: बहुत सी विधवाओं के पास मानसिक या भावनात्मक समर्थन नहीं होता, और वे अकेले ही अपने दर्द का सामना करती हैं, जिससे मानसिक स्थिति और बिगड़ सकती है।

**6. सांस्कृतिक और धार्मिक दबाव**

सांस्कृतिक प्रतिबंध: कुछ संस्कृतियों में विधवाओं को विशेष सामाजिक और सांस्कृतिक नियमों का पालन करना पड़ता है, जैसे लंबे समय तक शोक मनाना, रंग-बिरंगे कपड़े न पहनना आदि। ये नियम कभी-कभी उन्हें मानसिक और सामाजिक रूप से और अधिक बंधन में डाल देते हैं। धार्मिक प्रथाएं: कुछ धर्मों में विधवाओं के लिए विशेष धार्मिक अनुष्ठान होते हैं, जो उन्हें शांति और राहत दे सकते हैं, लेकिन कभी-कभी यह उन्हें एक कठिन स्थिति में डाल भी सकते हैं, खासकर यदि वे धार्मिक रीति-रिवाजों से सहमत नहीं होतीं।

**7. शारीरिक और स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं**

स्वास्थ्य का ध्यान न देना: विधवा के जीवन में तनाव और मानसिक दबाव का असर उसकी शारीरिक सेहत पर भी पड़ सकता है। वह अपनी देखभाल करने के बजाय परिवार और अन्य जिम्मेदारियों को प्राथमिकता देती है, जिससे उसकी शारीरिक स्थिति बिगड़ सकती है।स्वास्थ्य देखभाल की कमी: कई बार विधवाओं के पास आवश्यक स्वास्थ्य देखभाल की सुविधाएं नहीं होती, खासकर यदि वे आर्थिक रूप से कमजोर हों।


**8. दूसरी शादी का दबाव**

दोबारा शादी के लिए दबाव: कुछ समाजों में विधवाओं पर फिर से शादी करने का दबाव डाला जाता है, जबकि वह अभी भी अपने पहले पति के साथ बिताए गए समय के शोक में डूबे होते हैं। यह दबाव मानसिक रूप से परेशान कर सकता है। नए रिश्ते की चिंता: विधवा को नए रिश्ते में प्रवेश करने से डर हो सकता है, खासकर यदि उसने पहले रिश्ते में कोई बड़ा मानसिक या भावनात्मक नुकसान उठाया हो।

# केजरीवाल की ना-ना पर कांग्रेस की हां-हां

नए साल में दिल्ली विधानसभा चुनावों के लिए आम आदमी पार्टी लगातार कांग्रेस को नजरअंदाज करती दिख रही है. पिछले दो हफ्तों में दूसरी बार, आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आगामी दिल्ली विधानसभा चुनावों के लिए आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच कोई गठबंधन नहीं होगा. अरविंद केजरीवाल ने कांग्रेस के साथ गठबंधन को लेकर चल रही अटकलों के जवाब में पोस्ट किया कि आम आदमी पार्टी दिल्ली में अपने दम पर चुनाव लड़ेगी. कांग्रेस के साथ किसी भी प्रकार के गठबंधन की कोई संभावना नहीं है.पर इसके बावजूद कांग्रेस को लगता है कि दिल्ली में आम आदमी पार्टी उनसे समझौता जरूर करेगी. एक दिसंबर को अरविंद केजरीवाल ने यह क्लीयर कर दिया था कि दिल्ली विधानसभा चुनावों के लिए कांग्रेस से कोई गठबंधन नहीं होगा. मंगलवार शाम को केजरीवाल ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) प्रमुख और इंडिया गठबंधन के नेता शरद पवार से मुलाकात की, फिलहाल कांग्रेस को अनौपचारिक तौर पर भी नहीं पूछा गया. आप के राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा, जो पहले कई इंडिया गठबंधन की बैठकों में हिस्सा ले चुके हैं, ने बुधवार को पत्रकारों से कहा, मैं यह स्पष्ट कर रहा हूं कि आप आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव अपने दम पर लड़ेगी. गठबंधन का कोई सवाल ही नहीं उठता. आप और कांग्रेस के बीच किसी भी प्रकार के गठबंधन की खबरें निराधार हैं. आप ने पिछले तीन दिल्ली चुनाव अकेले अपने दम पर जीते हैं.जब 2025 में विधानसभा चुनाव होंगे, आप अपने काम और अरविंद केजरीवाल के नाम पर चुनाव लड़ेगी और जीतेगी. गठबंधन की कोई संभावना नहीं है. इंडियन एक्सप्रेस अपने सूत्रों के आधार पर लिखता है कि पिछले महीने तक बातचीत जारी थी, लेकिन अब आप को स्पष्ट है कि दिल्ली में गठबंधन से कोई लाभ नहीं होगा. सबसे बड़ा कारण तो यही है कि दोनों पार्टियों की स्थानीय इकाइयां गठबंधन नहीं चाहती हैं. दूसरे आप नेतृत्व को लगता है कि कांग्रेस से कई लोग आप में शामिल होना चाहते हैं, ऐसे में गठबंधन का कोई मतलब नहीं रह जाएगा. आम आदमी पार्टी की सबसे बड़ी चिंता यह है कि दिल्ली में कांग्रेस अपने मतदाता आधार को पुनः प्राप्त करने के लिए संघर्ष कर रही है. ऐसे में सीटें छोड़ने से कांग्रेस फिर से मजबूत हो सकती है. आम आदमी पार्टी को यह भी लगता है कि एंटी इंकंबेंसी से लड़ने के लिए सबसे बेहतर यही होगा कि कांग्रेस दिल्ली के लोगों के लिए तीसरे विकल्प के रूप मे मौजूद रहे. इससे आम आदमी पार्टी से नाराज लोगों के सामने 2 विकल्प होंगे. इस तरह नाराजगी वाले सारे वोट बीजेपी को ओर नही जाएंगे.

**डॉ. एम.ए.रशीद, नागपूर**



शुक्रवार स्पेशल — भाग (68)

# इस्लाम में सेवा सुश्रा की पात्रता रखने वालों में परिजनों का स्थान

## मुस्लिम समुदाय को नातेदारों के साथ अच्छे व्यवहार करना चाहिए

कुरआन और अन्य स्थानों पर माता पिता के तुरन्त बाद नातेदारों का भी उल्लेख किया गया है। इस्लाम में सेवा सुश्रा की पात्रता रखने वालों में नातेदारों का भी प्रमुख स्थान है। इसमें इस बात की ओर संकेत किया गया है कि माता पिता के बाद सबसे अधिक हक़ और अधिकार नातेदारों का है। इसलिए नातेदारों, रिश्तेदारों के साथ अच्छे व्यवहार किया जाना चाहिए। पवित्र क़ुरआन में कहा गया है कि "और नातेदारों के साथ अच्छा व्यवहार करो।" माता पिता ही से नातेदारों, रिश्तेदारी की नातेदारी पैदा होती है। अतः आधार तो वही हैं, फिर जो व्यक्ति उनसे जितना क़रीबी सम्बन्ध रखता है उसका हक़ भी उतना ही बढ़ जाता है। नातेदारों के साथ अच्छा व्यवहार 'सिला रहमी' (खून के रिश्तों को जोड़े रखना और प्रेम करना) है। पवित्र क़ुरआन 13:21 में इसकी बड़ी ताकीद की गई है। एक स्थान पर अल्लाह के प्रियजनों की विशेषताएँ इस प्रकार बयान की गई हैं कि "(और उनकी नीति यह होती है कि) अल्लाह ने जिन-जिन नातों को जोड़े रखने का आदेश दिया है उन्हें जोड़े रखते हैं, अपने रब से डरते हैं और इस बात से डरते हैं कि कहीं उनसे सख्त हिसाब न लिया जाए।" रिश्तेदारों, नातेदारों के साथ अच्छे व्यवहार से पूरा सामाजिक जीवन आनन्दमय बन जाता है। जहां यह खूबी न हो वहां सामाजिकता में बिगाड़ आ जाता है। इसी कारण नातेदारों से अच्छे व्यवहार का बड़ा ही महत्त्व बताया गया है। हज़रत सुलैमान बिन आमिर रज़ि अल्लाह के रसूल हज़रत मुहम्मद सल्लल्लाहू अलैहि वसल्लम से रिवायत करते हैं कि आपने फरमाया कि "किसी ऐसे मुहताज को (जिससे नाता न हो) सदक़ा (दान) देना केवल एक सदका है, लेकिन वही सदक़ा किसी सम्बन्धी को दिया जाए तो यह सदका भी है और सिला रहमी (नातेदारों से अच्छा व्यवहार) भी।

(तिरमिज़ी, नसई) इससे यह अभिप्राय है कि रिश्तेदारों, नातेदारों पर खर्च करना दुगुने सवाब (पुण्य) का कारण है। इसके एक पहलू से यह सामान्य सदक़ा है जिस प्रकार अन्य सदके हैं। दूसरे पहलू से नातेदारों के साथ अच्छा व्यवहार भी है और सिला रहमी भी। यह एक वास्तविकता है कि इनसान अपने नातेदारों से स्वाभाविक रूप से निकटता महसूस करता है। इसी के साथ यह भी एक हक़ीक़त है कि कुछ रिश्तों में से बड़ी कोमलता पाई जाती है। साधारण-सी घटनाओं से वैमनस्य पैदा हो जाता और सम्बन्ध बिगड़ने लगते हैं। हदीस में कहा गया है कि इन सम्बन्धों को बिगाड़ने न दिया जाए और उन्हें क़ायम रखने का हर संभव प्रयत्न किया जाए। अच्छा व्यवहार ही इस एक बेहतरीन तरीक़ा है। निम्न दो हदीसों में इसका स्पष्टीकरण दिया गया है कि हज़रत अब्दुल्लाह बिन उमर रज़ि की रिवायत है कि अल्लाह के रसूल हज़रत मुहम्मद सल्लल्लाहू अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया कि "नाता जोड़नेवाला (सिला रहमी करनेवाला) वह नहीं है जो नातेदारों से उस समय नाता जोड़े जबकि वे भी उसके साथ अच्छा व्यवहार करें, बल्कि वास्तव में नाता जोड़नेवाला तो वह है जो उस समय नातों को जोड़े जबकि वे टूट जाएँ।" (बुखारी, अबू दाऊद) हज़रत अबू हुरैरा रज़ि की रिवायत है कि एक व्यक्ति ने अल्लाह के रसूल हज़रत मुहम्मद सल्लल्लाहू अलैहि वसल्लम से कहा कि "मेरे कुछ नातेदार हैं। मैं तो उनसे नाता जोड़ता हूं, परन्तु वे मुझसे नाता तोड़ते हैं। मैं उनसे अच्छा व्यवहार करता हूं और वे मेरे साथ बुरा व्यवहार करते हैं, मैं उन्हें माफ़ करता हूं परन्तु वे मेरे साथ घटिया व्यवहार करते हैं।" आपने यह सुनकर फ़रमाया कि "यदि तुम्हारा व्यवहार ऐसा ही है जैसा कि तुमने बयान किया है तो मानो तुम उनके मुँह में गर्म राख भर रहे हो और जब तक तुम्हारा यह व्यवहार बना रहेगा अल्लाह की ओर से एक मददगार तुम्हारे साथ रहेगा।"



(मुस्लिम) ऊपर वर्णित शब्द सुलह रहमी का अर्थ है निकट संबंधियों का हक अदा करना और उनके साथ अच्छा व्यवहार करना और क़-त रहमी का मतलब इसके विपरीत है, यानी रिश्तेदारों का हक अदा न करना और उनके साथ बुरा व्यवहार करना है। पवित्र क़ुरआन और हदीस में आम तौर पर उनके लिए दो शब्दों का इस्तेमाल किया गया है, ज़विल- अरहाम (मां की ओर के रिश्तेदार, नातेदार) और ज़विल क़ुर्बा अर्तात रिश्तेदार, स्वजन, नातेदार, एक वंश के लोग, निकट संबंधी लोग में वे सभी रिश्तेदार शामिल हैं जिनसे ख़ूनी रिश्ता होता है, चाहे वह रिश्ता पिता की तरफ़ से हो या मां की तरफ़ से और चाहे वह रिश्ता कितना भी दूर का क्यों न हो। यदि कोई व्यक्ति अपने क़रीबी रिश्तेदारों के साथ अच्छा व्यवहार नहीं करता है, तो इसका यही एक उपाय है कि वह उनके साथ अच्छे व्यवहार शुरू कर दे और यदि उनके अधिकारों (हक़ूक़ूल इबाद) में उल्लंघन हुआ हो तो उसे माफ़ी तलाफ़ी कर ले चाहिए और अगर उनसे कोई चीज़ ले ली हो तो उन्हें वापस कर दे यही रिश्तेदारों के हुस्ने सुलूक का बेहतरीन उपाय है। इस्लामी शरीयत में सुलह-रहमी अनिवार्य है और रिश्तों को विच्छेद करना हराम, वर्जित है। पवित्र क़ुरआन और धन्य हदीसों में सुलह रहमी पर ज़ोर और रिश्तों को विच्छेद करने की निंदा का वर्णन किया गया है। पवित्र क़ुरआन की रोशनी में सुरह बक़र की पंक्ति क्र 27 में ईश्वर का मार्गदर्शन यह है कि "जो अल्लाह से पक्का वचन करने के बाद उसे भंग कर देते हैं तथा जिसे अल्लाह ने जोड़ने का आदेश दिया, उसे तोड़ते हैं और धरती में उपद्रव करते हैं, वही लोग क्षति में पड़ेंगे"। क़-त रहमी अर्थात रिश्तेदारों से संबंध विच्छेद करना सुलह रहमी के विपरीत है। इसका तात्पर्य यह है कि रिश्ते नातेदारों से बदगुमानी करना, उनकी ग़ीबत करना, चग़ली खाना, उनसे मीठी भाषा के स्थान पर कठोर शब्दों का प्रयोग करना, ज़रूरत पड़ने पर उनकी आवश्यकताओं की पूर्ति न करना, रिश्ते की महत्ता का सबूत न देना, आपसी मेल-मिलाप न करना, खुशी-दुख या किसी अन्य महत्वपूर्ण अवसर पर उन्हें शामिल न करना। उन्हें अपने साथ साझा करना या न करना, उनके उपहार स्वीकार न करना, उनके निमंत्रण स्वीकार न करना, उनकी बीमारी के अवसर पर इयादत (रोगी का हाल पूछने और उसे ढारस देने के लिए उसके पास जाना, बीमार को देखने जाना या हाल-चाल मालूम करना) के लिए न जाना और ईर्ष्या करना आदि रिश्तेदारों, नातेदारों के साथ व्यवहारिक ज़िन्दगी में ऐसी बहुत सी स्थितियां दिखाई देती हैं। हज़रत अब्दुल्लाह बिन उमर रज़ि से रिवायत है कि पैग़ंबर हज़रत मुहम्मद सल्लल्लाहू अलैहि वसल्लम ने कहा कि "जो कोई यह चाहे कि कब्र में अपने पिता को सांत्वना पहुंचाए और उनकी सेवा करे तो अपने पिता की मृत्यु के बाद उसके भाइयों (अपने चाचाओं) के साथ अच्छा व्यवहार रखे जो रखना चाहिए। (साहिह इब्न हब्बान) करो मेहरबानी तुम अहले ज़मीं पर। ख़ुदा मेहरबान होगा अरशे बरीं पर।।

# हृदय स्वास्थ्य के लिए सर्वोत्तम दवा

## > कैप. हृदय कवच, कैप. कार्डिओ अमृत, को-एच और क्लीन हार्ट सिरप

यह सभी हृदय रोगों से बचाव के लिए प्रभावी दवाएं हैं। आयुर्वेद एक शाश्वत चिकित्सा शास्त्र है। जिसमें शरीर के संपूर्ण स्वास्थ्य का पूरा ध्यान रखा गया है। इसकी चिकित्सा औषधी अत्यंत विशुद्ध अमृततुल्य होती है। जो दुष्परिणाम विरहित होकर चिकित्सा अपुनर्भव होती है अर्थात रोगों को समूल नष्ट कर देती हैं। इन उत्पादों के माध्यम से हृदय रोगों का प्रबंधन और उपचार संभव है, जिससे जीवन की गुणवत्ता में सुधार होता है। आजकल की भागदौड़ की जिंदगी में असमय, अशास्त्रीय तरीके से खाना पिना, रात्रि जागरण मानसिक एवं शारीरिक तनाव, आधुनिक जीवन शैली इत्यादि के कारण ऑक्युपेशनल डिसऑर्डर अर्थात जिवनशैली से अथवा काम में संबंधित विकार होने शुरु हो गये है। उसमें हाई बि.पी, शुगर के साथ हृदय विकार भी आमतौर पर देखे जा रहे हैं। आजकल स्त्री हो या






पुरुष 18 साल के ऊपर की उम्र के किसी भी व्यक्ती को हृदय रोग होते हुए देखे जा रहे हैं। उसका कारण आजकल की अशास्त्रीय आधुनिक जीवन शैली के अलावा कोविड-19 पैन्डेमिक भी माना जा रहा है। टॅबलेट डॉ कोलो एच और क्लीन हार्ट सिरप अत्यंत प्रभावी औषधी पायी गयी है। उपर्युक्त वर्णित हृदय रोग चाहे वह किसी भी आयु की व्यक्ति का हो उपर्युक्त वर्णित औषधियों से समूल संपूर्ण, नष्ट हो जाता है। इसके साथ स्वस्थ व्यक्ती भी अपने हृदय को स्वस्थ रखने, बीपी कोलेस्ट्रॉल को नॉर्मल रखने के हेतु से उपर्युक्त वर्णित औषधि अनुभवी वैद्यों की सलाह एवं परामर्श से सेवन कर सकते है। शिव शंकर 'आयुर्वेद एजेंसी' द्वारा निर्मित कैप-हृदय कवच और कैप-कार्डियो अमृत जैसे उत्पाद, हृदय रोगों के प्रबंधन और उपचार के लिए उत्कृष्ट विकल्प हैं। ये औषधियां न केवल हृदय स्वास्थ्य में सुधार करती हैं, बल्कि जीवन की गुणवत्ता को भी बढ़ाती हैं। योग कॉम्प्लेक्स, सिताबर्डी, टेम्पल बाजार रोड, महाजन मार्केट, नागपुर, आयुर्वेदिक दवाओं और उपचारों के साथ अधिक जानकारी और परामर्श के लिए, आप शिवशंकर आयुर्वेदिक क्लिनिक और शिवशंकर आयुर्वेदिक एजेंसी से अथवा इस 9112079000 / 8605245080 नंबर पर संपर्क कर सकते हैं।

**शिवशंकर आयुर्वेद एजन्सी**

## लघुकथा

**एस. के. पाण्डेय**

# उलझन


लगभग आठ साल पहले की बात है। मैं इलाहाबाद में अपने एक मित्र से मिलने जा रहा था। एक बच्चा रास्ते में मिला और बोला आप मेरी कुछ मदद कर सकते हैं। मैंने कहा अपनी परेशानी तो बताइए। बोला यदि आज भी मेरी फीस जमा नहीं होगी तो मुझे छमाही परीक्षा में बैठने नहीं दिया जायेगा। कल से ही परीक्षा है। पिताजी की मृत्यु हो गई है। घर में केवल माँ जी ही हैं। फीस भरने को पैसे नहीं हैं। अक्सर ठगी के बारे में सुनता था। आजकल ऐसी घटनाएँ बहुत आम हो गईं है।

इसलिए पात्र और अपात्र को पहचान कर ही मदद के लिए कोई कदम उठाना चाहिए। इसी चक्कर में चाह कर भी किसी जरुरतमंद की भी मदद नहीं हो पाती। लेकिन मेरे सामने एक मासूम बच्चा था। जो दस-बारह साल का था। सातवीं कक्षा में पढ़ता था, उसने ही बताया था। मैं उलझन में पड़ गया। क्या इसे ठग समझकर डांटकर भगा दूँ।

अथवा पैसा दे दूँ। लेकिन विचारणीय यह था कि क्या इस उम्र में ही यह ठगी पर उतर आया है? दूसरे क्या यह इस उम्र में ठगी करेगा?

वह किसी सार्वजनिक स्थान पर भीख मांगने वाले बच्चों में से नहीं था। देखने में साफ-सुथरा था। उसके पास सायकिल, झोला और किताब तथा स्कूली ड्रेस भी था। एक छोटा बच्चा जिसके पिता मर चुके हैं। जो सायकिल पर झोला रखे स्कूल जा रहा है। शायद पढ़ना चाहता है। पर किस्मत साथ नहीं दे रही है। सबसे बड़ी उलझन वाली बात थी उसकी फीस की रकम। बीस रूपये! इतनी कम फीस! इलाहबाद जैसे शहर के किसी स्कूल की! मैंने उससे कहा कि मैं आपकी फीस दे दूँगा। लेकिन स्कूल चलकर आपके अध्यापक से भी मिलना चाहता हूँ। वहाँ पहुँचकर फीस जमा कर दूँगा।

उसे सायकिल पर बैठाया और खुद उसकी सायकिल चलाने लगा। यूनिवर्सिटी रोड जैसे व्यस्त सड़क पर मैं पहली बार सायकिल चला रहा था। थोड़ी देर बाद वह बोला यहीं मेरा एक दोस्त रहता है। आप यहीं रुकें। मुझे उससे किताब लेनी है। मुझे देर हो रही थी। इसलिए मैंने उसे मना कर दिया और उसके बताए हुए स्कूल पर जा पहुंचा।



उसे सायकिल-स्टैंड में सायकिल खड़ी करने के लिए कहकर मैं उसकी प्रतीक्षा करने लगा। मैंने सोचा कि अलग से कक्षा अध्यापक से मिलना ठीक रहेगा। शायद बच्चों के सामने बात करने से कुछ बच्चे इसका मजाक बनाएँ। किसी के मजबूरी का मखौल उड़ाने में बड़े भी नहीं चूकते। बच्चे तो आखिर बच्चे ही ठहरे। लगभग आधे घंटे तक मैंने उसके लौटने की प्रतीक्षा किया। सायकिल स्टैंड भी गया। कई प्रश्न उठ रहे थे।

क्या आज दस साल के बच्चों का भी जेब खर्च इतना बढ़ गया है जिससे उन्हें ठगी का रास्ता अपनाना पड़ रहा है? क्या माता-पिता से इनकी आवश्यक आवश्यकताएं भी नहीं पूरी हो पाती? क्या माता-पिता इस कदर बच्चों से दूर होते जा रहे हैं कि बच्चे उन्हें मृतवत ज्यादा तथा जीवित कम पा रहे हैं. क्या सभी माता-पिता अपने बच्चों को पहचान पा रहे हैं? बाद में एक लड़के से पूछा कि क्या कल से छमाही परीक्षा शुरू हो रही है। उस लड़के ने बताया कि छमाही परीक्षा कब की समाप्त हो चुकी है।

अब मन में यही उलझन थी कि प्रिंसिपल से या किसी अध्यापक से इस घटना के बारे में चर्चा करूँ अथवा चलता बनूँ। शायद वह यहाँ का विद्यार्थी ही न हो। यदि हो भी तो बात फैलने पर शायद शर्म वश कहीं स्कूल आना ही न छोड़ दे। धीरे-धीरे मैं अपने गंतव्य की ओर बढने लगा।

लेकिन मन में अब भी एक प्रश्न उठ रहा था कि आज के जो बच्चे सिर्फ बीस रूपये के लिए अपने पिता को मृत बता सकते हैं। शायद वे बड़े होकर कुछ रुपयों के लिए अपने पिता का खून करने में भी नहीं हिचकिचाएँगे।

नागपुर मेट्रो समाचार : फैजान मिडिया सर्विसेस प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशकः फैजान सिराज शेख ने देश पब्लिकेशन, ई-30/2 हिंगणा एमआईडीसी, नागपुर-16 से मुद्रित कर 532, हनुमान नगर नागपुर.440009 से प्रकाशित किया.
संपादकः इमरान मुमताज शेख, मो. 9730005662 (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) ngpms2019@gmail.com RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 (सभी न्यायालयीन प्रक्रिया नागपुर न्यायालय में होगी.)

CMYK

# 2.50 लाख किफायती घर बनाने की घोषणा

## किराए पर भी मिलेंगे फ्लैट

**मुंबई.**



कई वर्षों से मुंबई में अपना एक घर होने का सपना देखने वालों के लिए अच्छी ख़बर है। महाराष्ट्र गृहनिर्माण क्षेत्र विकास प्राधिकरण (म्हाडा) के मुंबई बोर्ड ने अगले पांच वर्षों में मुंबई में 2.50 लाख नए घरों का निर्माण करने की घोषणा की है। नए घर तैयार करने के साथ ही म्हाडा ने अफोर्डेबल घर की कीमत में 30 फीसदी तक कटौती करने की योजना पर काम शुरू कर दिया है। म्हाडा मुंबई बोर्ड के मुख्य अधिकारी मिलिंद बोरीकर के मुताबिक, बोर्ड के पास मुंबई में 2 हजार हेक्टेयर जमीन है।

वहीं, 114 विभिन्न सहकारी गृहनिर्माण संस्था की बिल्डिंगों का रीडिवेलपमेंट होना। पुरानी बिल्डिंगों के रीडिवेलपमेंट होने से मुंबई में बड़े पैमाने में हाउसिंग स्टॉक उपलब्ध होगा। विभिन्न योजना के माध्यम से मुंबई बोर्ड को आगामी पांच वर्ष में 2.50 लाख घर उपलब्ध होंगे। रीडिवेलपमेंट प्रोजेक्ट से जुड़ी सभी आवश्यक अनुमति एक छत के नीचे दी जा रही है।

मुंबई में आसमान छूती घरों की कीमतों की वजह से लोगों को म्हाडा के घरों से काफी उम्मीद रहती है। यही कारण है कि मुंबई बोर्ड के हर एक घर के लिए 40 से अधिक आवेदन म्हाडा को प्राप्त होते हैं। कुछ महीने पहले जारी हुई 2,030 घरों की लॉटरी के लिए 1.29 लाख लोगों ने ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करवाया था।

वहीं, 2023 में 4,082 घरों की लॉटरी के लिए म्हाडा को 1.09 लाख आवेदन प्राप्त हुए थे। आवेदकों की तुलना में लॉटरी में बेहद कम घर उपलब्ध होने के कारण लोगों का घरों का इंतजार लगातार लंबा होता जा रहा है। पांच साल में 2.50 घर तैयार होने से लोगों का घरों का सपना जल्द पूरा होने की उम्मीद बढ़ गई है।

**क्षमता का पूरा इस्तेमाल नहीं**

म्हाडा के मुख्य कार्यकारी अधिकारी संजीव जयसवाल के अनुसार, मुंबई समेत एमएमआर ने अधिक से अधिक अफोर्डेबल घर तैयार करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए हैं। क्लस्टर डिवेलपमेंट, पुरानी सेस बिल्डिंगों का रीडिवेलपमेंट होने से बिल्डरों से अतिरिक्त घर म्हाडा को मिलने और साउथ मुंबई की हजारों की सेस बिल्डिंगों का रीडिवेलपमेंट होने से मुंबई में नए घर तैयार होंगे। संजीव के अनुसार, एमएमआर में विकास की आपार संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि संभावना का पूरा इस्तेमाल नहीं होने पर एमएमआर का चयन नीति आयोग ने ग्रोथ हब के तौर पर किया है।

### म्हाडा को बिल्डरों संग चर्चा की ज़रूरत?

नीती आयोग ने एमएमआर क्षेत्र का चयन ग्रोथ हब के तौर पर किया है। आयोग ने 2030 तक एमएमआर में 30 लाख अफोर्डेबल घर तैयार करने का लक्ष्य रखा है। 30 लाख घरों में 8 लाख घर तैयार करने का जिम्मा म्हाडा ने लिया है। 8 लाख में से 2.50 लाख घर मुंबई में बनेंगे। क्षेत्र में लाखों घरों का निर्माण निजी बिल्डरों की भागीदारी के बगैर संभव नहीं है।

# 20 दिसंबर ढाई घंटे बंद रहेगा साईं मंदिर

**मुंबई.** अगर आप 20 दिसंबर को साईं दर्शन के लिए शिरडी जा रहे हैं तो ये खबर आपके लिए है. शिरडी प्रशासन के मुताबिक साईं बाबा का समाधि मंदिर 20 दिसंबर को दोपहर दो बजे से शाम 4:30 बजे तक दर्शन के लिए बंद रहेगा. दरअसल साईं बाबा मूर्ति की 3 डी स्कैनिंग की जानी है. इसके साथ ही 3डी स्कैनिंग के जरिए मूर्ति का डेटा इकट्ठा किया जाएगा जाएगा जिसके लिए इस दिन का ये समय निर्धारित किया गया है. थ्री डी स्कैनिंग के लिए शिरडी साईं मंदिर प्रशासन की तरफ से बकायदा विशेषज्ञों की एक समिति गठित की गई है. इस काम के लिए 20 दिसंबर को दोपहर 2 बजे से शाम 4:30 बजे तक समाधि मंदिर बंद रखने का निर्णय लिया गया है. क्योंकि शिरडी साईं धाम में दुनिया भर से लोग दर्शन के लिए आते है. सबकी आने जाने की बुकिंग होती है. भक्तों को किसी भी तरह की दिक्कत ना हो इसकी वजह से साईं संस्थान ने साईं भक्तों से अपील की है कि वे इस तारीख का ध्यान रखे.

# कुर्ला बस हादसे में बड़ा खुलासा

## > लोगों को रौंदने के बाद खिड़की से कूद गया था ड्राइवर

**मुंबई.**



कुर्ला क्षेत्र में सात लोगों को कुचलने वाली बृहन्मुंबई विद्युत आपूर्ति एवं परिवहन (बेस्ट) की बस के सीसीटीवी फुटेज में नजर आ रहा है कि चालक संजय मोरे इस दुर्घटना के बाद बस के केबिन से दो बैग उठाकर टूटी खिड़की से बाहर कूद गया। सोशल मीडिया पर इस घटना से संबंधित 50 सेकंड से एक मिनट तक के चार-पांच वीडियो क्लिप वायरल हो गए। उन वीडियो में दिख रहा है कि कुर्ला (पश्चिम) की एक सड़क पर सोमवार रात इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) अनियंत्रित होकर कुछ वाहनों तथा पैदल चल रहे लोगों को टक्कर मार रहा था और यात्री घबराए हुए थे।

कुछ यात्री डंडों को और हैंडल को कसकर पकड़ने की कोशिश कर रहे थे, जबकि अन्य अपनी सीट से उठकर यह देखने की कोशिश कर रहे थे कि बस के आगे बढ़ने पर सड़क पर क्या हो रहा है।वहीं जैसे ही बस रुकी तो कई यात्री टूटी खिड़कियों से बाहर कूद पड़े।

इसके साथ ही एक वीडियो क्लिप में नजर आ रहा है कि संजय मोरे दो काले बैग लेकर बस के केबिन से निकल रहा है और उसकी बाईं ओर की टूटी खिड़की से बाहर कूद रहा है। बस का परिचालक पीछे की तरफ के दरवाजे से नीचे उतरा।

नगर निगम द्वारा संचालित बेस्ट उपक्रम की ई-बस ने सोमवार रात करीब साढ़े नौ बजे कुर्ला (पश्चिम) में एसजी बर्वे मार्ग पर पैदल चल रहे यात्रियों तथा वाहनों को टक्कर मार दी थी। इस हादसे में सात लोगों की मौत हो गई और 42 अन्य घायल हो गए थे। बस चालक को गैर इरादतन हत्या के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया है और 21 दिसंबर तक के लिए पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। वहीं अब तक सामने आए विवरण के अनुसार, मोरे को ई-वाहन चलाने का कोई अनुभव नहीं था और उसने ईवी चलाने के लिए केवल 10 दिन का प्रशिक्षण लिया था। महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम और बेस्ट के शीर्ष अधिकारियों ने सरकारी एजेंसियों को लीज पर बसें उपलब्ध कराने वाले निजी 'ऑपरेटर' के साथ बुधवार को बैठक की। इस पर अधिकारियों ने चालकों के प्रशिक्षण पर ध्यान केंद्रित करने और सुरक्षा के अतिरिक्त कदम उठाने की बात कही है।

# केजरीवाल अकेले चुनाव लड़ने के लिए सक्षम

## > प्रियंका चतुर्वेदी ने दी प्रतिक्रिया

**मुंबई.**

विधानसभा चुनाव में अब कुछ हफ्तों का वक्त बचा है. इससे पहले आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने ऐलान किया है कि पार्टी कांग्रेस के साथ गठबंधन नहीं करेगी. इस पूरे मामले पर शिवसेना (यूबीटी) सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने अपनी प्रतिक्रिया जाहिर की है. प्रियंका ने कहा कि पश्चिम बंगाल में अगर टीएमसी अकेले चुनाव लड़ सकती है तो दिल्ली में अरविंद केजरीवाल भी चुनाव लड़ सकते हैं. केजरीवाल को यह लगता है कि दिल्ली में अकेले चुनाव लड़ने के लिए सक्षम हैं और सरकार बना सकते हैं तो उनका निर्णय सभी को स्वीकार होगा. राज्यसभा सांसद ने कहा है कि इंडिया ब्लॉक एकजुट हुआ है. हमारी विचारधारा अलग-अलग हो सकती हैं. लेकिन हमारी सोच देशहित में है. हमारी सोच है कि संविधान को कैसे बचाना है. किसी के साथ गलत हुआ है तो उसे इंसाफ दिलाना है. ईवीएम को लेकर शरद पवार के यहां इंडिया ब्लॉक के नेताओं की मुलाकात पर प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा कि सुप्रीम



कोर्ट बिल्कुल जाना जरूरी है.

उद्धव ठाकरे के करीबी नेताओं में शुमार प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा कि हमारी अपेक्षा चुनाव आयोग से यह थी कि जनता के मन में जो भी सवाल या शंका है, उसका समाधान किया जाए.

अगर जनता को लगता है कि उसका वोट जहां उसने वोट किया था, वहां नहीं गया है, तो यह चर्चा का विषय बन जाता है. ऐसी चिंताओं का जवाब देना चुनाव आयोग की जिम्मेदारी है, लेकिन चुनाव आयोग जवाब देने से बच रहा है. चुनाव आयोग से हमारी बहुत अपेक्षाएं थी. लेकिन वह विफल रही है.

महाराष्ट्र में एक गांव बैलेट पेपर से चुनाव कराने की मांग कर रहा है. वहां धारा 144 लागू कर दी जाती है. गांव के लोग मॉक पोल करना चाहते थे. लेकिन उन्हें नहीं करने दिया गया. मैं कहना चाहती हूं कि ईवीएम को लेकर जनता के मन में जो अविश्वास है, जनता के मन में जो भावना है, वह खत्म करना जरूरी है. हमें उम्मीद है कि सुप्रीम कोर्ट के माध्यम से चुनाव आयोग जवाब देगा. बेंगलुरु में इंजीनियर की आत्महत्या के मामले में प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा है कि यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि यह घटना सोशल मीडिया पर वायरल हो गई. मैंने खुद वीडियो देखा, जिसमें उसने बताया कि कैसे उसे प्रताड़ित किया गया, कैसे उसे अदालत से न्याय नहीं मिला और कैसे उसे उसके बच्चे से दूर रखा गया. यह वाकई दुखद है. हमारी न्याय व्यवस्था को कभी भी किसी को ऐसा निर्णय लेने के लिए मजबूर नहीं करना चाहिए. हम यही उम्मीद करते हैं.

शिवसेना नेता ने कहा कि मैं खुद प्रखर रूप से महिलाओं की आवाज उठाती हूं. लेकिन अगर किसी पुरुष के साथ भी नाइंसाफी होती है तो मैं डटकर लड़ाई लड़ूंगी. मैं मृतक के परिजनों से कहना चाहती हूं कि हम सब उनकी लड़ाई में उनके साथ हैं.

इंडिया एलायंस के नेतृत्व पर उठ रहे सवाल पर प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा है कि कोई सवाल नहीं उठाया जा रहा है, यह सिर्फ चर्चा का विषय है. कोई सवालिया निशान नहीं है. पूछा जा रहा सवाल यह है कि क्या ऐसा निर्णय लिया जा सकता है. मेरा मानना है कि इंडिया एलायंस इतना मजबूत और सक्षम है, जिसमें इतने सारे नेता हैं जो एलायंस और देश का नेतृत्व कर सकते हैं. इंडिया ब्लॉक में प्रजातंत्र है. जो भी निर्णय होगा इंडिया एलायंस की मीटिंग में होगा.

# महिला ने 1 साल के बेटे को टंकी में फेंका

**ठाणे.**



जिले में बच्चे की हेल्थ से जुड़े मुद्दे पर अपनी सास के साथ विवाद के बाद एक महिला ने कथित तौर पर अपने एक साल बेटे को पानी की टंकी में फेंककर मार डाला. पुलिस ने गुरुवार को ये जानकारी दी है. उन्होंने बताया कि यह घटना बुधवार को शाहपुर तालुका के वासिंद के पास कसाने गांव में हुई और पडघा पुलिस ने बाद में महिला को गिरफ्तार कर लिया. पास के एक गोदाम में सुरक्षा गार्ड के रूप में काम करने वाले बच्चे के पिता ने 2022 में महिला से शादी की थी. पडघा पुलिस स्टेशन के एक अधिकारी ने बताया कि पिछले साल, दंपति का बेटा जन्मजात बीमारी के साथ पैदा हुआ था और उसका मुंबई के वाडिया अस्पताल में इलाज चल रहा था. बच्चे की देखभाल को लेकर महिला और उसकी सास के बीच अक्सर अनबन रहती थी. मंगलवार को बच्चे की दादी ने उसके स्वास्थ्य को लेकर चिंतित होकर अपनी बेटी से मिलने के दौरान उसे टिटवाला ले जाने का फैसला किया.

अधिकारी ने कहा, हालांकि, बच्चे को वहां बुखार हो गया और उसकी दादी उसे कसाने वापस ले आईं. उन्होंने बताया कि बाद में बच्चे की मां और दादी के बीच उसकी स्वास्थ्य स्थिति को लेकर तीखी बहस हुई. स्थिति को शांत करने का प्रयास करने के बाद बच्चे का पिता अपनी नाइट शिफ्ट पर चला गया. बुधवार की सुबह जब वह लौटा तो सोने से पहले कुछ देर अपने बेटे के साथ खेला. अधिकारी ने बताया कि इस दौरान बच्चे की मां ने कथित तौर पर उसे घर की पहली मंजिल पर स्थित पानी की टंकी में डुबो दिया. बाद में, जब उसे बेटा नहीं दिखाई पड़ा तो उसने परिवार के सदस्यों और दोस्तों के साथ उसकी तलाश शुरू की. इस बीच, बच्चे की मां शिकायत लेकर पुलिस के पास पहुंची और दावा किया कि उसका बेटा लापता हो गया है. उसके पति को शक हुआ और उसने उसका विरोध किया.

उन्होंने बताया कि महिला ने उसके सामने कबूल कर लिया कि उसने अपने बच्चे को मार डाला है. बाद में उस व्यक्ति ने पडघा पुलिस से संपर्क किया और शिकायत दर्ज कराई. पुलिस निरीक्षक बाला कुंभार ने कहा कि शव को बरामद कर लिया गया है और पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल भेज दिया गया है. उन्होंने बताया कि महिला को हिरासत में ले लिया गया और हत्या और अन्य आरोपों के तहत मामला दर्ज किया गया.

# गड्ढे में गिरने से युवक की मौत

**मुंबई.** सीवेज नहर के लिए खोदे गए गड्ढे में गिरने से 52 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई. इस संबंध में तिलक नगर पुलिस ने संबंधित नगर पालिका के ठेकेदार के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और पुलिस आगे की जांच कर रही है. पिछले कुछ दिनों से नगर पालिका चेंबूर के तिलक नगर इलाके में बिल्डिंग नंबर 43 में सीवरेज चैनल बिछाने का काम कर रही है.

इसके लिए 25 फीट गहरा गड्ढा खोदा गया है. हालाँकि, इस गड्ढे के किनारे कोई सुरक्षा सावधानी नहीं बरती गई थी। इलाके में रहने वाले राजू दवंडे (52) वहां से गुजर रहे थे, तभी उनका पैर फिसल गया और वह 25 फीट गहरे गड्ढे में गिर गए. जैसे ही कुछ स्थानीय लोगों की नजर इस मामले पर पड़ी तो उन्होंने तुरंत घटना की जानकारी तिलक नगर पुलिस और फायर ब्रिगेड कर्मियों को दी.

# दुर्गाडी किले पर मुसलमानों ने बनाई मस्जिद

**मुंबई.**



48 साल बाद कल्याण के ऐतिहासिक दुर्गाडी किले को लेकर बड़ा फैसला आया है। कल्याण सिविल कोर्ट ने दुर्गाडी के अंदर ईदगाह (प्रार्थना स्थल) के स्वामित्व का दावा करने वाले एक मुस्लिम ट्रस्ट के दायर मुकदमे को खारिज कर दिया है। कोर्ट ने महाराष्ट्र सरकार के पक्ष में फैसला सुनाया है। सिविल जज सीनियर डिवीजन एएस लांजेवार ने कहा कि यह निर्धारित किया गया है कि ट्रस्ट का दावा अमान्य है क्योंकि वह कथित बेदखली के बाद तीन साल की अवधि के भीतर मुकदमा दायर करने में विफल रहा, जो कि सीमा अधिनियम के तहत आवश्यक है। दुर्गाडी किले में स्थित दुर्गाडी मंदिर और ईदगाह के स्वामित्व को लेकर कानूनी लड़ाई 1976 से चल रही है। मजलिश-ए-मुशावरीन मजीद ट्रस्ट ने मुकदमा दायर किया था। दुर्गाडी नमाज स्थल पर मुस्लिम समुदाय की दायर याचिका को मंगलवार को एक सिविल कोर्ट ने खारिज कर दिया और इसे ठाणे कलेक्टर (महाराष्ट्र सरकार) की भूमि घोषित कर दिया। ट्रस्ट अधिकारियों ने कहा कि वे इस आदेश के खिलाफ बॉम्बे हाई कोर्ट में अपील करेंगे। महाराष्ट्र में यह विवाद सबसे पहले दिवंगत बालासाहेब ठाकरे ने उठाया था। बाद में शिवसेना के पदाधिकारी आनंद दिघे ने यह मुद्दा उठाया। आनंद दिखे से उनके शिष्य एकनाथ शिंदे ने इस मुद्दे को लेकर मुखर थे। मुस्लिम ट्रस्ट के दावों को खारिज किए जाने के बाद, केस लड़ रहे हिंदू संगठनों के नेताओं के साथ-साथ शिवसेना, भारतीय जनता पार्टी और शिवसेना यूबीटी के नेताओं ने अदालत के फैसले पर खुशी जताई।

# चलती बस में महिला की हार्टअटैक से मौत

**अमरावती.** अमरावती में बेटी के घर से बस में सवार होकर अपने घर जा रही महिला को क्या पता था कि यह उसकी अंतिम यात्रा होगी। महिला के दामाद ने उसे बस में बैठाया और घर जाने के लिए रवाना कर दिया, लेकिन किस्मत को कुछ और ही मंजूर था। अमरावती से परतवाड़ा जा रही बस में महिला की हार्टअटैक से मौत हो गई। मृतक महिला का नाम पुष्पा रमेश सोनोने (72) है। यह घटना गाडगेनगर थाना क्षेत्र के नवसारी समीप घटित हुई। वाहक ने मामले की जानकारी तत्काल गाडगेनगर पुलिस को दी। इर्विन अस्पताल में ले जाने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित किया।

अमरावती बस डिपो से बस क्रमांक एमएच 40/वाई 5393 परतवाड़ा जाने के लिए निकली थी। बस में यात्रियों के साथ पुष्पा सोनोने भी सवार हुई थी। बस डिपो से निकलकर परतवाड़ा की ओर निकली। इस बीच कंडक्टर ने यात्रियों के टिकट निकालना शुरु किया। जब बस नवसारी के समीप पहुंची तब कंडक्टर पुष्पा सोनोने की सीट के पास गया तो वह कुछ बोल नहीं रही थी।

वाहक को संदेह होने पर उसने तत्काल बस को रोकने का इशारा किया। तत्काल इसकी जानकारी गाडगेनगर पुलिस को दी गई। जिसके बाद एसटी बस को सीधे जिला अस्पताल इर्विन में लाया गया। जहां पुलिस कर्मियों और इर्विन प्रशासन के कर्मियों की सहायता से पुष्पा सोनोने को अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल में डॉक्टरों ने जांच पश्चात महिला को मृत घोषित किया। पुष्पा सोनोने अमरावती में अपनी बेटी के घर आई थी। जहां से बुधवार को वापिस अपने गांव लौटते समय यह घटना घटित हुई।

# शरद पवार ने 84वें जन्मदिन पर तलवार से काटा केक

**मुंबई.**



शरद पवार ने अपना 84वां जन्मदिन मनाया। वह दिल्ली में मौजूद थे। दिल्ली में उनके जन्मदिन का जश्न मनाया गया। कार्यकर्ताओं, एनसीपी नेताओं, शरद के समर्थकों और परिवार ने गर्मजोशी से उन्हें बधाइंयां दीं। एक के बाद एक कई केक काटे गए। इस जन्मदिन समारोह से पहले महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने अपने परिवार के सदस्यों के साथ शरद पवार से मुलाकात की। इस जन्मदिन पर शरद पवार ने दिल्ली में तलवार से केक काटा। हालांकि तलवार से केक काटकर वह विवादों में फंस गए हैं। शरद पवार के जन्मदिन पर कई दिग्गज नेता मौजूद रहे। दिल्ली में शरद पवार के जन्मदिन समारोह का वीडियो सामने आया है। यह वीडियो राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बना हुआ है। शरद पवार के सामने केक रखा था। वीडियो में दिख रहा है कि शरद पवार पहले सामामन्य तरीके से केक काटते हैं। पास खड़े एक शख्स को केक खिलाते हैं। उसके बाद एक शख्स उन्हें तलवार निकालकर देता है। शरद पवार यह तलवार पकड़ते हैं और केक काटते हैं। उसके बाद वह तलवार से केक उठाने की कोशिश करते हैं और एक कार्यकर्ता को केक लगा तलवार पकड़ाते हैं। इधर तलवार से केक काटने के पहले अजित पवार ने शरद पवार से 35 मिनट तक मुलाकात की। इस मुलाकात के बाद अजित दाद ने अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, 'आज साहब का जन्मदिन है और कल चाची का जन्मदिन है। हम वहां उन दोनों को देखने गए थे। दर्शन किये, चाय पी, चर्चा की कि महाराष्ट्र के अन्य हिस्सों में क्या चल रहा है, परभणी में क्या चल रहा है। हमारी अनौपचारिक चर्चा हुई। सांसद सुप्रिया सुले उन सभी के स्वागत के लिए बाहर खड़ी रहीं। उन्होंने सुत्रेना पवार को गले लगाया, फिर उनके भतीजे पार्थ पवार को भी। पार्टियां अलग हो गई हैं, भरोसा टूटा है लेकिन मन अलग नहीं हुआ है...यह इस मुलाकात से जाहिर है। इस बीच आज शरद पवार का 84वां जन्मदिन है। शरद पवार ने अपनी अब तक की राजनीति में कभी भी वैचारिक विरोध को व्यक्तिगत विरोध में नहीं बदलने दिया, इसलिए शरद पवार के सभी पार्टी नेताओं से अच्छे संबंध हैं।

# वर्ली जाने वाला एक हिस्सा खुला

## > अगले महीने दूसरा फेस होगा शुरू

**मुंबई.**

कोस्टल रोड प्रोजेक्ट के तहत मुंबई में हाजी अली इंटरचेंज का छठा हिस्सा बुधवार को यातायात के लिए खोल दिया गया। इस इंटरचेंज में कुल आठ हिस्से हैं, जिनमें दो हिस्सों का निर्माण अब भी बाकी है। अधिकारियों के अनुसार, ये हिस्से फरवरी 2025 तक तैयार हो जाएंगे, तब तक इंटरचेंज के नीचे बनने वाली पार्किंग का निर्माण भी पूरा हो जाएगा। बीएमसी के अधिकारियों के मुताबिक, कोस्टल रोड को वर्ली सी-फेस से जोड़ने वाला दूसरा चरण 26 जनवरी, 2025 तक शुरू होने की उम्मीद है। इस पुल को वर्ली सी-लिंक से जोड़ने के लिए गर्डर लॉन्चिंग का काम पूरा हो गया है।

इंटरचेंज की शेष दो यूनिट्स फरवरी 2025 तक खुलने की उम्मीद है, जब नीचे पार्किंग स्थलों का निर्माण पूरा हो जाएगा। इस बीच, बीएमसी ने 26 जनवरी, 2025 तक कोस्टल रोड के दूसरे चरण को खोलने की योजना बनाई है, जो इसे वर्ली सी फेस से जोड़ेगा, अधिकारियों ने कहा।

फिलहाल क्रैश बैरियर लगाने, इलेक्ट्रिक पोल की फिटिंग और सड़क के डामरीकरण का काम चल रहा है, जो जल्द पूरा कर लिया जाएगा। साथ ही, बीएमसी ने पांच हेक्टेयर में फैले रोड डिवाइडर की सजावट और 15 वर्षों तक रखरखाव की जिम्मेदारी टाटा पावर को सौंप दी है।

अधिकारियों के अनुसार, इस डिवाइडर को कॉरपोरेट कंपनी द्वारा विकसित और मेंटेन किया जाएगा। बीएमसी पॉलिसी के मुताबिक, डिवाइडर पर कंपनी को बोर्ड लगाने की अनुमति दी गई है, जिनमें एक तरफ बीएमसी का लोगो और दूसरी तरफ कंपनी का लोगो होगा। इसके लिए सुप्रीम कोर्ट की अनुमति भी ली जा चुकी है।

# 'मैंने बाहर से काम करने की जताई थी इच्छा'

## फडणवीस का बड़ा बयान

**मुंबई.**

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस का बड़ा बयान सामने आया है. उन्होंने सीएम बनने के बाद पिछली सरकार में डिप्टी सीएम बनने को लेकर खुलासा किया है. उन्होंने कहा कि जितना नाम और शोहरत में मुझे उपमुख्यमंत्री बनकर मिली उतनी शायद मुख्यमंत्री बनकर भी नहीं मिलती.

एक रिपोर्ट से बातचीत में सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कहा, जब हमने शिवसेना के साथ मिलकर सरकार बनाई तब मेरी पार्टी ने कहा कि हमारी पार्टी सबसे बड़ी है और हमारी पार्टी का नेता सरकार में नहीं होगा तो न तो सरकार सही से चलेगी और न ही पार्टी सही से चलेगी. मुझे डिप्टी सीएम बनने को बोला.

उस समय मेरे मन में भाव भी आया लेकिन मैंने अपनी पार्टी के फैसले को माना और उपमुख्यमंत्री बन गया, आज जब मैं सोचता हूं तो मुझे वो निर्णय बिल्कुल सही लगता है. देवेंद्र फडणवीस ने आगे कहा, उपमुख्यमंत्री बनकर जो नेम और फेम मुझे मिला उतना तो सीएम बनकर भी शायद नहीं मिलता. डिप्टी सीएम बनकर सरकार चलाने के बाद मेरी काफी सराहना हुई. ढाई साल में उस सरकार में रहकर बड़े



बदलाव ला पाया.बता दें कि जब 2022 में एकनाथ शिंदे और उनके विधायकों के समर्थन से जो सरकार बनी थी उसमें एकनाथ शिंदे को मुख्यमंत्री बनाया गया था. देवेंद्र फडणवीस उस सरकार में उपमुख्यमंत्री बने थे.

**ढाई साल में बड़ा बदलाव**

उन्होंने खुलासा करते हुए ये भी बताया कि जब एकनाथ शिंदे के साथ मिलकर सरकार बना रहे थे तब मैंने बाहर से काम करने की इच्छा जताई थी, क्योंकि मैं सीएम रह चुका था, लेकिन पीएम मोदी और मेरी पार्टी के बड़े नेताओं ने मुझसे कहा कि डिप्टी सीएम बनकर आप ही कंट्रोल कर पाओगे इसलिए मैंने मेरी पार्टी का फैसला माना, जोकि सही था.

# सार्वजनिक स्थानों को अवरोध मुक्त बनाने का संकल्प

**मुंबई.**

मुंबई नगर निगम ने शहर, पूर्वी और पश्चिमी उपनगरों के साथ-साथ छोटे और बड़े उपनगरों, साथ ही मुख्य सड़कों, सार्वजनिक स्थानों को अवरोधों से मुक्त बनाने का संकल्प लिया है और धूल, विभिन्न प्रकार के वाहनों में खड़े वाहनों को हटाने के लिए तीन संगठनों को नियुक्त करने का निर्णय लिया है। स्क्रैप सामग्री और निर्माण सामग्री जो कई महीनों से धूल में खड़ी हैं। उसके लिए टेंडर प्रक्रिया अमल में लाई जा रही है।

मुंबई में कई छोटी-बड़ी सड़कों के साथ-साथ मुख्य सड़कों पर भी गाड़ियां पार्क की जाती हैं। ये गाड़ियाँ कई महीनों तक 'जैसी की तैसी' पड़ी रहती हैं। इस पर धूल जम जाती है और देखने में आता है कि संबंधित वाहन कई दिनों तक एक ही स्थान पर खड़े रहते हैं। समय के साथ ये वाहन यातायात और पैदल यात्रियों



के लिए बाधा बन जाते हैं। वहीं, मानसून के दौरान ये वाहन मच्छरों के लिए प्रजनन स्थल बनाते हैं और मच्छरों के कारण आसपास के क्षेत्र में बीमारियां फैलती हैं। वहीं, कई बार धातु के स्क्रैप, अनधिकृत निर्माण सामग्री (ताड़ के कचरे को छोड़कर) को सड़कों पर फेंक दिया जाता है। इससे यातायात और पैदल यात्रियों को भी परेशानी होती है।

अब तक सड़क पर लावारिस या कई दिनों से एक ही स्थान पर खड़े धूल जमा होने से क्षतिग्रस्त वाहनों पर नगर निगम के विभागीय कार्यालयों के स्तर से कार्रवाई की जा रही थी. इन वाहनों पर नोटिस चस्पा कर दिए गए। संबंधित वाहन मालिक नहीं आया तो वाहन उठा लिया गया। मुंबई में इस कार्रवाई में बड़ी संख्या में गाड़ियां जब्त की गईं. लेकिन इन वाहनों को रखने के लिए पर्याप्त जगह नहीं थी. अब यह कार्रवाई विभाग स्तर पर न करके शहर, पश्चिमी उपनगर और पूर्वी उपनगर के लिए तीन अलग-अलग संस्थाएं नियुक्त करने का निर्णय लिया गया।

नियुक्त किए जाने वाले संगठनों को सड़कों से छोड़े गए वाहनों, अनधिकृत निर्माण सामग्री और धातु स्क्रैप का वैज्ञानिक तरीके से निपटान करना होगा। इस कार्य से संबंधित सभी प्रक्रियाएं इन्हीं संस्थाओं को पूरी करनी होती हैं।

**मध्य रेल**

**रेल फाटक नं. 292 के नजदीक आरयूबी बंद रहेगा**

भरतवाड़ा-गोधनी स्टेशन के बीच किमी 1031/1-2 पर रेल फाटक नंबर 292 के पास आरयूबी के निर्माण के विस्तार कार्य के कारण दिनांक 13/12/2024 सुबह 6.00 बेजे से दिनांक 24/12/2024 बजे तक बंद रहेगा। आरयूबी को बंद रहने पर यातायात को गोधनी ROB गेट नंबर 293 किमी 1033/22-24 से डायवर्ट किया जाएगा।

**कार्यकारी इंजिनियर (निर्माण), बेतुल**

खतरनाक व विस्फोटक सामान के साथ यात्रा करना दंडनीय अपराध है

Sai/NGP/404

**कार्यालय नगर परिषद सावनेर जिल्हा नागपुर**

**ई- निविदा सुचना**

नपसा/बाध.वी 4413/2024 दिनांक : 12/12/2024

मुख्याधिकारी नगर परिषद सावनेर जि. नागपुर यांचे वतीने वैशिष्ट्यपुर्ण नागरी दलितेत्तर व सर्वसाधारण रस्ता अनुदान प्रस्तावित कामाच्या बी-१ दोन लिफाफा पद्धतीच्या निविदा सुचना मागविण्यात येत आहे. या कामाच्या निविदा केवळ ई पद्धतीने सादर करावयाच्या आहे. निविदेचा विस्तृत नमुना व अटी व शर्ती महाराष्ट्र शासनाचे संकेत स्थळ www.mahatenders.gov.in दिनांक 13/12/2024. पासुन पाहण्यास उपलब्ध आहे. इच्छुक कंत्राटदारांनी वरील साईट वर भेट दयावी.

दिनांक : 12/12/2024

मुख्याधिकारी,
नगर परिषद सावनेर.

हिंदी दैनिक
नागपुर मेट्रो समाचार
नागपुर, शुक्रवार, 13 दिसंबर 2024



# जलजीवन मिशन के ठेकेदार के खिलाफ पुलिस में शिकायत

> जिला परिषद की उपेक्षा, उपसरपंच की आक्रामक भूमिका
> जलजीवन मिशन योजना के ठेकेदार से ग्रामवासी परेशान

**गढ़चांदूर.**

'हर घर जल' के कार्य के लिए गांव की सड़कें और भूमिगत नालियां तोड़ने से ग्रामीणों को हो रही परेशानी को लेकर जिला स्मार्ट विलेज बीबी के उपसरपंच आशीष डेरकर ने गुरुवार को गड़चांदुर पुलिस में ठेकेदार के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है. '

सरकार के जलजीवन मिशन के तहत बीबी गांव में 5 करोड़ 37 लाख रुपये की जलापूर्ति योजना चल रही है. इस काम का ठेका मनोज जगताप की निर्माण कंपनी तिरूपति कंस्ट्रक्शन, बीड को दिया गया है।

हर परिवार को पानी पहुंचाने के लिए पूरे गांव में सीमेंट की सड़कें और भूमिगत सीवर तोड़कर पाइप बिछाए गए हैं। हालांकि, बजट के मुताबिक सड़कों की मरम्मत और टूट-फूट की जिम्मेदारी ठेकेदार की है। गांव के लोग एक साल से इसका खामियाजा भुगत रहे हैं।

इसलिए ग्रामीणों की मांग है कि ग्राम पंचायत जल्द से जल्द इसकी मरम्मत कराए. लेकिन संबंधित कार्य ग्राम पंचायत का नहीं है और ग्राम पंचायत इतना भारी बोझ नहीं उठा सकती.

ठेकेदार द्वारा टूटी हुई कंक्रीट सड़कों और भूमिगत नालियों की मरम्मत लंबे समय से लंबित है। चूंकि संबंधित ठेकेदार ने काम शुरू कर दिया है और गांव की पूरी सड़कें तोड़ दी है, जिससे ग्रामीणों को असुविधा हो रही है। इस संबंध में 26 अगस्त



2024 को जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी से शिकायत की गई लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई.

गांव में सड़क यातायात बाधित हो रहा है, साथ ही जलजमाव के कारण स्वास्थ्य संबंधी परेशानी हो रही है. शिकायत में कहा गया है कि कई दिनों से ठेकेदार से संपर्क करने का प्रयास किया जा रहा है लेकिन वह फोन नहीं उठा रहा है। उपसरपंच आशीष डेरकर ने संबंधित ठेकेदार के खिलाफ उचित कार्रवाई करने के लिए सीधे पुलिस में शिकायत दर्ज कराई.

चूंकि ठेकेदार ग्रामीणों को जवाब नहीं दे रहा है, इसलिए ग्रामीणों को पुलिस के पास शिकायत की नौबत आ गई है। ठेकेदार के खिलाफ शिकायत मिली है, जांच कर कार्रवाई की जाएगी। ऐसी जानकारी शिवाजी कदम, पुलिस निरीक्षक ने नागपुर मेट्रो समाचार को दी.

## चिरादेवी में युवती की खुदकुशी से सनसनी

**भद्रावती.**



चंद्रपुर जिले के भद्रावती के चिरादेवी में 21 वर्षीय युवती की फांसी लगाकर आत्महत्या की घटना सामने आयी है. जिसमे चिरादेवी की निवासी साक्षी पांडुरंग मोंढे, उम्र 21 ने मंगलवार 10 दिसंबर 2024 को शाम 5.30 बजे के दरम्यान अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या की है. साक्षी मंगलवार को घर में अकेली थी. परिवार के लोग किसी काम से बाहर गांव गए थे. घर में अकेली साक्षी ने घर की छत के हुक से नायलोन की रस्सी से फांसी लगाकर आत्महत्या की है. परिवार के लोग घर पर आने के बाद साक्षी फांसी लगाए अवस्था में मिली है. मामले की जानकारी भद्रावती पुलिस को मिलते ही पुलिस दल ने घटनास्थल को भेट देकर पंचनामा कर शव जाँच के लिए भद्रावती सरकारी अस्पताल भेजा है. साक्षी की आत्महत्या की वजह पता नहीं चल पाया है. मामले की जाँच भद्रावती पुलिस कर रही है.

## डालमिया भारत ने समुदाय-केंद्रित पहल के साथ स्थापना दिवस मनाया

**चंद्रपुर.**




भारत की अग्रणी सीमेंट कंपनियों में से एक, डालमिया भारत लिमिटेड ने अपने प्लांट संचालन के परिसर में सामुदायिक हितों पर आधारित प्रभावशाली पहलों की एक श्रृंखला के साथ स्थापना दिवस मनाया। यह समारोह कंपनी की समृद्ध विरासत और सामाजिक सशक्तिकरण और सतत विकास के प्रति उसकी निरंतर प्रतिबद्धता को समर्पित थी। चंद्रपुर में स्थित डालमिया सीमेंट प्लांट में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में, स्थानीय समुदाय की महिलाओं को 210 सिलाई मशीन वितरित की गईं, जिससे उन्हें आत्मनिर्भरता और वित्तीय स्वतंत्रता प्राप्त करने में सहायता मिली।

इसके अलावा, कंपनी ने क्षेत्र की 10 स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) की महिलाओं को उनकी गतिविधियों को बढ़ाने के लिए आर्थिक सहायता भी प्रदान की। इस अवसर पर अशोक कुमार गुप्ता, सीईओ, डालमिया भारत फाउंडेशन ने कहा, "स्थापना दिवस सिर्फ डालमिया भारत की यात्रा का उत्सव नहीं है, बल्कि हमारे संस्थापक पिता, जयदयाल डालमिया द्वारा स्थापित मूल्यों की पुनरावृत्ति भी है।

सादगी, ईमानदारी और निस्वार्थ सेवा जैसे उनके दूरदर्शी आदर्श हमें समाज और पर्यावरण पर स्थायी सकारात्मक प्रभाव डालने की दिशा में कार्य करने के लिए प्रेरित करते हैं। उनकी स्थायी विरासत का सम्मान करते हुए, आज हम एक उज्जवल और अधिक स्थायी भविष्य के निर्माण के लिए अपनी प्रतिबद्धता को फिर से मजबूत करते हैं।

हर साल डालमिया भारत 11 दिसंबर को अपने दूरदर्शी संस्थापक, स्वर्गीय जयदयाल डालमिया की जयंती के अवसर पर स्थापना दिवस मनाता है। यह दिन उनकी उल्लेखनीय योगदानों का सम्मान करने और उनके मूल मूल्यों के प्रति कंपनी के प्रतिबद्धता को पुनः पुष्टि करने का एक अवसर भी है, जो आज भी कंपनी को आगे बढ़ा रहा है।

# विशेष अभियान चलाकर शहर को साफ करें: विधायक जोरगेवार

> नगर निगम में बैठक का आयोजन, पूर्व पार्षदों ने उठाई शिकायतें

**चंद्रपुर.**

चंद्रपुर शहर में साफ-सफाई और प्रबंधन में ढिलाई पर नाराजगी व्यक्त करते हुए विधायक किशोर जोरगेवार ने मनपा प्रशासन को 15 दिनों के भीतर विशेष अभियान चलाकर शहर को साफ करने का आदेश दिया है. नगर निगम के हिराई हॉल में आयोजित बैठक में उन्होंने सफाई से जुड़ी समस्याओं को अधिकारियों के सामने रखते हुए कड़े शब्दों में नाराजगी जताई.

चंद्रपुर शहर नगर निगम के हिराई हॉल में शहर के विभिन्न विषयों पर एक बैठक आयोजित की गई थी. मनपा आयुक्त विपिन पालीवाल, अतिरिक्त आयुक्त चंदन पाटिल, सहायक आयुक्त अक्षय गाडलिंग, संतोष गर्गेलवार, शहर अभियंता विजय बोरिकर, कार्यकारी अभियंता रवींद्र हजारे, उप यांत्रिक अभियंता रवींद्र कांबले, निर्माण विभाग के उप अभियंता अतुल भासरकर, वैष्णवी रेठे, आशीष भारती, उप अभियंता जल आपूर्ति विभाग के सोनू थुल, सहायक अभियंता अमित फुल्ज़ले, कनिष्ठ अभियंता सागर सिदाम, स्वास्थ्य विभाग की मुख्य चिकित्सा अधिकारी नैना उत्तरवार सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में पूर्व पार्षद भी शामिल हुए.

इस बैठक में बोलते हुए विधायक किशोर जोरगेवार ने कहा कि पूर्व नगरसेवकों की कई शिकायतें मिल रही हैं. शहर में जल निकासी की व्यवस्था ठीक नहीं है, कूड़े के ढेर नहीं उठ रहे हैं और ठेकेदार लगातार ढिलाई बरत रहे हैं। इससे बीमारी फैलने की आशंका उत्पन्न हो गयी है. इस स्थिति को बदलने के लिए पूर्व पार्षदों के सहयोग से मिलकर काम करना जरूरी है. नागरिकों के स्वास्थ्य से कोई समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने साफ कहा कि मैं शहर को साफ-सुथरा बनाना चाहता हूं और इसके लिए विशेष



अभियान चलाकर समय पर सफाई का काम पूरा करें.

बैठक में पूर्व पार्षदों ने शहर में साफ-सफाई, जलनिकासी, स्ट्रीट लाइट, सड़कों की खराब हालत और जलापूर्ति जैसे कई मुद्दों पर शिकायतें उठायीं. विधायक जोरगेवार ने प्रशासन को शिकायतों पर ध्यान देने और तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा, "विशेष अभियान चलाकर शहर की सभी गलियों, सड़कों और नालियों की सफाई कराई जाए। यह अभियान 15 दिनों के अंदर पूरा किया जाए। साथ ही लापरवाही बरतने वाले ठेकेदारों के खिलाफ कार्रवाई करें और जिम्मेदारी तय करें।"

जोरगेवार ने अगले 15 दिनों में काम की प्रगति की जांच करने के लिए छह सदस्यीय समिति बनाने और उनकी उपस्थिति में एक और समीक्षा बैठक आयोजित करने को कहा। उन्होंने विश्वास जताया कि यदि हम ईमानदारी से काम करें और पूर्व नगरसेवकों का सहयोग लें तो चंद्रपुर शहर आदर्श स्वच्छता का उदाहरण बनेगा. बैठक के बाद स्वच्छता अभियान की रूपरेखा तय की गई और संबंधित विभागों को कार्य की जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में विभिन्न विकास कार्यों, सीवर लाइन, स्वास्थ्य, पोल लाइट आदि पर चर्चा की गई। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भी उपस्थित थे।

**पानी नहीं तो बिल नहीं**

अमृत कलश योजना के तहत नल तो जोड़ दिये गये हैं, लेकिन कई इलाकों में नल में पानी नहीं है. कुछ इलाकों में नल नहीं लगे हैं, इसलिए पानी बर्बाद हो रहा है. ये बातें सही नहीं हैं.

इसलिए विधायक जोरगेवार ने मनपा प्रशासन को निर्देश दिया कि जिन ग्राहकों के नलों में पानी नहीं आ रहा है, उन्हें बिल न दिया जाए.

**अमृत 2 योजना में देरी पर नाराजगी**

बैठक में अमृत 2 योजना के कार्यों की समीक्षा करते हुए कार्य की धीमी गति पर नाराजगी व्यक्त की गयी. हम कार्य की गुणवत्ता और गति देखने के लिए कार्य का निरीक्षण करेंगे और जल्द ही अमृत उपलब्ध कराएंगे। बताया जाता है कि अमृत 2 के कार्यों की समीक्षा के लिए विशेष बैठक आयोजित की जायेगी.

# ट्रेन से मोबाईल चोरी का आरोपी गिरफ्तार

> 10 मोबाइल के साथ 1 लाख 38 हजार का मुद्देमाल जब्त



**चंद्रपुर.** रेलवे गाडी में यात्रीयों से मोबाइल चुराने की शिकायत रेलवे पुलिस चौकी बल्लारशाह में मिली थी। जिस में शिकायत कर्ता पुलगांव से बल्लारशाह 12655 नवजीवन एक्सप्रेस की जनरल बोगी में यात्रा कर रहा था। बैठने के लिए स्थान ना मिलने पर दरवाजे के पास बैठा था। बाबुपेठ रेलवे स्टेशन के पास गाडी की गति धीमी होने पर यात्री के हाथ पर वार कर मोबाइल नीचे गिराया गया। जिस की शिकायत रेलवे पुलिस स्टेशन वर्धा में मिलने पर अपराध क्रमांक 353/2024 में कलम 304 (2) अंतर्गत मामला दर्ज किया गया। रेलवे पुलिस ने मामले की जांच करते हुए मुजरिम समिर शेख शबीर शेख चंद्रपुर को हिरासत में लेकर चोरी के 10 मोबाइल के साथ 1 लाख 38 हजार का मुद्देमाल जप्त किया है। समिर चंद्रपुर रेलवे स्टेशन के आउटर पर ट्रेन की गति धीमी होने पर यात्रीयों के हाथ पर वार कर मोबाइल नीचे गिराकर भाग जाता था। पुलिस ने जाल बिछाकर समिर को हिरासत में लिया है। यह कारवाई रेलवे पुलिस स्टेशन वर्धा के थानेदार सपोनी हर्षल चापले के मार्गदर्शन में डीबी दल के पोहवा संतोष वडगीरे, पोशी संदेश लोनारे, पंकज भांगे, चंदन देहनकर, रेलवे पुलिस स्टेशन चौकी बल्लारशाह के अखिलेश चौधरी ने की है। मामले की जांच पोलिस हवालदार धिरज घरडे कर रहे है।

# अतिक्रमणकारियों को पट्टे देने पर निर्णय लें: मुनगंटीवार

> मुख्यमंत्री को पत्र के माध्यम से किया अनुरोध

**चंद्रपुर.**



जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में राजस्व भूमि पर अतिक्रमण धारियों को राहत दिलाने हेतु विधायक सुधीर मुनगंटीवार ने पत्र द्वारा मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़नवीस से अनुरोध किया है कि वे इस संबंध में रणनीतिक निर्णय लें।

चंद्रपुर समेत पूरे महाराष्ट्र में अतिक्रमणकारियों की संख्या बहुत ज्यादा है. घरकुल योजना के तहत पट्टा आवंटन के बाद भी बड़े पैमाने पर अपात्र लाभार्थियों द्वारा राजस्व भूमि पर अतिक्रमण किया जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार चंद्रपुर जिले के ग्रामीण और शहरी इलाकों में राजस्व भूमि पर अतिक्रमण करने वाले हजारों निवासियों को अतिक्रमण हटाने के नोटिस जारी किए गए हैं. यह अतिक्रमण 2001 का है और राजस्व भूमि पर अतिक्रमण को नियमित करने की मांग जन प्रतिनिधियों के माध्यम से की जा रही है. इस मामले में सुप्रीम कोर्ट में समीक्षा याचिका दायर कर राजस्व भूमि पर अतिक्रमण धारकों को पट्टा देने के संबंध में नीतिगत निर्णय लेने का अनुरोध सुधीर मुनगंटीवार ने राज्य के मुख्यमंत्री देवेन्द्रजी फड़णवीस को पत्र द्वारा किया है.

## 16 दिसंबर को महिला लोकतंत्र दिवस

**चंद्रपुर .** महिला लोकतंत्र दिवस का आयोजन हर महीने के तीसरे सोमवार को जिला स्तर पर और चौथे सोमवार को तालुका स्तर पर किया जाता है। दिसंबर माह का तीसरा सोमवार 16 दिसंबर को होने के कारण इस दिन सुबह 11 बजे रेजिडेंट डिप्टी कलेक्टर के सभाकक्ष में महिला लोकतंत्र दिवस का आयोजन किया गया है. महिला लोकतंत्र दिवस पर न्याय से संबंधित, सेवा संबंधी, स्थापना संबंधी तथा निर्धारित आवेदन पत्र में नहीं आने वाले मामले स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

हालाँकि, जिन महिलाओं की शिकायतें/शिकायतें उपरोक्त मामलों के अलावा व्यक्तिगत रूप में हैं, उन्हें महिला लोकतंत्र दिवस के 15 दिन पहले जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी, चंद्रपुर के कार्यालय में आवेदन की दो प्रतियां जमा करना अनिवार्य है।

# जिले में 15 दिन का प्रतिबंध आदेश लागू

**गढ़चिरोली.** 25 दिसंबर 2024 को जिले में सभी जगह क्रिसमस मनाया जायेगा. इसी तरह, अगले कुछ दिनों में नागपुर में विधानसभा का शीतकालीन सत्र शुरू होने वाला है, इसके अलावा कुछ विभिन्न राजनीतिक दलों, संगठनों और अन्य नागरिकों द्वारा ध्यान आकर्षित करने के लिए धरना, मार्च, आंदोलन, बैठकें, जुलूस आयोजित करने की संभावना है। सरकार की ओर से कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए 12 दिसंबर 2024 से 26 दिसंबर 2024 तक संपूर्ण गढ़चिरौली जिले में जिला कलेक्टर संजय दैने ने दिए गए आदेश के अनुसार महाराष्ट्र पुलिस अधिनियम, 1951 की धारा 37 (1)(3) आधी रात तक लागू कर दी गई है।

उक्त अवधि के दौरान, हथियार, क्लब, तलवारें, भाले, क्लब, बंदूकें, क्लब, क्लब या लाठी या कोई अन्य वस्तु ले जाना जो शारीरिक नुकसान पहुंचाने में सक्षम हो, कोई भी आग लगाने वाला या विस्फोटक पदार्थ, पत्थर या अन्य मिसाइलें या प्रक्षेप्य ले जाना हो। डिस्पोजेबल उपकरण या औजारों का कब्ज़ा, संचय या निर्माण निषिद्ध है। उजागर करना, सार्वजनिक रूप से प्रचार करना, गाना, संगीत वाद्ययंत्र बजाना, भावपूर्ण भाषण देना, इशारे करना, जो शालीनता या व्यवस्था को झटका देने की संभावना रखते हैं, या राज्य की सुरक्षा को खतरे में डालते हैं, या जो तोड़फोड़ करने, प्रदर्शन करने, सार्वजनिक रूप से प्रचार करने, गाने, वाद्ययंत्र बजाने की प्रवृत्ति रखते हैं। या राज्य की सुरक्षा को खतरे में डालना, या ऐसे चित्र, संकेत, तख्तियां या कोई अन्य कलाकृति या वस्तु बनाना, उसे जनता के बीच प्रदर्शित करना या प्रसारित करना। कोई भी व्यक्ति जुलूस नहीं निकालेगा, पांच या पांच से अधिक लोग किसी सार्वजनिक स्थान पर, सार्वजनिक सड़क पर या सार्वजनिक स्थान पर इकट्ठा नहीं होंगे या उपमंडल मजिस्ट्रेट, कार्यकारी मजिस्ट्रेट या संबंधित पुलिस स्टेशन की पूर्व अनुमति के बिना कोई कार्यक्रम आयोजित नहीं करेंगे।




CMYK

# महेश बाबू पर राजामौली लगा रहे 1000 करोड़ का दांव



प्रभास के साथ बाहुबली, फिर पार्ट 2. इसके बाद रामचरण-जूनियर एनटीआर के साथ आरआरआर. पिछली 2 फिल्मों से 3 हजार करोड़ कमाने वाले एस.एस राजामौली भारतीय सिनेमा को एक अलग लेवल पर ले गए. उनका नाम सुनहरे अक्षरों में लिखा गया है, जिसे आने वाले कई फिल्ममेकर्स और स्टार्स देखेंगे. राजामौली का सक्सेस रेट 100 प्रतिशत है. राजामौली चाहे, तो इस वक्त किसी भी एक्टर के साथ फिल्म बना सकते हैं, तो 1000 करोड़ की एसएसएमबी 29 की जिम्मेदारी महेश बाबू के कंधों पर क्यों सौंपी?



महेश बाबू ने अपने करियर में 25 से ज्यादा फिल्में की हैं. पर सबसे बड़ी ब्लॉकबस्टर भी 250 करोड़ रुपये नहीं कमा सकी. पर फिर भी राजामौली ने बड़ा दांव खेला है. दरअसल एसएसएमबी 29 सिर्फ पैन इंडिया फिल्म नहीं है, बल्कि 'पैन वर्ल्ड' फिल्म है. पर वो कहते हैं न कि "डोंट जज ए बुक बाय इट्स कवर". बस महेश बाबू के साथ भी वही हिसाब किताब है. समझिए क्यों महेश बाबू को फिल्म में लिया?

राजामौली को भा गया स्टाइल: महेश बाबू का अपना एक अलग स्टाइल है. जिस जंगल एडवेंचर फिल्म के लिए उन्हें फाइनल किया गया है, वो पहले ऐसे रोल में नजर नहीं आए हैं. ऐसे में नए स्टार के साथ कुछ नया ट्राई करना राजामौली की पुरानी आदत है. यह प्लान उनके लिए सफल भी रहा है.

### सुपरस्टार को बनाएंगे पैन वर्ल्ड स्टार:

अबतक राजामौली ने कई सुपरस्टार्स को पैन इंडिया स्टार बनाया. इस लिस्ट में प्रभास, रामचरण और जूनियर एनटीआर का नाम शामिल है. पर इस बार राजामौली एक लेवल और ऊपर जा रहे हैं. वो महेश बाबू को पैन वर्ल्ड स्टार बनाएंगे. दुनिया के सामने एक और साउथ स्टार छा जाएगा. तभी कहते हैं कि राजामौली को फिल्म चलाने के लिए किसी पैन इंडिया स्टार की जरूरत नहीं है, क्योंकि वो खुद ही पैन इंडिया स्टार बनाते हैं.

### सक्सेस रेट:

बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट करियर की शुरुआत करने वाले महेश बाबू ने कई फ्लॉप फिल्में दी हैं. पर वापसी इतनी दमदार रही, जिसने हर किसी को चौंका दिया. दरअसल महेश बाबू की फिल्म ने बेशक कम कमाया हो, पर बजट निकालने में लगभग कामयाबी हासिल की है. वहीं पैन इंडिया फिल्म न होने के बावजूद अगर 80 करोड़ के बजट में बनी फिल्म 230 करोड़ कमाती है, तो यह आंकड़ा काफी बड़ा है.

### महेश बाबू की डिमांड:

अल्लू अर्जुन, प्रभास, जूनियर एनटीआर और रामचरण के लेवल पर अगर कोई बॉक्स ऑफिस पर धुआं उठा सकता है,

तो वो महेश बाबू हैं. जो लंबे समय से तगड़ी डिमांड में हैं. पहले ही उनकी फिल्मों को लेकर माहौल सेट रहता है, उसपर राजामौली के साथ 1000 करोड़ी फिल्म,

यह जोड़ी फिल्म को ब्लॉकबस्टर बनाने की गारंटी है. ऐसे में राजामौली ऐसे बड़े-बड़े दांव खेलने और जीतने के लिए जाने जाते हैं

# बुरे दौर को याद कर रो दिए बॉबी देओल



हाल ही में एक इवेंट में सनी और बॉबी ने एक इंटरव्यू में बात की है. जिसमें बॉबी ने अपने करियर के बुरे दौर को याद किया और उसे याद करते हुए वो रोने लगे. बॉबी देओल ने कई ब्लॉकबस्टर फिल्मों में काम किया है. साल 2023 में उन्हें गदर 2 में देखा गया था और फिर उन्हें एनिमल में भी देखा था. लेकिन फिल्म में उनका 15 मिनट का ही रोल था लेकिन वो फिल्म के सबसे बड़े हाइलाइट्स में से एक था. वहीं उन्होंने अपने बुरे दौर के बारे में बात करते हुए बताया.

मैंने अपने परिवार को मुश्किल में डाल दिया था. हमारी फैमिली एक-दूसरे के काफी ज्यादा क्लोज है. हम साथ रहते हैं. मैं जानता हूं कि मुझे तकलीफ में देखकर उन्हें भी तकलीफ हो रही थी. वो कुछ नहीं कर सकते थे. यही बात होती है, आप ज़िंदगी में हिम्मत नहीं हार सकते. आप अकेले नहीं हैं. जो आप पर बीत रही होती है, आपका परिवार भी उसी से गुज़र रहा होता है. आपको समझना होगा कि कोई आपकी मदद नहीं कर सकता. आपको खुद अपने दोनों पांवों पर खड़े होने होगा.

कोई आपका हाथ नहीं थामने वाला. मुझ पर जो बीती उसके लिए मैं अपने आसपास की दुनिया को दोष नहीं देता. मैं किसी कैम्प या बड़े प्रोडक्शन हाउसेज़ को दोष नहीं देता. मैं अब खुद पर यकीन करता हूं. मैं जानता हूं कि मैं कुछ करूंगा तभी लोग मेरे पास आएंगे. मैं किसी को दोष नहीं देता. मैं दूसरों को दोष नहीं दे सकता. आपके साथ जो होता है, वो इसलिए होता है क्योंकि आप अपने साथ ऐसा कर रहे होते हैं. आपको लगता है कि दुनिया आपके खिलाफ है. लेकिन कोई भी आपके खिलाफ नहीं है.

# आलिया बनीं दुल्हन



अनुराग कश्यप की बेटी आलिया कश्यप का विवाह कल संपन्न हो गया है। उनके हल्दी सेरेमनी की तस्वीर वायरल हुई थी। जिसमें वह अपने बॉयफ्रेंड शेन ग्रेगोइरे के साथ रोमांटिक होते हुए नजर आई थी। आलिया जब दुल्हन बनी तो अनुराग कश्यप की खुशी का ठिकाना नहीं था। उनकी आंखों में आंसू थे और वह इस मौके पर डांस करते हुए नजर आए। इतना ही नहीं उन्होंने अपने दामाद को मोती की माला भी पहनाई।

सोशल मीडिया पर आलिया कश्यप की शादी का वीडियो वायरल हो रहा है।

वीडियो में आलिया कश्यप फूलों की चादर के नीचे दूल्हे की ओर बढ़ती हुई नजर आ रही हैं। इस दौरान आलिया कश्यप ने लहंगा पहना हुआ है और ट्रेडिशनल ज्वेलरी के साथ वह नजर आई हैं। वहीं दूसरी तरफ दूल्हे राजा ने पिच कलर की शेरवानी पहनी हुई है और वह बारातियों के साथ नाचते हुए नजर आए। जैसे ही दूल्हे राजा बारात लेकर ससुराल पहुंचे, तो गेट पर अनुराग कश्यप और उनकी पूर्व पत्नी आरती बजाज ने बारातियों का जमकर स्वागत किया।

बारातियों के पहुंचने के बाद अनुराग कश्यप ने सबसे पहले दामाद को गले में माला पहनाई इसके बाद सभी बारातियों का स्वागत करते हुए वह नजर आए हैं। इस शादी में बॉलीवुड के और भी हस्तियां मौजूद थी। शादी में खुशी कपूर, वेदांग रैना और इम्तियाज अली नजर आए। इसके अलावा आलिया कश्यप के कुछ करीबी दोस्त भी शादी का हिस्सा बने थे।

शादी भले ही मॉर्डन अंदाज में की गई हो लेकिन इसमें देसी तड़का लगाने का भी भरपूर प्रयास किया गया। जय माल के समय जिस तरह से दुल्हन के सिर पर चादर उढ़ा कर उसे मंडप तक लाया जाता है इस तरह से आलिया कश्यप को भी उनके करीबी दोस्त फूलों की चादर की छांव में दूल्हे राजा के पास तक ले

# रिलीज से पहले ही नॉमिनेट हुई स्क्विड गेम-2


'स्क्विड गेम सीजन 2' न सिर्फ इस साल के सबसे बड़े शो में से एक है, बल्कि ये साल का सबसे ज्यादा चर्चा में बना रहने वाला शो है. इसका लोग बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. अरबों रुपये के जिंदगी और मौत के खतरनाक खेल पर आधारित शो के प्रीमियर का फैन्स से इंतजार नहीं हो पा रहा है. कुछ वक्त पहले इसका ट्रेलर रिलीज हुआ था, जिसके बाद से तो लोगों का उत्साह बढ़ता ही जा रहा है. शो के पोस्टर्स और लेटेस्ट अपडेट भी एक्साइटमेंट बढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे. लेकिन 'स्क्विड गेम सीजन 2' की रिलीज से पहले ही इसे बेस्ट टीवी सीरीज के लिए गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड 2025 में नॉमिनेशन मिल गया है. चलिए जानते हैं ऐसा कैसे हुआ. 'स्क्विड गेम 2' 26 दिसंबर 2024 को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी. नेटफ्लिक्स पर ये साल का बड़ा प्रीमियर है. हालांकि ये शो अभी तक रिलीज नहीं हुआ है और इसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड में नॉमिनेशन मिल गया है. आखिर ये क्यों और कैसे हुआ इसका भी खुलासा हो गया है.दरअसल गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड के नियम स्क्विड गेम की रिलीज से पहले इसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नॉमिनेटेड करने की अनुमति देता है. अवॉर्ड्स की आधिकारिक वेबसाइट की मानें तो पहला नियम ये है कि 1 जनवरी, 2024 और 31 दिसंबर, 2024 के बीच कोई सीरीज या फिल्म रिलीज की गई हो तो ये अवॉर्ड शो के लिए पात्र है. आधिकारिक वेबसाइट ने आगे लिखा, फीचर लेंथ मोशन पिक्चर (70 मिनट या उससे ज्यादा) जो कि क्वालिफाइंग साल (1 जनवरी से 31 दिसंबर) के दौरान इन नियमों के अनुसार सभी गोल्डन ग्लोब वोटर्स को देखने के लिए उपलब्ध कराई जाएगी.

# वरुण ने कपिल का कॉमेडी शो जमकर एंटरटेन किया



अपकमिंग फिल्म 'बेबी जॉन' के लिए तैयारी कर रहे बॉलीवुड स्टार वरुण धवन हाल ही में स्ट्रीमिंग स्केच कॉमेडी शो 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' में शामिल हुए. शो में उन्होंने सभी को जमकर एंटरटेन किया. एपिसोड के दौरान, वरुण ने शो के होस्ट कपिल शर्मा की खिंचाई की. उन्होंने कपिल और उनके साथी कॉमेडियन-एक्टर सुनील ग्रोवर के बीच हुए झगड़े का जिक्र किया. हाल ही में रिलीज हुए प्रोमो में सुनील वरुण से कहते हुए नजर आ रहे हैं, 'तुम बिल्कुल असली बेबी जॉन जैसे दिखते हो.' कपिल ने भी सुनील से कहा, 'तुम डुप्लीकेट हो. यहां बाकी सभी असली हैं.' वरुण ने कहा, 'मुझे एक बात समझ नहीं आती. जब भी तुम एयरपोर्ट पर होते हो, तो हमेशा लड़ते क्यों हो?' बता दें कि साल 2017 में कपिल शर्मा का सुनील ग्रोवर और चंदन प्रभाकर के साथ उस समय बुरी तरह झगड़ा हुआ था, जब वे मेलबर्न से वापस फ्लाइट में थे. कपिल ने कथित तौर पर सुनील ग्रोवर को गाली दी थी. नतीजतन, सुनील ने 'द कपिल शर्मा शो' में वापस नहीं आने का फैसला किया. कपिल शर्मा और सुनील ग्रोवर के झगड़े से पहले, दोनों ने 'कॉमेडी नाइट्स विद कपिल' और 'द कपिल शर्मा शो' जैसे हिट प्रोजेक्ट्स पर साथ काम किया था. दोनों के बीच सालों तक लड़ाई रही. फिर सलमान खान ने उन्हें मिलाने का काम किया. दोनों को सलमान की पार्टी में देखा गया था. इस एपिसोड के दौरान वरुण ने पोल डांस भी किया. इसे देखकर निर्देशक-निर्माता एटली ने कहा, मैंने लड़कों को पोल डांस करते नहीं देखा.

# कार्तिक ने बताया बॉलीवुड का काला सच



कार्तिक आर्यन ने बॉलीवुड इंडस्ट्री में शुरुआत में भले ही संघर्ष किया हो लेकिन अब वो टॉप के एक्टर्स में शामिल हो गए हैं. कार्तिक ने अपने करियर में कई सुपरहिट फिल्में दी हैं. वह हाल ही रिलीज हुई फिल्म 'भूल भुलैया 3' में नजर आए थे, जिसने बॉक्स ऑफिस पर जमकर कमाई की थी. इन दिनों वह अपनी इस फिल्म की सक्सेस को एंजॉय कर रही हैं. इसी बीच कार्तिक आर्यन ने बॉलीवुड इंडस्ट्री का काला सच बताया है. उनका कहना है कि लोग उनके फेल होने का इंतजार कर रहे हैं. कार्तिक आर्यन ने एक इंटरव्यू के दौरान कहा, 'मैं अकेला योद्धा हूं. ये घर जो आप देख रहे हैं, इसे मैंने अपने पैसों खरीदा है. इसके लिए मैंने पागलों की तरह मेहनत की है. और ये यहीं पर खत्म नहीं हो जाता, क्योंकि मैं जानता हूं कि मैं जिस रास्ते पर आगे बढ़ रहा हूं, वहां इंडस्ट्री से मुझे कोई सपोर्ट नहीं करेगा. अब मैंने ये स्वीकार कर लिया है कि फिल्म भूल भुलैया 3 की इतनी बड़ी सक्सेस के बाद भी मेरे साथ कोई खड़ा नहीं होगा. मुझे अपनी अगली फिल्म के लिए फिर से उतना संघर्ष करना पड़ेगा. इंडस्ट्री में बहुत अच्छे लोग हैं, लेकिन उससे भी ऐसे लोग हैं जो मुझे फेल होते देखना चाहते हैं. लेकिन मैं ऐसे लोगों को खुश नहीं कर सकता और करना भी नहीं चाहता हूं. मेरे लिए सिर्फ ऑडियंस की खुशी, सपोर्ट और प्यार मायने रखता है.'

कार्तिक आर्यन के वर्क फ्रंट की बात करें तो दिवाली पर रिलीज हुई फिल्म 'भूल भुलैया 3' में नजर आए थे. अनीस बज्मी के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 278 करोड़ रुपये से ज्यादा का कलेक्शन किया था. फिल्म 'भूल भुलैया 3' ने उस समय ये कमाई की है जब इसका बॉक्स ऑफिस पर अजय देवगन की फिल्म 'सिंघम अगेन' से क्लैश हुआ था.

# 'पुष्पा 2' पर सिद्धार्थ ने साधा निशाना




एक्शन और ड्रामा से भरपूर 'पुष्पा 2' पर साउथ एक्टर सिद्धार्थ ने अल्लू अर्जुन पर तंज कसा है. उन्होंने पटना में फिल्म के ट्रेलर लॉन्च के दौरान अल्लू अर्जुन को देखने के लिए जुटे फैंस की तुलना जेसीबी की खुदाई को देखने के लिए इकट्ठा होने वाली भीड़ से कर दी है. सिद्धार्थ ने यह भी कहा कि भीड़ का मतलब क्वालिटी नहीं है. फिल्म 'पुष्पा 2' का ट्रेलर मेकर्स ने बिहार के पटना में लॉन्च किया था. इस इवेंट में लाखों फैंस पहुंचे थे. इस बारे में सिद्धार्थ ने कहा, 'हमारे देश में जेसीबी की खुदाई देखने के लिए भीड़ उमड़ पड़ती है, तो बिहार में अल्लू अर्जुन को देखने के लिए लोगों का इकट्ठा होना कोई असाधारण बात नहीं है. अगर वे आयोजन करते हैं, तो भीड़ जरूर होगी. भारत में भीड़ का मतलब क्वालिटी नहीं होता. अगर ऐसा होता तो सभी राजनीतिक पार्टियां चुनाव में जीत जातीं. फिर लोगों को बिरयानी के पैकेट और शराब की बोतलें बांटनी नहीं पड़ती.'सिद्धार्थ के इस कमेंट से अल्लू अर्जुन के फैंस नाराज हो गए. कई यूजर्स ने सिद्धार्थ पर जलन का आरोप लगाया. वहीं कुछ ने उनसे देश के सबसे बड़े सितारों में से एक अल्लू अर्जुन के बारे में बुरा न बोलने की अपील की. सिद्धार्थ का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है. इसपर एक फैन ने कमेंट लिखा, 'वह हमेशा निगेटिविटी फैलाते हैं.' दूसरे ने कमेंट किया, 'साउथ इंडिया में भारत में कोई सिद्धार्थ को नहीं जानता.' एक और यूजर ने लिखा, 'सिद्धार्थ को जलन हो रही है इसलिए वह ऐसा बोल रहे हैं.'



# अब साउथ में बजेगा सलमान के नाम का डंका

सलमान खान बॉलीवुड के बाद अब साउथ इंडस्ट्री पर भी धमाल मचाने वाले हैं. सलमान जल्द ही ऑस्कर विनर राम चरण के साथ काम करने वाले हैं. जानकारी के अनुसार सलमान राम चरण की फिल्म आरसी16 में एक केमियो करने वाले हैं. इस फिल्म में राम चरण के साथ जाह्नवी कपूर भी नजर आ रही हैं. इस फिल्म को और भी ज्यादा ग्रैंड बनाने के लिए मेकर्स ने राम चरण के साथ सलमान खान को साथ लाने का फैसला किया है. इस खबर ने सोशल मीडिया की दुनिया को हिलाकर रख दिया है. दावा किया जा रहा है कि आरसी 16 के मेकर्स इस समय सलमान खान से बात कर रहे हैं. अगर सब ठीक रहा तो जल्द ही सलमान खान की इस फिल्म में धमाकेदार एंट्री होगी.आपको बता दें कि इससे पहले भी सलमान खान और राम चरण साउथ सुपरस्टार चिरंजीवी के साथ धमाल मचा चुके हैं. सलमान खान ने इन दोनों सितारों के साथ फिल्म किसी का भाई किसी की जान में येंतम्मा गाने पर डांस किया था. भले ही सलमान खान की ये फिल्म खास कमाल न दिखा पाई हो लेकिन इस गाने को लोगों ने काफी पसंद किया था.

# भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच कल सीरीज के दो टेस्ट

**ब्रिसबेन.**

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच जारी बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का तीसरा टेस्ट मैच कल से ब्रिसबेन के गाबा मैदान पर खेला जाना है। पांच मैचों की सीरीज फिलहाल 1-1 की बराबरी पर है। एडिलेड टेस्ट मैच में भारत की हार के बाद वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप के फाइनल की राह कठिन हो गई है। भारतीय टीम को अब आने वाले मैचों में जीत दर्ज करनी पड़ेगी। ऑस्ट्रेलिया के सामने यह काम आसान नहीं हो सकता है। टीम इंडिया को अब कुछ असाधारण करना होगा. भारत ने पहला टेस्ट मैच पर्थ में 295 रनों से जीता था, जिसके बाद मेजबान ऑस्ट्रेलिया ने एडिलेड में खेले गए डे-नाइट टेस्ट मैच में धमाकेदार वापसी करते हुए 10 विकेट से जीत दर्ज की थी। सीरीज के तीसरे टेस्ट मैच में जसप्रीत बुमराह खेलेंगे या नहीं इसको लेकर सस्पेंस खत्म हो गया है। बुमराह हैमस्ट्रिंग से परेशान थे। हैमस्ट्रिंग इंजरी के खतरे के बीच भारतीय क्रिकेट फैन्स के लिए गुड न्यूज है कि बुमराह तीसरे टेस्ट से पहले पूरी तरह से फिट हैं। सीरीज के दो टेस्ट मैचों के बाद बुमराह के खाते में ही सबसे ज्यादा विकेट हैं, उन्होंने पहले दो टेस्ट मैचों में कुल 12 विकेट चटकाए हैं। ब्रिसबेन की पिच पर तेज गेंदबाजों को काफी मदद मिलती है, ऐसे में बुमराह की मौजूदगी भारत के लिए बहुत अहम है। विराट कोहली के इस साल पेस और स्पिन के खिलाफ रिकॉर्ड देखें तो दोनों में से किसी को भी बेहतर नहीं कहा जा सकता. पेस के खिलाफ तो आंकड़े और भी खराब हैं, जो कि गाबा की पिच का असली नेचर है.




इस सीरीज के पहले मुकाबले में भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया को 295 रनों से करारी मात दी थी। जबकि दूसरे टेस्ट मैच में ऑस्ट्रेलिया के हाथों भारतीय टीम को हार का सामना करना पड़ा था। ऐसे में तीसरे टेस्ट मैच में भारतीय टीम पटरी पर लौटने की कोशिश करेगी। ऑस्ट्रेलिया सरकार के मौसम विभाग की माने तो इस टेस्ट मैच के दौरान बारिश की संभावना जताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक इस मैच के पांचो दिन बारिश हो सकती है। हालांकि चौथे दिन 30% बारिश की संभावना बताई जा रही है।

गाबा टेस्ट मैच के दौरान पहले और दूसरे दिन लगभग 50% बारिश की संभावना जताई जा रही है। इसी के साथ 15 से 20 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं भी चल सकती है। जबकि तीसरे और चौथे दिन बारिश की संभावना कम है। हालांकि पांचवे दिन 40% बारिश की संभावना जताई जा रही है। ऐसे में यह मैच बारिश के कारण बीच में कई बार रोका सकता है। हालाँकि अब देखना होगा कि भारतीय टीम इस मैच में क्या बदलाव करती है। दूसरे टेस्ट मैच में भारतीय टीम की बल्लेबाजी फ्लॉप होती हुई दिखाई दी थी। ऐसे में भारतीय टीम अपने बैटिंग ऑर्डर में बड़ा बदलाव कर सकती है। रोहित शर्मा एक बार फिर ओपनिंग जोड़ी के रूप में खेलते हुए दिखाई दे सकते हैं। जबकि केएल राहुल मिडिल ऑर्डर में बल्लेबाजी करते हुए दिखाई दे सकते हैं।

### रोहित शर्मा पर उठे सवाल

बिग क्रिकेट लीग में नॉर्दन चैलेंजर्स टीम को कोच कर रहे डैरिल कलिनन ने रोहित शर्मा की बल्लेबाजी पर सवाल उठाए. फिर उनके वजन पर. उन्होंने कहा कि हिटमैन रोहित सपाट पिचों के शहंशाह हैं. वो बस अपनी घरेलू पिचो पर ही रन बना सकते हैं. खासकर साउथ अफ्रीका के लिए तो बिल्कुल नहीं. वो बस घरेलू मैदान पर रन बना सकते हैं, जिसकी गवाही आंकड़े भी देते हैं. उन्होंने रोहित को बाउंस से होने वाली तकलीफ की ओर भी इशारा किया.

# रियाल मैड्रिड ने अटलांटा को 3-2 से हराया

**नई दिल्ली.**



फ्रांसीसी स्ट्राइकर किलियन एम्बाप्पे ने यूएफा चैंपियंस लीग में अपना 50वां गोल दागा, जिसकी बदौलत स्पेनिश क्लब रियाल मैड्रिड ने इटली के अटलांटा को 3-2 से हराकर इस सीजन अपनी तीसरी जीत दर्ज की। मौजूदा चैंपियन रियाल मैड्रिड की टीम इस सीजन संघर्ष करती दिख रही है। टीम ने छह में से तीन मैच ही जीते हैं। इस जीत के साथ ही रियाल मैड्रिड की टीम नॉकआउट राउंड की होड़ में बनी हुई है.

एम्बाप्पे सबसे कम उम्र में चैंपियंस लीग में 50 गोल पूरे करने वाले दूसरे सबसे युवा खिलाड़ी बन गए हैं. एम्बाप्पे ने 25 वर्ष और 356 दिन की उम्र में 79 मैचों में 50 गोल किए हैं। उनसे पहले 2012 में लियोनल मेसी ने 24 वर्ष और 284 दिन की उम्र में चैंपियंस लीग में 50 गोल पूरे कर लिए थे.एम्बाप्पे ने 10वें मिनट में ही रियाल मैड्रिड को 1-0 की बढ़त दिला दी थी, लेकिन पहला हाफ खत्म होने तक अटलांटा के चार्ल्स डे केटेलेरे ने स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। 56वें मिनट में विनिसियस जूनियर ने रियाल मैड्रिड के लिए दूसरा गोल किया, लेकिन एडेमोला लुकमैन ने 65वें मिनट में स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया. लेकिन 59वें मिनट में जूड बेलिंघम ने विंसियस जूनियर के पास पर शानदार गोल कर टीम को 3-2 से आगे कर दिया. बेलिंघम का यह गोल अंततः निर्णायक साबित हुआ.चैंपियंस लीग के इस सीजन में लिवरपूल ने शानदार खेल दिखाया है। टीम ने अपना विजयी सफर जारी रखते हुए मेजबान गिरोना को 1-0 से हराकर इस सीजन लगातार छठी जीत दर्ज की। लिवरपूल की टीम छह जीत से 18 अंक लेकर शीर्ष पर है और नॉकआउट राउंड में जगह पक्की कर चुकी है। इस मैच में मोहम्मद सालाह ने 63वें मिनट में पेनल्टी को गोल में तब्दील किया। मैच के शुरुआती पांच मिनट में ही एक गोल से पिछड़ने के बाद बायर्न म्यूनिख ने धमाकेदार खेल दिखाया और शख्तार दोनेस्क को 5-1 से करारी शिकस्त दी। शख्तार के लिए केविन ने 5वें मिनट में गोल किया। जिसके जवाब में कोनराड लैमर ने 11वें, थॉमस मूलर ने 45वें, माइकल ओलिस ने 70वें व 90वें और जमाल मुसियाला ने 87वें मिनट में गोल कर बायर्न म्यूनिख को 5-1 से जीत दिला दी।

# फीफा वर्ल्ड कप 2034 के मेजबानों का ऐलान

**नई दिल्ली.**

फीफा ने सऊदी अरब को फीफा विश्व कप 2034 के मेज़बानी सौंपने की घोषणा की है। वहीं, स्पेन, पुर्तगाल और मोरक्को को फीफा विश्व कप 2030 की मेज़बानी सौंपने का ऐलान किया है। एक वर्चुअल मीटिंग के दौरान फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो ने 211 सदस्य देशों को इस निर्णय की जानकारी दी। सऊदी अरब को फीफा विश्व कप 2034 की मेज़बानी मिली है। इसके लिए सभी 211 सदस्यों ने अपने वोट डाले। रिपोर्ट के अनुसार, सऊदी अरब 2034 में होने वाले इस आयोजन के लिए एकमात्र बोलीदाता के रूप में उभरा है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि फीफा के मूल्यांकन के बाद सऊदी अरब की बोली को 500



में से 419.8 का रिकॉर्ड-उच्च अंक दिए गए।

फीफा ने जानकारी दी कि विश्व कप 2030 के पहले तीन मैच अर्जेंटीना, उरुग्वे और पैराग्वे में फीफा विश्व कप के 100 साल पूरे होने का जश्न मनाने के लिए आयोजित किए जाएंगे। इसके बाद टूर्नामेंट पुर्तगाल, स्पेन और मोरक्को में शिफ्ट हो जाएगा। बता दें कि पहले फीफा ने 2030 के संस्करण को तीन महाद्वीपों-अफ्रीका, यूरोप और दक्षिण अमेरिका में आयोजित करने के निर्णय लिया गया। फिर वोटिंग के बाद विश्व कप की मेजबानी साऊदी अरब को सौंपी गई।

## विराट- अनुष्का ने ब्रिसबेन में कराया लंदन वाला एहसास

**नई दिल्ली.** भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच तीसरा टेस्ट ब्रिसबेन में है. मुकाबला 14 दिसंबर से खेला जाना है, जिसके लिए टीम इंडिया की तैयारियां भी जोरों पर है. 12 दिसंबर को टीम इंडिया की प्रैक्टिस सेशन की शुरुआत विराट कोहली के दिए पेप टॉक से हुई. लेकिन, उससे पहले अनुष्का के साथ विराट कोहली जिस अंदाज में दिखे, उसने फैंस को ब्रिसबेन में लंदन वाला एहसास कराया है. सोशल मीडिया पर वायरल वो तस्वीरें जबरदस्त हैं. अब आप सोच रहे होंगे कि ब्रिसबेन में लंदन वाले.

# प्लेऑफ में पहुंचने वाली पहली टीम हरियाणा स्टीलर्स

**नई दिल्ली.**

हरियाणा स्टीलर्स ने प्रो कबड्डी लीग के 11वें सीजन के प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई कर लिया है। टेबल टॉपर हरियाणा ने बालेवाड़ी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के बैडमिंटन हॉल में बुधवार को खेले गए सीजन 105 वें मैच में बेंगलुरु बुल्स को 37-26 के अंतर से हराया। बीते सीजन की उपविजेता हरियाणा को 19 मैचों में 15वीं जीत मिली जबकि बुल्स को 18 मैचों में 15वीं हार का सामना करना पड़ा। हरियाणा के लिए विनय (9), शिवम पटारे (8), मोहम्मद रेजा शादलू (6), राहुल सेतपाल और जयदीप (4-4 अंक) ने चमक दिखाई जबकि बुल्स के लिए जतिन फोगाट (5) ने रेड में और नितिन रावल (4) ने डिफेंस में कुछ चमक दिखाई।

सबसे ऊपर और सबसे नीचे की टीमों के बीच के इस मैच की धीमी शुरुआत हुई। चार मिनट के बाद स्कोर 2-2 था लेकिन स्टीलर्स ने जल्द ही 5-2 की लीड ले ली। इसमें रेडर्स के तीन और डिफेंडर्स के दो अंक शामिल हैं।

बुल्स ने हालांकि नितिन रावल के कुछ शानदार टैकल्स की बदौलत जल्द ही स्कोर 5-7 कर दिया। इस बीच सौरव ने इन फार्म रेडर शिवम का एडवांस एंकल होल्ड कर फासला 1 का कर दिया। 10 मिनट बाद हरियाणा 7-6 से आगे थे। बीते पांच मिनट में बुल्स ने 2 के मुकाबले चार अंक हासिल किए। ब्रेक के बाद हरियाणा ने लगातार तीन अंक लेकर फासला 4 का कर लिया।

इसके बाद हालांकि परदीप ने शादलू को बाहर किया और फिर नितिन ने शिवम को लपक स्कोर 8-10 कर दिया। इस बीच जयदीप ने चार के डिफेंस में परदीप को लपक लिया लेकिन डू ओर डाई रेड पर प्रतीक ने टाटे को लपक हिसाब बराबर किया। इस बीच विनय ने सुपर रेड के साथ फासला 5 का कर दिया।

अब बुल्स के लिए सुपर टैकल आन था लेकिन जतिन ने जयदीप और संजय को आउट कर स्कोर 11-14 कर दिया। इसके बाद शिवम ने डू ओर डाई रेड पर अंक लेकर हाफ टाइम तक स्कोर 15-11 कर दिया। हाफटाइम के बाद हरियाणा ने 1 के मुकाबले तीन अंक लेकर बुल्स को ऑल आउट की ओर धकेला लेकिन प्रतीक ने सुपर रेड के साथ खेल पलट दिया। बुल्स ने 15-20 के स्कोर पर ऑलआउट टाल दिया था लेकिन जल्द ही हरियाणा ने ऑलआउट लेकर 24-15 की लीड ले ली। इसके बाद बुल्स ने 1 के मुकाबले 2 अंक लेकर 30 मिनट के बाद स्कोर 17-25 कर दिया।

# यू मुंबा अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंचे

**नई दिल्ली.**

यू मुंबा ने बालेवाड़ी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के बैडमिंटन हॉल में बुधवार को खेले गए प्रो कबड्डी लीग के 11वें सीजन के 106वें मैच में तमिल थलाइवाज को 47-31 के अंतर से हराते हुए अंक तालिका में दूसरा स्थान हासिल कर लिया है। 18 मैचों में 10वीं जीत के साथ मुंबा ने तीन स्थान की छलांग लगाई है जबकि थलाइवाज को 17 मैचों में 10वीं हार मिली। मुंबा की जीत में डेब्यूटेंट अजित चव्हाण (10), जफर दानेश (9), मंजीत (8), लोकेश (4) और परवेश (3) ने चमक दिखाई। दूसरी ओर, थलाइवाज के लिए मोइन शफागी ने 10 अंक के साथ प्रभावित किया। साथ ही साईं प्रसाद ने भी पांच अंक



लिए। इस सीजन में हरियाणा स्टीलर्स ने बेंगलुरू बुल्स को हराते हुए प्लेऑफ का टिकट कटाया है। बहरहाल, मुंबा ने अच्छी शुरुआत करते हुए चार मिनट के भीतर 4-0 की लीड लेकर थलाइवाज के लिए सुपर टैकल आन कर दिया। जफर ने इसके बाद मल्टी प्वाइंटर के साथ ऑलआउट लेकर 9-0 की लीड ले ली। सातवें मिनट में हिमांशु ने थलाइवाज का खाता खोला। थलाइवाज ने हालांकि इसके बाद रफ्तार पकड़ी और 4-9 के स्कोर पर मुंबा के लिए सुपर टैकल ऑन कर दिया। शफागी लगातार अंक ले रहे थे और उनकी इस शानदार सफलता के दम पर थलाइवाज ने ऑल आउट लेकर स्कोर 9-10 कर दिया। ब्रेक के बाद चार मिनट के खेल में मुंबा ने 1 के मुकाबले चार अंक लेकर स्कोर 14-10 कर दिया। काफी देर बाद शफागी ने जफर का शिकार कर थलाइवाज के लिए अंक लिया।

अगली रेड पर अजित चव्हाण ने शफागी को आउट कर दिया। इसके बाद हालांकि हिमांशु ने बोनस लिया और नितेश ने मंजीत का शिकार कर स्कोर 13-15 कर दिया। फिर अजीत ने मल्टी प्वाइंटर के साथ स्कोर 17-13 कर थलाइवाज के लिए सुपर टैकल ऑन कर दिया। थलाइवाज इसका लाभ नहीं ले सके और ऑल आउट हो गए। हाफटाइम तक मुंबा 22-14 से आगे हो गए थे। इसके बाद मंजीत ने रौनक और बस्तामी को आउट कर लीड 10 की कर दी। शफागी ने हालांकि रिंकू और लोकेश को आउट कर फासला फिर 8 का कर दिया। शफागी ने फिर मंजीत को एंकल होल्ड कर दिया लेकिन फिर डू ओर डाई रेड पर वह लपक लिए गए। अब मुंबा 26-17 से आगे थे। इसके बाद साई ने एक अंक लिया तो जफर ने डू ओर डाई रेड पर दो अंक ले लिए। थलाइवाज अंक ले रहे थे लेकिन मुंबा ने 8 और 9 का फासला बनाए रखा था। इस बीच मंजीत ने रौनक का शिकर कर अजीत को रिवाइव करा लिया। 30 मिनट के बाद मुंबा 30-22 से आगे थे।

# रातों रात बन गईं स्टार नीलम भारद्वाज

**नई दिल्ली.**

प्रतिभा के दम पर इंसान हर मुश्किल पार कर अपनी चमक बिखेर देता है। उत्तराखंड की 18 वर्षीय बल्लेबाज नीलम भारद्वाज ने उत्तराखंड के लिए खेलते हुए बुधवार को नगालैंड के खिलाफ दोहरा शतक जड़ दिया। वह वनडे में दोहरा शतक लगाने वाली भारत की सबसे युवा महिला क्रिकेटर बन गई हैं। उनकी पारी से उत्तराखंड ने 50 ओवर में 371 रन का विशाल स्कोर बनाया। जवाब में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से उत्तराखंड ने

नगालैंड की टीम को 47 ओवर में 112 रन पर समेट दिया।

नीलम वनडे क्रिकेट के किसी भी टूर्नामेंट में दोहरा शतक लगाने वाली भारत की तीसरी बल्लेबाज हैं। उनसे पहले स्मृति मंधाना और श्वेता सहरावत घरेलू क्रिकेट में दोहरा शतक लगा चुकी हैं। नीलम ने 137 गेंदों में नाबाद 202 रन की तूफानी पारी खेली। उन्होंने 27 चौके और दो छक्के लगाए। नीलम मीडियम पेसर भी हैं। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

उत्तराखंड के कुमाऊं क्षेत्र में रामनगर रेलवे स्टेशन के पास झुग्गियों में पली-बढ़ी नीलम का बचपन आर्थिक तंगी में बीता। उनके पिता नरेश भारद्वाज प्लाई फैक्ट्री में दिहाड़ी मजदूर थे।

# बड़ौदा और मुंबई के बीच दूसरा सेमीफाइनल

## सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के सेमीफाइनल का शेड्यूल

**बैंगलोर.**

सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2024 के क्वार्टर फाइनल मुकाबलों के बाद सेमीफाइनल की तस्वीर साफ हो गई है। बुधवार को खेले गए क्वार्टर फाइनल मुकाबलों के बाद 4 टीमें मुंबई, बड़ौदा, दिल्ली और मध्य प्रदेश ने सेमीफाइनल में जगह बनाई है. क्वार्टर फाइनल में बड़ौदा ने बंगाल को हराया तो मुंबई ने विदर्भ, दिल्ली ने उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश ने सौराष्ट्र को शिकस्त दी. टूर्नामेंट के सेमीफाइनल आज बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में होंगे. पहला सेमीफाइनल सुबह 11 बजे से बड़ौदा और मुंबई के बीच तो दूसरा सेमीफाइनल शाम 4.30 बजे से दिल्ली और मध्य प्रदेश के बीच खेला जाएगा. खिताबी मुकाबला रविवार 15 दिसंबर को बेंगलुरु में ही खेला जाएगा. आज बड़ौदा वर्सेस मुंबई, पहला सेमीफाइन सुबह 11 बजे से




शुरू होगा. आज ही शाम दिल्ली वर्सेस मध्यप्रदेश, दूसरा सेमीफाइन 4:30 बजे से शुरू होगा.

सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी क्वार्टरफाइनल में रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। बड़ौदा ने बंगाल को 41 रनों से हराया, जिसमें हार्दिक पंड्या ने 3/27 का शानदार प्रदर्शन किया। मध्य प्रदेश ने सौराष्ट्र के 170/6 के लक्ष्य को 6 विकेट रहते हासिल कर लिया। मुंबई ने 222 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए विदर्भ को 19.2 ओवर में 6 विकेट से हराया। दिल्ली ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अनुज रावत के 73 रन और प्रिंस यादव (3/36) की अनुशासित गेंदबाजी की बदौलत उत्तर प्रदेश को 19 रनों से हराया। वहीं दूसरे नॉकआउट मैच में दिल्ली का सामना मध्य प्रदेश से होगा। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के क्वार्टर फाइनल मुकाबले काफी रोमांचक रहे। बड़ौदा ने बंगाल को 41 रनों से शिकस्त दी। इस मैच में हार्दिक पंड्या ने 27 रन देकर तीन विकेट चटकाए। वहीं, मध्य प्रदेश ने सौराष्ट्र को चार विकेट से हराया। जबकि मुंबई ने विदर्भ के 222 रन के टारगेट को चेज करते हुए चार विकेट शिकस्त दी। इसी तरह दिल्ली ने अनुज रावत के 73 रन और प्रिंस यादव (3/36) की शानदार गेंदबाजी के दम पर यूपी को 19 रनों से शिकस्त दी।

# 13 से 19 जनवरी तक होगा खो-खो विश्व कप शिविर

**नई दिल्ली.**

भारत की मेजबानी में अगले महीने 13 से 19 जनवरी तक होने वाले खो-खो विश्व कप के लिए भारतीय टीम का प्रशिक्षण शिविर 10 दिसंबर से यहां के जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में शुरू हो गया है। इस ट्रेनिंग कैंप में देश भर से चुने गए 60 महिला और 60 पुरुष खिलाड़ी शिरकत करेंगे। इस शिविर में खिलाड़ियों को खेल विशेषज्ञों द्वारा पोल डाइविंग, टैपिंग, जिग जैग रनिंग, डाजिंग टैपिंग सहित खो-खो की कई बारीकियां सिखाई जाएगी। इस अभ्यास शिविर के बाद 15-15 सदस्यीय महिला और पुरुष टीम का विश्व कप के लिए चयन किया जाएगा। भारतीय राष्ट्रीय टीम मुख्य कोच अश्विनी शर्मा की देखरेख में एक महीने तक यह फिटनेस और प्रशिक्षण शिविर चलेगा। उन्होंने कहा, विश्व कप के लिए अंतिम टीमों का चयन प्रशिक्षण शिविर के दौरान उनके प्रदर्शन के आधार पर किया जाएगा। लगभग 16 कोच और सहायक कर्मचारी खिलाड़ियों को इस महत्वपूर्ण आयोजन की



तैयारी में सहायता करेंगे। भारतीय खो-खो महासंघ (केकेएफआई) ने खिलाड़ियों के लिए एक खेल मनोवैज्ञानिक को भी नियुक्त किया है। वह खिलाड़ियों को चुनौतियों का सामना करने, दबाव को रोकने और मानसिक थकान से निपटने में मदद करेंगे। उन्होंने कहा कि योग, ध्यान, आहार विशेषज्ञ और फिजियोलॉजी जैसे विभिन्न विषयों के प्रसिद्ध विशेषज्ञ खिलाड़ियों के प्रदर्शन, मानसिक दृढ़ता और स्वास्थ्य को अनुकूलित करने के लिए टीम भावना, सहयोग और आपसी समझ पैदा करने के लिए प्रशिक्षण शिविरों के दौरान विभिन्न विषयों पर ध्यान केंद्रित करेंगे। भारतीय खो-खो महासंघ के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल ने कहा कि प्रशिक्षण शिविर की औपचारिक शुरुआत से पहले दो दिनों के दौरान खिलाड़ियों की शारीरिक स्थिति के लिए सभी आवश्यक चिकित्सा परीक्षण किए जाएंगे। खिलाड़ियों के रहने और खाने की व्यवस्था जवाहर लाल नेहरू साई छात्रावास में की जाएगी जो प्रशिक्षण शिविर स्थल से 100 मीटर की दूरी पर है। सभी खिलाड़ियों को निःशुल्क आवास सुविधा तथा 20,000 मूल्य की खेल किट उपलब्ध कराई जाएगी।

# कांग्रेस ने बैंकों को एटीएम की तरह इस्तेमाल किया

## > राहुल के आरोपों पर सीतारमण का पलटवार

**नई दिल्ली.**

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की आलोचना की। मोदी सरकार के कार्यकाल के दौरान सार्वजनिक बैंकों (पीएसबी) के कामकाज को लेकर कांग्रेस सांसद के निराधार बयानों के लिए उन्हें घेरा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल के दौरान उनके व्यापारी मित्रों के लिए एटीएम के रूप में माना जाता था। बता दें कि इससे पहले राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के जरिए केंद्र पर पीएसबी को अमीर और शक्तिशाली निगमों के लिए निजी फाइनेंसर्स में बदलने का आरोप लगाया था। उनके इन आरोपों के बाद निर्मला सीतारमण ने पलटवार किया।

राहुल गांधी ने आरोप लगाते हुए कहा था, सार्वजनिक बैंकों को प्रत्येक नागरिक को ऋण तक पहुंच प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया था। मोदी सरकार ने इसे अमीर और शक्तिशाली निगमों के लिए निजी फाइनेंसर्स में बदल दिया।कांग्रेस सांसद के इस आरोप पर निर्मला सीतारमण ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा, "विपक्ष के नेता राहुल गांधी का एकबार फिर आधारहीन बयान देने का दौर शुरू हो गया है। भारत के बैंकिंग क्षेत्र विशेष रूप से सार्वजनिक बैंकों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में बहुत बड़ा बदलाव देखा है। क्या नेता प्रतिपक्ष से मिलने वाले लोगों ने उन्हें यह नहीं बताया कि कांग्रेस के कार्यकाल के दौरान अंधाधुंध ऋण



देने देने के परिणामस्वरूप पीएसपी के कामकाज में गिरावट आई थी। इसके साथ ही उन्होंने जन धन योजना, पीएम मुद्रा, स्टैंड-अप इंडिया जैससी योजनाओं पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी द्वारा तथ्यों को गलत तरीके से पेश करना पीएसबी के कर्मचारियों और उन नागरिकों का अपमान है, जिन्हें बैंकिंग प्रणाली से लाभ मिलता है।

### 'क्रोनीज' को ऋण देने के लिए मजबूर किया गया

सीतारमण ने कहा कि कांग्रेस के कार्यकाल में पीएसपी को एटीएम के रूप में इस्तेमाल किया गया। कांग्रेस के सरकारी कार्यकर्ताओं द्वारा बैंकों को फोन बैंकिंग के माध्यम से 'क्रोनीज' को ऋण देने के लिए मजबूर किया गया था। केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा, "क्या नेता प्रतिपक्ष से मिलने वाले लोगों ने उन्हें यह नहीं बताया कि हमारी सरकार ने 2015 में एक समीक्षा की थी, जिसमें कांग्रेस सरकार की फोन बैंकिंग का पता चला था। सीतारमण ने बताया कि पीएम मोदी के कार्यकाल में पीएसबी को 3.26 लाख करोड़ रुपये का फिर से पूंजीकरण के माध्यम से समर्थन दिया गया।

# उत्तर भारत में शीत लहर

## > दक्षिण भारत के 4 राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट

**नई दिल्ली.**

दिल्ली एनसीआर और देश के अन्य उत्तर भारतीय राज्यों में शीत लहर का प्रकोप बना हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले 5 दिनों तक इन राज्यों में शीत लहर जारी रहेगी। मौसम विभाग ने कहा "अगले पांच दिनों के दौरान उत्तर-पश्चिम और उससे सटे मध्य भारत में अलग-अलग स्थानों पर शीत लहर की स्थिति रहने की संभावना है। वहीं, दक्षिण भारतीय राज्यों में भारी बारिश के चलते परेशानी बनी हुई है। मौसम विभाग ने चार राज्यों के लिए अलर्ट जारी किया है।

दक्षिण भारत के चार राज्यों में भारी बारिश को लेकर चेतावनी जारी की गई है। तमिलनाडु और पुडुचेरी के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, केरल, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि कश्मीर के गुलमर्ग और सोनमर्ग में आज ताजा हिमपात हुआ, जबकि घाटी के ऊंचाई



वाले अन्य इलाकों में रुक-रुककर हिमपात जारी रहा। आसमान में बादल छाए रहने से श्रीनगर समेत पूरी घाटी में रात के तापमान में सुधार हुआ है। हालांकि न्यूनतम तापमान पूरी घाटी में हिमांक बिंदु से नीचे बना हुआ है। श्रीनगर शहर में न्यूनतम तापमान शून्य से तीन डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। गुलमर्ग में न्यूनतम तापमान शून्य से छह डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने कहा कि जम्मू कश्मीर में ताजा पश्चिमी विक्षोभ के कारण आज छिटपुट स्थानों, विशेषकर घाटी के ऊंचे इलाकों में हल्की बारिश या हिमपात की संभावना है।

राजस्थान में मंगलवार रात सीकर 1.5 डिग्री सेल्सियस के साथ राज्य में सबसे ठंडा रहा। मौसम विभाग ने बताया कि राज्य में कई स्थानों पर न्यूनतम तापमान 1.5 से 10.8 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा। राज्य भर में मौसम अधिकतर शुष्क रहा। एक या दो स्थानों पर अत्यधिक शीतलहर की स्थिति दर्ज की गई, जबकि कई अन्य स्थानों पर शीतलहर की स्थिति देखी गई।

# जिंदगी से जंग हार गया आर्यन

## > 56 घंटे बाद निकाला गया था बाहर, थम गई थी सांसें

**दौसा.**

राजस्थान के दौसा जिले में तीन दिन पहले बोरवेल में गिरे 5 साल के बच्चे आर्यन को नहीं बचाया जा सका. आर्यन को बचाने के लिए बोरवेल के पास खुदाई के सभी प्रयास असफल होने के बाद प्रशासन ने बचाव कर्मियों को उसके शरीर में हुक लगाकर उसे बाहर खींचने की अनुमति दी. करीब 56 घंटे बाद आर्यन को रेस्क्यू टीम ने बोरवेल से अंकुश के जरिए बाहर तो निकाल लिया, लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका.

दौसा जिले के कालीखाड़ गांव में 9 दिसंबर की दोपहर से रेस्क्यू ऑपरेशन चल रहा था. उसी दिन दोपहर करीब 3 बजे आर्यन अपनी मां के सामने ही खुले बोरवेल में गिर गया था. हादसा घर से करीब 100 फीट की



दूरी पर हुआ था. 9 दिसंबर की रात 2 बजे के बाद से बोरवेल के अंदर बच्चे का कोई मूवमेंट नहीं देखा गया था. मेडिकल टीम लगातार बोरवेल में ऑक्सीजन सप्लाई कर रही थी.

एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, सिविल डिफेंस और बोरवेल की जानकारी रखने वाले विशेषज्ञों की टीमें लगातार आर्यन को बचाने के प्रयास में जुटी रहीं. पाइलिंग मशीन से बोरवेल के पास करीब 125 फीट गहरा गड्ढा खोदा गया, लेकिन बाद में मशीन खराब हो गई. तीन-चार घंटे तक रेस्क्यू ऑपरेशन बाधित रहा. इसके बाद दूसरी पाइलर मशीन मंगाकर गड्ढे को 150 फीट गहरा किया गया. इसके बाद बोरवेल के पैरेलल एक टनल बनाने की कोशिश शुरू हुई. लेकिन कोई भी तरकीब काम नहीं आई. बोरवेल के अंदर मिट्टी धंसकर बच्चे के ऊपर गिर गई थी. आखिरकार दौसा कलेक्टर देवेंद्र कुमार की मौजूदगी में रेस्क्यू टीम को आर्यन को हुक के सहारे बोरवेल से बाहर खींचने की अनुमति दी गई. मौके पर एंबुलेंस और मेडिकल टीम तैनात थी. जैसे ही बच्चा बोरवेल से बाहर निकला, उसे एंबुलेंस से हॉस्पिटल ले जाया गया. वहां जांच के बाद डॉक्टरों ने बताया कि बोरवेल के अंदर ही उसकी मौत हो चुकी थी.

# एक और 'गेमचेंजर' ड्रोन बना रहा ईरान

**नई दिल्ली.**



ड्रोन, मौजूदा समय में एक ऐसा हथियार है जो किसी भी युद्ध की दशा और दिशा तय करने का दमखम रखता है. यह एक वर्साटाइल वेपन है दो दुश्मन पर अटैक के साथ-साथ जासूसी और निगरानी में भी मदद करता है. दुनिया के तमाम पावरफुल देश घातक ड्रोन बनाने या खरीदने की होड़ में शामिल हो चुके हैं, लेकिन इस रेस में एक ऐसा मुल्क आगे निकल चुका है जिसकी पश्चिमी देशों से बिलकुल नहीं बनती. हम बात कर रहे हैं ईरान की, सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामेनेई का मुल्क नए जमाने का हथियार बनाने में सबसे आगे है. दशकों से सैकड़ों अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंध झेल रहे ईरान ने रणनीतिक तौर पर खुद को ड्रोन निर्माण के क्षेत्र में एक प्रमुख शक्ति के तौर पर स्थापित कर लिया है.

रूस-यूक्रेन युद्ध हों या इजराइल पर हमास और हिजबुल्लाह के हमले इनमें ईरानी ड्रोन्स ने अपनी ताकत का मुजाहिरा बखूबी किया है. ईरान ने 1980 के दशक में ही छोटे आकार के इस हथियार की जरूरत और ताकत को समझ लिया था,


# राज्य की स्थिति नाजुक

## > स्थायी समाधान में समय लगेगा : सीएम बीरेन सिंह

**इम्फाल.**

मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने बताया कि केंद्र और राज्य सरकार पिछले डेढ़ साल से जारी संकट से निपटने के लिए स्थाई समाधान लाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य की स्थिति नाजूक होने के कारण इसमें समय लग सकता है। नुपी लान को याद करते हुए एक कार्यक्रम में सीएम बीरेन सिंह ने बताया कि राज्य सरकार ने केंद्र से पुलिस स्टेशनों से अफस्पा को हटाने की भी अपील की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम बीरेन सिंह ने कहा, "राज्य और केंद्र सरकार मणिपुर में स्थायी समाधान लाने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है। राज्य की स्थिति नाजुक है, इसलिए स्थायी समाधान में समय लगेगा। छह



पुलिस थानों में अफस्पा को फिर से लागू करने पर उन्होंने कहा, "राज्य सरकार ने केंद्र से उक्त पुलिस स्टेशनों से अफस्पा हटाने की अपील की। मुख्यमंत्री बीरेन सिंह ने कहा कि 1904 और 1939 में अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोह में मणिपुरी महिलाओं द्वारा निभाई गई भूमिका को याद करने के लिए नुपी लान नुमिट को हर साल मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि दो ऐतिहासिक घटनाओं में महिलाओं का योगदान रहा है। सीएम सिंह ने आगे कहा, "हमें 1819-1826 के दौरान बर्मी लोगों को बाहर करने में मणिपुरी महिलाओं द्वारा दिखाई गई बहादुरी और साहस को भी याद रखना चाहिए। मणिपुर के मुख्यमंत्री ने कहा, "मणिपुरी महिलाओं ने सामाजिक, आर्थिक, कला-संस्कृति और खेल के क्षेत्र में भी योगदान दिया है। राज्य सरकार ने महिलाओं की कड़ी मेहनत और प्रतिबद्धता को देखते हुए महिला कल्याण योजनाएं शुरू की हैं। इसमें इमा नोंगथांगलेइमा याइफा तेंगबांग योजना भी शामिल है। इसके तहत 40 वर्ष से अधिक उम्र वाली बेरोजगार महिलाओं को हर महीने 500 रुपये वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।" उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सदन में पारित महिला आरक्षण बिल पर भी जोर दिया।

# कंगना रनौत की बढ़ सकती हैं मुश्किलें

**नई दिल्ली.**

राष्ट्रद्रोह वाद के केस में सांसद फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत गुरुवार को भी स्पेशल कोर्ट एमपी एमएलए अनुज कुमार सिंह की कोर्ट में हाजिर नहीं हुई। उनकी तरफ से कोई अधिवक्ता भी हाजिर नहीं हुआ। कोर्ट ने अगली सुनवाई के लिए 18 दिसंबर की तारीख तय कर दी।

राजीव गांधी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिवक्ता रमाशंकर शर्मा ने फिल्म अभिनेत्री और भाजपा सांसद कंगना रनौत के खिलाफ अदालत में वाद दायर किया था। स्पेशल कोर्ट एमपी-एमएलए अनुज कुमार सिंह ने कोर्ट में धारा 200 सीआरपीसी के तहत अधिवक्ता के बयान दर्ज हुए थे।



अधिवक्ता ने वाद पत्र में लिखा है कि वह देश के किसानों के प्रति और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के प्रति पूर्ण रूप से श्रद्धा भाव एवं सम्मान रखते हैं। 26 अगस्त 2024 को भाजपा सांसद कंगना रनौत ने टीवी चैनलों पर दिए साक्षात्कार में किसानों पर अभद्र टिप्पणी की। इसके पहले 16 नवंबर 2021 को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के अहिंसात्मक सिद्धांत का मजाक उड़ाया था।

# संसद में राहुल का व्यवहार कॉलेज के लड़कों जैसा

## > नड्डा का कांग्रेस पर हमला, खरगे को भी घेरा

**नई दिल्ली.**

केंद्रीय मंत्री और भाजपा प्रमुख जेपी नड्डा ने बृहस्पतिवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे पर हमला बोला। नड्डा ने संसद में उपराष्ट्रपति की नकल करने के लिए सांसदों को उकसाने पर राहुल गांधी को कॉलेज का लड़का बताया। साथ ही उपराष्ट्रपति के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने के खरगे के कदम की निंदा की।

केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि भारत में उपराष्ट्रपति का पद सांविधानिक है। संसद में उनकी नकल की जा रही है और राहुल गांधी इसका वीडियो बनाते हुए सांसदों को ऐसा करने के लिए उकसा रहे हैं। यह सब देखकर मुझे तो अपने कॉलेज के दिनों की याद आ गई। जब विपक्ष और सत्ताधारी दलों के छात्र ऐसा व्यवहार करते थे। राहुल गांधी ने भी कॉलेज के लड़के की तरह व्यवहार किया। उनका नकल करना पूरी तरह से उनकी अपरिपक्वता को दर्शाता है। कांग्रेस और सोनिया गांधी ने इसके खिलाफ एक शब्द भी नहीं कहा।

नड्डा ने कहा कि कांग्रेस ने कई बार लोकतांत्रिक व्यवस्था को प्रभावित किया है। कांग्रेस मुद्दों को टालना और भटकाना चाहती है। इससे देश के लोग काफी परेशान हैं। जॉर्ज सोरोस नाम का व्यक्ति देश की स्थिरता को प्रभावित करना चाहता है। देश जानना चाहता है कि जॉर्ज सोरोस और सोनिया के गांधी के बीच क्या संबंध हैं? हम जनता के



बीच जाएंगे और इस मुद्दे को उठाएंगे। इसके बाद नड्डा ने उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने पर खरगे की आलोचना की। जेपी नड्डा ने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने राज्यसभा के सभापति पर आरोप लगाए। मल्लिकार्जुन खरगे बहुत वरिष्ठ नेता हैं, उन्हें यह जानकारी होनी चाहिए कि सभापति का फैसला अंतिम और निर्विवाद होता है। इस तरह के आरोप लगाना निंदनीय है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है।

नड्डा ने कहा कि मल्लिकार्जुन खरगे को संसद में बोलने के लिए कई मौके दिए गए हैं, लेकिन उन्होंने ऑन रिकॉर्ड कहा है कि वह नहीं बोलेंगे। उन्हें बोलने के लिए चैंबर में भी आमंत्रित किया गया था, लेकिन उन्होंने इनकार कर दिया। इससे पता चलता है कि कांग्रेस पार्टी का मकसद सदन में सहयोग नहीं करना है। कांग्रेस संसद के कामकाज में व्यवधान पैदा करना चाहती है। इंडिया गठबंधन ने 10 दिसंबर को राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव सौंपा था।

# ट्रंप ने की दो और प्रमुख नियुक्तियां

**वाशिंगटन.**

अमेरिकी नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दो और प्रमुख नियुक्तियां की है। ट्रंप ने एंड्रयू फर्गुसन को फेडरल ट्रेड कमिशन (एफटीसी) के अगले प्रमुख के तौर पर नामित किया है। वहीं ग्रीस में अमेरिकी राजदूत के तौर पर किंबर्ली गिलफॉयल को नियुक्त किया है। फर्गुसन लीना खान की जगह लेंगे, जो अरबों डॉलर के कॉरपोरेट अधिग्रहणों को अवरुद्ध करके तथा प्रतिस्पर्धा-विरोधी व्यवहार का आरोप लगाते हुए अमेजन और मेटा पर मुकदमा दायर करके चर्चा का केंद्र बनीं।ट्रंप ने सोशल मीडिया मंच के जरिये किंबर्ली गिलफॉयल को ग्रीस के लिए अमेरिका का राजदूत नामित



किया। गिलफॉयल लंबे समय से ट्रंप की समर्थक रही हैं और उनके बेटे डोनाल्ड ट्रंप जूनियर से उनकी सगाई हुई थी। ट्रंप ने टॉम बराक को तुर्किये में राजदूत नियुक्त करने की घोषणा की और उन्हें एक सम्मानित और अनुभवी आवाज कहा। फर्ग्यूसन पहले से ही एफटीसी के पांच आयुक्तों में से एक हैं। बीते दिनों डोनाल्ड ट्रंप ने अपने प्रशासन में अहम नियुक्ति की।

# अवैध बांग्लादेशी-रोहिंग्या के खिलाफ एक्शन

**ढाका.**

अवैध तरीके से रह रहे बांग्लादेशी और रोहिंग्या के खिलाफ पुलिस स्पेशल ड्राइव चला रही है. राष्ट्रीय राजधानी के कई इलाकों में पुलिस का ये अभियान चल रहा है. बांग्लादेशी प्रवासियों और रोहिंग्या का पता लगाने के लिए पुलिस लोगों के दस्तावेजों की जांच कर रही है. शाहीन बाग



इलाके के कालिंदी कुंज और पूर्वी दिल्ली के सीमापुरी इलाके में खासतौर से पुलिस का ये अभियान चल रहा है. सीमापुरी इलाके में शुरुआती पूछताछ के दौरान 32 गों को चिन्हित किया गया है.

जो कि अवैध बांग्लादेशी हैं, लेकिन इन लोगों के आधार कार्ड बनाए गए हैं. दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने पुलिस को निर्देश दिया है कि वह अवैध रूप से रहने वाले बांग्लादेशियों की पहचान के लिए 2 महीने का विशेष अभियान चलाए और अवैध रूप से रहने वाले बांग्लादेशियों के खिलाफ कार्रवाई करे.

### > इलाके में हो रही कागजों की जांच

कालिंदी कुंज के श्रम विहार इलाकों में बहुतायत में रोहिंग्या और बांग्लादेशी रहते हैं. पुलिस ने सीमापुरी की झुग्गियों में रहने वाले लोगों के आधार कार्ड, पेन कार्ड और अन्य जरूरी कागजात जांच किए. जांच करने के दौरान झुग्गी में रहने वाले लोगों ने इसका विरोध करना शुरू कर दिया. लोगों का कहना है कि वो दिल्ली में पिछले 35 से 40 साल से रह रहे हैं.

# सिपाही ने मथुरा में की आत्महत्या

**नई दिल्ली.**

छुट्टी पर जिला मथुरा स्थित घर गए सैदनगली थाने में तैनात सिपाही रवि कुमार (26) ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। इसकी सूचना से थाने में शोक की लहर दौड़ गई। सिपाही शादी के लिए लड़की देखने



की जाने की बात कहकर थाने से तीन दिन की छुट्टी लेकर गया था।सैदनगली थाना प्रभारी दिनेश कुमार शर्मा ने बताया कि मूल रूप से जनपद मथुरा के थाना नौगावा झील के गांव तिलक गढ़ी निवासी रवि कुमार वर्ष 2021 में पुलिस विभाग में सिपाही के पद पर तैनात हुआ था।

करीब चार माह पहले उसकी तैनाती सैदनगली थाने में हुई थी। सीओ दीप कुमार पंत ने बताया कि सिपाही रवि कुमार 11 दिसंबर की सुबह को तीन दिन की छुट्टी लेकर अपने घर गया था। सिपाही ने बताया था कि शादी के लिए लड़की देखने जाना है। बुधवार की रात सिपाही ने घर पर ही फंदा लगाकर

# ममता होंगी इंडिया ब्लॉक की 'कप्तान'?

## > टीएमसी ने समर्थन करने वालों का जताया आभार

**नई दिल्ली.**

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इंडिया गठबंधन के संभावित नेता के रूप में उनका समर्थन करने के लिए विपक्षी दलों के वरिष्ठ नेताओं का आभार व्यक्त किया. पूर्वी मेदिनीपुर जिले की यात्रा के दौरान मीडिया कर्मियों से बात करते हुए ममता बनर्जी ने इंडिया ब्लॉक की सफलता के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई और उनके नेतृत्व में विश्वास जताने के लिए विपक्षी दलों के नेताओं के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की.

ममता बनर्जी ने कहा, 'उन्होंने मुझे जो सम्मान दिया है, उसके लिए मैं सभी की आभारी हूं. मैं उनके अच्छे स्वास्थ्य के लिए प्रार्थना करती हूं. मैं चाहती हूं कि वे नेता और उनकी पार्टियां भी अच्छी रहें. मैं यह भी चाहती हूं कि भारत ठीक रहे. मैंने इंडिया ब्लॉक का गठन किया था; अब इसकी देखभाल करना मोर्चे का नेतृत्व

### ममता के नेतृत्व को लेकर कांग्रेस की राय अलग

सांसद मनिकम टैगोर समेत कांग्रेस नेताओं ने टीएमसी के राष्ट्रीय प्रभाव पर सवाल उठाते हुए इस मांग को खारिज कर दिया. टैगोर ने कहा, 'बंगाल के अलावा, टीएमसी का स्ट्राइक रेट क्या है? गोवा, त्रिपुरा, मेघालय और असम में क्या हुआ? टीएमसी को इसका जवाब देना चाहिए.' दो दर्जन से अधिक विपक्षी दलों वाले इंडिया ब्लॉक को आंतरिक समन्वय के साथ चुनौतियों का सामना करना पड़ा है, लेकिन ममता बनर्जी आशावादी बने हुई हैं.



करने वालों पर निर्भर है. अगर वे इसे एकजुट नहीं रख सकते, तो मैं क्या कर सकती हूं? मैं बस यही कहूंगी कि सभी को साथ लेकर चलने की जरूरत है.' राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव, समाजवादी पार्टी के नेता उदयवीर सिंह और वाईएसआरसीपी के राज्यसभा सांसद विजयसाई रेड्डी सहित कई प्रमुख विपक्षी नेताओं ने इंडिया ब्लॉक को लीड करने के लिए ममता बनर्जी के पक्ष में अपना समर्थन जताया है.

# तालिबान के मंत्री हक्कानी समेत 12 की मौत

**काबुल.**

अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में एक बड़ा विस्फोट हुआ है.बुधवार को काबुल में शरणार्थी मंत्रालय के परिसर में हुए विस्फोट में तालिबान के शरणार्थी मंत्री खलील रहमान हक्कानी और उनके 3 बॉडीगार्ड्स समेत 12 लोगों की मौत हो गई. रिपोर्ट्स के मुताबिक यह हमला उस समय हुआ जब हक्कानी खोस्त से आए लोगों के एक समूह की मेज़बानी कर रहे थे. न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक तालिबान सरकार के प्रवक्ता ने हमले में हक्कानी के मारे जाने की पुष्टि की है.

राजधानी काबुल में मंत्रालय के परिसर में यह विस्फोट कैसे हुआ और किन लोगों ने अंजाम दिया इसे लेकर फिलहाल ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है. हालांकि आंतरिक मंत्रालय से मिली जानकारी के आधार पर इसे एक आत्मघाती हमला बताया है, जो काबुल में शरणार्थी मंत्रालय के परिसर में अंजाम दिया गया. धमाके में आत्मघाती हमलावर की भी मौत हो गई और कई लोग घायल हो गए. खलील रहमान हक्कानी, तालिबान के आंतरिक मंत्री सिराजुद्दीन हक्कानी के चाचा और हक्कानी नेटवर्क के प्रमुख व्यक्तियों में से थे, उन्हें अगस्त 2021 में अफगानिस्तान की सत्ता में तालिबान की वापसी के बाद को शरणार्थियों के कार्यवाहक मंत्री के तौर पर नियुक्त किया गया था. शुरुआती रिपोर्टों से दावा किया जा रहा है कि यह हमला इस्लामिक स्टेट और तालिबान के बीच चल रहे संघर्ष के बीच एक टारगेटेड अटैक हो सकता है.

# सरकारी वकीलों की गैरहाजिरी पर सुको नाराज

**नई दिल्ली.**

सुप्रीम कोर्ट ने सरकारी वकीलों के अलग-अलग मामलों की सुनवाई से गायब रहने पर कड़ी नाराजगी जताई है। सुप्रीम कोर्ट ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि हमें सरकारी अधिकारियों को यहां बुलाकर कोई खुशी नहीं मिलती है। एक दिव्यांग मेडिकल अभ्यर्थी के प्रवेश को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई के दौरान सरकार के लापरवाह रवैये पर न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने चिंता जताई। इस मामले में बुधवार को वकील के अनुपस्थित रहने पर कोर्ट ने केंद्र के स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय के महानिदेशक को उपस्थित होने का आदेश दिया था।मामले में शीर्ष अदालत ने बुधवार को सुनवाई की, लेकिन कोई वकील उपस्थित नहीं हुआ। कोर्ट ने कहा था कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि दिव्यांग व्यक्ति के



मामले में नोटिस के बावजूद कोई भी उपस्थित नहीं हुआ। इस पर कोर्ट ने केंद्र के स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय के महानिदेशक को गुरुवार को उपस्थित होने का आदेश दिया था।

गुरुवार को अधिकारी और केंद्र के वकील अतिरिक्त महाधिवक्ता विक्रमजीत बनर्जी पीठ के समक्ष उपस्थित हुए।इस पर न्यायमूर्ति बीआर गवई ने कहा कि यह क्या है? नोटिस जारी कर दिए गए हैं और आप पेश होने की जहमत भी नहीं उठाते। यह पहली बार नहीं हो रहा है। कई मौकों पर भारत सरकार की ओर से यहां कोई मौजूद नहीं होता। हमने अधिकारी को उपस्थित रहने का निर्देश इसलिए दिया था क्योंकि विधिवत आदेश के बावजूद 11 दिसंबर को सुनवाई के दौरान अधिकारी की ओर से कोई वकील उपस्थित नहीं हुआ था।

अदालत ने कहा कि हमने वकील का शाम चार बजे तक इंतजार किया लेकिन जब केंद्र की ओर से कोई भी उपस्थित नहीं हुआ, तो आदेश पारित कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जब मामला दिव्यांग व्यक्तियों से संबंधित होता है तो हम जवाब की अपेक्षा करते हैं। सरकार के पास बहुत सारे पैनल वकील हैं।

आप कुछ अदालतों को पैनल वकील क्यों नहीं सौंपते, ताकि कम से कम जब किसी की सहायता की आवश्यकता हो, तो कोई तुरंत वहां पहुंच सके। दिव्यांग की याचिका पर सुनवाई करते हुए पीठ ने उसे राजस्थान के एक सरकारी मेडिकल कॉलेज में दाखिला देने का निर्देश दिया।